

कांग्रेस नेता शिव कुमार ने विधान सभा में आरएसएस का गीत गाकर सबको चौंकाया - 12



आरबीआई के निदेशक मंडल ने वैश्विक घरेलू आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की - 12



यूएसएड ने भारत में मतदान के लिए नहीं दिए 2.1 करोड़ डॉलर - 13



बेंगलुरु से छिन गई महिला विश्व कप मैचों की मेजबानी - 14

आज का मौसम
33.3° अधिकतम तापमान
26.4° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.42
सूर्यास्त 06.36


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

भाद्रपद कृष्ण पक्ष अमावस्या 11:36 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

शनिवार, 23 अगस्त 2025, वर्ष 35, अंक 205, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## हटाए गए मतदाता दोबारा कर सकेंगे आवेदन

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बाहर हुए व्यक्तियों को ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरीकों से अपने दावे दर्ज कराने की अनुमति देने का शुक्रवार को निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आधार कार्ड संख्या और एसआईआर में स्वीकार्य 11 दस्तावेजों में से किसी एक के साथ दावा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने 65 लाख व्यक्तियों के मतदाता सूची से बाहर होने से संबंधित मामले में आपत्तियां दर्ज कराने के लिए राजनीतिक दलों के आगे नहीं आने पर आश्चर्य व्यक्त किया। न्यायालय ने बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिया कि वह अदालती कार्यवाही में राजनीतिक दलों को भी पक्षकार बनाएं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए आठ सितंबर की तारीख तय करते हुए कहा कि सभी राजनीतिक दल अगली सुनवाई तक उस दावा प्रपत्र के बारे में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करेंगे, जिसे दाखिल करने में उन्होंने मतदाता सूची से बाहर हुए व्यक्तियों की मदद की थी। पीठ ने चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मतदाता सूची से बाहर हुए व्यक्तियों के दावा प्रपत्र भौतिक रूप से जमा कराने वाले राजनीतिक दलों के बूथ स्तर के एजेंटों को पावती रसीद उपलब्ध कराएं। चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने न्यायालय से आग्रह किया कि वह चुनाव आयोग को यह दिखाने के लिए 15 दिन का समय दे कि कोई भी नाम सूची से बाहर नहीं किया गया है।

**बिहार मतदाता सूची**

- सुप्रीम कोर्ट ने सूची से हटाए गए लोगों को 11 दस्तावेजों के साथ दावे करने की दी अनुमति



### नाम दर्ज कराने को दो लाख से अधिक के दावे

आयोग ने पीठ को बताया कि मसौदा मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए लगभग 85,000 मतदाताओं ने अपने दावापत्र प्रस्तुत किए हैं और राज्य में एसआईआर के तहत दो लाख से अधिक नए व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आगे आए हैं। शीर्ष अदालत ने 14 अगस्त को निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया था कि वह बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मसौदा मतदाता सूची से बाहर रखे गए 65 लाख मतदाताओं का विवरण 19 अगस्त तक प्रकाशित करे। पीठ ने कहा था कि निर्वाचन आयोग को अपने ख़िलाफ़ गढ़े जा रहे विमर्श को खत्म करना चाहिए।

**ब्रीफ न्यूज**

### कर्नाटक के विधायक के खिलाफ ईडी के छापे

**बेंगलुरु।** ईडी ने शुक्रवार को कथित अवैध सट्टेबाजी से जुड़े धन शोधन मामले में कर्नाटक के कांग्रेस विधायक के सी वीरेंद्र पप्पी, उनके भाई और कुछ अन्य के खिलाफ कई राज्यों में छापे मारे। वीरेंद्र (50) चित्रदुर्ग विधानसभा सीट से विधायक हैं। राज्य विधानसभा सत्र के अंतिम दिन हुई ईडी की कार्रवाई पर विधायक की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले, बेंगलुरु और हुबली, जोधपुर (राजस्थान), मुंबई और गोवा में कम से कम 30 स्थानों पर धन शोधन अधिनियम के प्रावधानों के तहत तलाशी ली गई।

### संभल मस्जिद विवाद मामले में यथास्थिति रखने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संभल मस्जिद विवाद मामले में 25 अगस्त तक यथास्थिति बनाए रखने का शुक्रवार को आदेश दिया और हिंदू याचिकाकर्ताओं को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने यह आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत मस्जिद समिति द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद में संभल अदालत द्वारा दिए गए सर्वेक्षण के आदेश के खिलाफ दाखिल समिति की याचिका खारिज कर दी थी।

### एयर इंडिया की मुंबई जोधपुर उड़ान रद्द

**मुंबई।** मुंबई से जोधपुर जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान शुक्रवार को परिचालन संबंधी कारणों से निरस्त कर दी गई और विमान को वापस बे में लाया गया। विमानन कंपनी एयर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई। लेकिन इस बारे में कोई और जानकारी नहीं दी गई। कहा गया कि मुंबई से जोधपुर के लिए 22 अगस्त की उड़ान एआई645 परिचालन समस्या के कारण रद्द कर दिया गया।

### साइबर धोखाधड़ी गिरोह के 12 गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने देश के विभिन्न हिस्सों में कथित तौर पर लोगों से 60 .82 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले 12 लोगों (एक दंपति समेत) को गिरफ्तार कर एक साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि हाल ही में पकड़े गए आरोपियों में से पांच ने साइबर धोखाधड़ी के लिए अपने बैंक खाते और सिम कार्ड बेच दिए थे।

## 20 साल से अधिक पुराने वाहनों का नवीनीकरण शुल्क बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सड़क परिवहन मंत्रालय ने जारी किया आदेश

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 20 साल से पुराने मोटर वाहनों के पंजीकरण नवीनीकरण शुल्क में भारी वृद्धि की है। मंत्रालय ने कहा कि 20 साल से अधिक पुराने हल्के मोटर वाहनों के पंजीकरण को नवीनीकृत कराने का शुल्क 5,000 से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया गया है।

20 साल पुराने दोपहिया वाहनों के लिए नवीनीकरण शुल्क को 1,000 से बढ़ाकर 2,000 रुपये जबकि तिपहिया एवं क्वाड्रिसाइकिल के लिए शुल्क 3,500 से बढ़ाकर 5,000 रुपये कर दिया गया है।

आयातित दोपहिया और तिपहिया वाहनों के पंजीकरण नवीनीकरण पर अब 20,000 रुपये और चार पहिया या उससे बड़े आयातित वाहनों पर 80,000 रुपये का शुल्क देना होगा। इस संबंध में जारी मसौदा संशोधन को फरवरी में सार्वजनिक किया गया था और इसे 21 अगस्त को अंतिम रूप दिया गया। मंत्रालय ने इससे पहले अक्टूबर, 2021 में भी वाहन पंजीकरण और नवीनीकरण शुल्क बढ़ाया था।

# घुसपैठियों को प्रश्रय दे रहा विपक्ष हम बाहर निकाल कर रहेंगे : मोदी

## गया की रैली में प्रधानमंत्री ने कई मुद्दों पर इंडिया गठबंधन को घेरा

- गया और बेगूसराय जिलों में 13 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

गया जी (बिहार), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर आरोप लगाया कि वह सत्ता के उच्च स्तरों पर भ्रष्टाचार को समाप्त करने के उद्देश्य से उठाए गए कदमों का और देश की जनसांख्यिकी के समक्ष घुसपैठियों से उत्पन्न खतरे से निपटने के लिए किए गए उपायों का विरोध कर रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष निजी स्वार्थ के लिए घुसपैठियों को प्रश्रय दे रहा है, लेकिन हम उन्हें किसी भी कीमत पर देश से बाहर निकाल कर रहेंगे।

प्रधानमंत्री ने गयाजी में एक रैली में इस सप्ताह लोकसभा में अपनी सरकार द्वारा पेश किए गए संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 और बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा किए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का अप्रत्यक्ष रूप से उल्लेख किया। राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि दोनों विपक्षी दल संविधान (130वां संशोधन) विधेयक के खिलाफ हैं क्योंकि उनके अधिकतर नेता या तो जेल में हैं या जमानत पर हैं। उन्होंने परोक्ष रूप से दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जिक्र करते हुए कहा कि हमने एक खेदजनक स्थिति देखी है जिसमें सत्ता में बैठे लोग जेल से सरकार चला रहे हैं, सलाखों के पीछे से फाइलों पर हस्ताक्षर कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों में सामने आए अनेक घोटालों का भी जिक्र किया। कहा कि इसलिए हमने एक ऐसा कानून लाने का फैसला किया, जिसके तहत अगर कोई भ्रष्ट मुख्यमंत्री या यहां तक कि प्रधानमंत्री 30 दिन जेल में बिताता है तो उसे बर्खास्त किया जा सकता है।

मोदी ने आरोप लगाया कि एक और खतरा है जो हमारे देश के सामने है- घुसपैठियों का। उन्हें हमारे देश के संसाधनों में हिस्सेदारी की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसलिए, मैंने एक जनसांख्यिकीय मिशन की घोषणा की है। लेकिन कांग्रेस और राजद अपनी वोट बैंक की राजनीति के लिए इन घुसपैठियों को बचाना चाहती हैं। उनका इशारा एसआईआर की ओर माना जा रहा है, जिसका एक घोषित उद्देश्य बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमा से आए अवैध प्रवासियों के नाम मतदाता सूची से हटाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने गया और बेगूसराय जिलों के लिए 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की।



कोलकाता में मेट्रो रेल मार्ग के लोकार्पण के बाद छात्रों संग सफर करते पीएम मोदी।

### कोलकाता में तीन मेट्रो रेल मार्गों को हरी झंडी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कोलकाता में तीन नए मेट्रो रेल मार्गों का उद्घाटन किया, जिनमें यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए सीधी सेवा भी शामिल है। प्रधानमंत्री के साथ पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार भी थे। ग्रीन, येलो और ऑरेंज लाइनों में फैला 13 .61 किलोमीटर लंबा नेटवर्क, शहर की मेट्रो यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक है, जिसकी शुरुआत 1984 में हुई थी।

# आवारा कुत्तों को नसबंदी के बाद आश्रय स्थलों पर छोड़ें

## सिर्फ खूंखार और रैबीज संक्रमित को ही शेल्टर होम में रखें

**सुप्रीम कोर्ट का निर्देश**



नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों से छोड़ने पर रोक संबंधी अपने निर्देश को बहुत कठोर बताते हुए शुक्रवार को संशोधन किया। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि पकड़े गए आवारा कुत्तों को नसबंदी और कृमिहरण के बाद वापस उन्हीं क्षेत्रों में छोड़ दिया जाए, जहां से उन्हें उठाया गया था।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने आवारा कुत्तों से जुड़े मामले का दायरा दिल्ली-एनसीआर से आगे बढ़ाते हुए सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को इसमें पक्षकार बनाने का निर्देश दिया। इस पीठ में न्यायमूर्ति नाथ के अलावा न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया भी शामिल हैं।

पीठ ने कहा कि नगर निगम अधिकारी दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम से आवारा कुत्तों को उठाने और उनके लिए तुरंत आश्रय स्थल बनाने के 11 अगस्त के निर्देश का पालन करना जारी रखेंगे। पीठ ने आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों में स्थायी रूप से स्थानांतरित करने के दो न्यायाधीशों के 11 अगस्त के निर्देश को फिलहाल स्थगित कर दिया। कहा कि पकड़े गए आवारा कुत्तों की नसबंदी, कृमिहरण एवं टीकाकरण करके उन्हें उसी क्षेत्र में वापस छोड़ दिया जाएगा, जहां से उन्हें उठाया गया था। रैबीज से संक्रमित या आशंका वाले और आक्रामक व्यवहार वाले आवारा कुत्तों पर यह आदेश लागू नहीं होगा।

### सड़क पर खाना खिलाने पर लगाई रोक

शीर्ष अदालत ने नगर निकायों को प्रत्येक नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों के लिए समर्पित भोजन क्षेत्र बनाने के निर्देश दिए, जहां लोग उन्हें खाना खिला सकें। पीठ ने कहा कि निर्धारित भोजन क्षेत्रों के पास नोटिस बोर्ड लगाए जाने चाहिए, जिन पर इस बात का स्पष्ट जिक्र हो कि आवारा कुत्तों को केवल ऐसे क्षेत्रों में ही खाना खिलाया जाएगा। आवारा कुत्तों को सड़कों पर खाना खिलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निर्देशों का उल्लंघन कर सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाते पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आवारा कुत्तों को गोद ले सकते हैं पशु प्रेमी

पीठ ने कहा कि इच्छुक पशु प्रेमियों को आवारा कुत्तों को गोद लेने के लिए संबंधित नगर निकाय में आवेदन करने की छूट होनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना आवेदक की जिम्मेदारी होगी कि गोद लिया गया कुत्ता सड़कों पर वापस न आए। पीठ ने कहा कि विभिन्न उच्च न्यायालयों में समान मुद्दों से संबंधित कई याचिकाएं या स्वत: संज्ञान याचिकाएं लंबित हैं। रजिस्ट्री सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल से ऐसी लंबित रिट याचिकाओं के बारे में जानकारी मांगेगी। अगली सुनवाई आठ हफ्ते बाद निर्धारित की।

# आधुनिक, आत्मनिर्भर व विकसित होंगे जिला मुख्यालय : मुख्यमंत्री

- जिला मुख्यालयों की नगरपालिका में गौरव पथ, स्मार्ट क्लास रूम और ईवी स्टेशन के निर्देश
- योगी ने की नगर विकास विभाग की समीक्षा, कहा-नगरीय निकायों का हो अपना भवन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जिला मुख्यालयों वाली नगर पालिकाओं को आधुनिक, आत्मनिर्भर और और नागरिक केंद्रित स्वरूप में विकसित करने की योजना का क्रियान्वयन शुरु करने के निर्देश दिए हैं। इन नगरों में गौरव पथ, स्मार्ट क्लासरूम, ईवी स्टेशन व डिजिटल सेवाएं होंगी। साथ ही हब-एंड-स्पोक मॉडल से जोड़कर आधुनिक निगरानी व सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर निकायों के पास अपना भवन होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि इस योजना को हब-एंड-स्पोक मॉडल पर लागू किया जा सकता है। उदाहरणस्वरूप, लखनऊ और गोरखपुर स्थित एकीकृत कमांड एवं कंट्रोल सेंटर से समीपवर्ती जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को जोड़ा जा सकता है। इससे नगर पालिकाओं को सुरक्षा, निगरानी और शिकायत निवारण जैसी सेवाओं में आधुनिकता मिलेगी और संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होगा।

अधिकारियों ने बताया कि योजना के अंतर्गत नगर पालिकाओं में गौरव पथ, पिंक टॉयलेट, शहरी सुविधा केंद्र, स्मार्ट क्लासरूम व आंगनबाड़ी, थीम आधारित पार्क, ऐतिहासिक धरोहर संरक्षण, जलाशयों का पुनर्जीवन, ईवी चार्जिंग स्टेशन, ग्रीन क्रेमेटोरियम और डिजिटल सेवाओं जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उत्सव भवन, सामुदायिक केंद्र और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' आधारित ढांचे भी स्थापित किए जाएंगे। नगर निकायों को 4 से 10 करोड़ तक का अनुदान देने का प्रस्ताव है। बैठक में नगर निकायों की वित्तीय स्वीकृति सीमाओं का बीते 20 वर्षों से न बढ़ने को लेकर योगी ने कहा कि नगर निकायों को अधिक वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार मिलने चाहिए।



नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### अनुबंध पर चलेंगी 200 इलेक्ट्रिक बसें, लखनऊ में बनेगा अंतरराष्ट्रीय शूटिंग रेंज व खेल परिसर

बैठक में लखनऊ और कानपुर में 200 इलेक्ट्रिक बसों को नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मोड पर संचालित करने और अन्य नगरों में 650 बसों की खरीद का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। इस पर मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रिक बसों को प्रोत्साहित करने का निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए आवश्यक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर भी शीघ्र तैयार किया जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में लखनऊ में शहीद चंद्रशेखर आज़ाद अंतरराष्ट्रीय शूटिंग रेंज एवं बहुउद्देश्यीय खेल परिसर की स्थापना के भी निर्देश दिए। कहा कि इन परियोजनाओं को पीपीपी मोड पर प्राथमिकता के साथ प्रारम्भ किया जाए।

## आधार कार्ड फर्जीवाड़ा : दो सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी एटीएस ने फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह के दो और सदस्यों को शुक्रवार को सहारनपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, पहचान पत्र, समेत कई सामान बरादम किया गया है।

एटीएस अधिकारी के मुताबिक गुरुवार को फर्जी आधार कार्ड बनाकर रोहिंग्या, बांग्लादेशी व नेपालियों को भारतीय नागरिकता के पहचान पत्र बनाने वाले गिरोह का खुलासा किया। एटीएस ने गुरुवार को आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों से पूछताछ के बाद सहारनपुर से जुड़े सदस्यों के बारे में जानकारी मिली। एटीएस की टीम ने छापा डालकर बेहट के मझेड़ी गांव निवासी अक्षय सैनी और हलालपुर चिलकाना रोड निवासी तालिब अंसारी को गिरफ्तार किया है।

### बरेली से तीन बांग्लादेशी बहनें गिरफ्तार

**बरेली।** प्रेमनगर पुलिस ने लंबे समय से अवैध तरीके से रह रहीं तीन बांग्लादेशी बहनों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। दरोगा वीरेश भारद्वाज ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि ग्राम शीकरी थाना बैनापुलपोर्ट जिला जेस्सोर खुलना बांग्लादेश की मुनारा बी, सायरा बानो और तसलीमा मुनारा अपनी पहचान छिपाकर लंबे समय से रह रही थीं। प्रेमनगर थाना प्रभारी आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि तीनों बहनों से गंभीरता से पूछताछ की जा रही है।

## उद्यमिता-परोपकार की विरासत छोड़ गए लॉर्ड स्वराज पॉल

**नई दिल्ली।** जालंधर की गलियों से ब्रिटेन तक का सफर तय करने वाले लॉर्ड स्वराज पॉल अपने पीछे उद्यमिता एवं परोपकारी कामों की समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। ब्रिटेन स्थित कपारो उद्योग समूह के संस्थापक लॉर्ड पॉल को अस्वस्थ होने पर हाल ही में अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने 21 अगस्त की शाम को अंतिम सांस ली। वह 94 वर्ष के थे। प्यारे लाल के घर में 18 फरवरी, 1931 को जन्मे लॉर्ड पॉल ने ब्रिटेन में कपारो ग्रुप की स्थापना की। हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य लॉर्ड पॉल को 1983 में भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। पीएम मोदी ने निधन पर शोक व्यक्त किया।



- 94 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**एडीआर की रिपोर्ट** | 30 में से 12 मुख्यमंत्रियों ने घोषित किए अपने खिलाफ आपराधिक मामले

# देश में 40 फीसदी मुख्यमंत्रियों पर आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

- 89 मामलों के साथ तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी पहले नंबर पर
- तमिलनाडु के सीएम स्टालिन पर दर्ज हैं 47 आपराधिक मामले

देश में 40 फीसदी मुख्यमंत्रियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। 30 मुख्यमंत्रियों में से 89 मामलों के साथ तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी पहले नंबर पर बने हुए हैं।

चुनाव अधिकार संस्था एडीआर की एक नई रिपोर्ट के अनुसार देश के 30 मुख्यमंत्रियों में से 12 यानी 40 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अपने खिलाफ सबसे अधिक 89 मामले घोषित किए हैं, जबकि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने 47 मामले घोषित किए हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने 19, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने 13 और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पांच मामले घोषित किए हैं।

महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों देवेंद्र फडणवीस और सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चार-चार मामले, केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने दो और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक मामला घोषित किया है।

यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब सरकार तीन विधेयक लाई है, जिनमें गंभीर आपराधिक आरोपों में 30 दिनों के लिए गिरफ्तार किए गए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को हटाने का प्रावधान है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार, 10 यानी 33 प्रतिशत मुख्यमंत्रियों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है।

### हत्या के प्रयास, अपहरण जैसे मामले शामिल

मुख्यमंत्रियों द्वारा की गई घोषणाओं में हत्या के प्रयास, अपहरण, रिश्वतखोरी और आपराधिक धमकी से जुड़े मामले शामिल हैं। एडीआर ने कहा कि उसने राज्य विधानसभाओं और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी 30 मौजूदा मुख्यमंत्रियों की ओर से खुद दिए गए हलफनामों का विश्लेषण किया है। यह डेटा उनके द्वारा अपना पिछला चुनाव लड़ने से पहले दायर किए गए हलफनामों से लिया गया है।

### सरकार ने लोकसभा में पेश किया है विधेयक

केंद्र सरकार ने संसद के मानसून सत्र में 130वां संविधान संशोधन बिल लोकसभा में पेश किया है जिसमें गंभीर आपराधिक मामलों में 30 दिन से अधिक जेल होने पर प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक को कुर्सी गंवानी पड़ सकती है। विधेयक का विपक्ष ने कड़ा विरोध किया था। हालांकि विधेयक को विचार के लिए संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया गया है।

# उत्तर प्रदेश
## खुशियों के रंग स्वदेशी उपहार के संग





ओडीओपी योजना के तहत चयनित उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान मिल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सोच और नेतृत्व में ओडीओपी योजना को न केवल पूरे उत्तर प्रदेश में सफलता मिली है, बल्कि देश के कई राज्यों ने इसे अपनाया है। यह योजना अब तक लाखों कारीगरों और उद्यमियों को स्वरोजगार का साधन दे चुकी है। लखनऊ की जटिल चिकनकारी कढ़ाई से लेकर वाराणसी की भव्य बनारसी रेशमी साड़ियों, गोरखपुर ज़िलों की नाज़ुक टेराकोटा कृतियों से लेकर सहारनपुर की लकड़ी की नक्काशी तक, राज्य के शिल्प सदियों के कौशल और रचनात्मकता का प्रतीक हैं। उत्तर प्रदेश की मिट्टी की खुशबू, स्थानीय कारीगरों की मेहनत और सदियों पुरानी कला की झलक यूपी के इस योजना की सफलता की कहानी बयां कर रहे हैं। यह पहल न केवल आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रही है, बल्कि हर त्योहार को बना रही है और भी खास, क्योंकि लोग अपनों को अपने जिले की खास वस्तु भेंट कर रहे हैं और रिश्तों को नया आयाम दे रहे हैं।

"वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना आज देश के अंदर एक मॉडल बनी हुई है। आज स्वदेशी अपनाना हम सब लोगों की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हमारा ही पैसा अगर हमारे ही कारीगर और हस्तशिल्पियों के पास जाएगा तो यह विकास और समृद्धि का आधार बनेगा। प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने में निर्णायक भूमिका का निर्वहन करेगी"

-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

"अब हम कुछ भी खरीदें तो एक ही तराजू होना चाहिए, हम उन चीजों को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी भारतीय का पसीना बहा है और जो चीज भारत के लोगों द्वारा बनी है, भारत के लोगों के कौशल्य से बनी है, भारत के लोगों के पसीने से बनी है। हमारे लिए वह स्वदेशी है। हमें वोकल फॉर लोकल मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प लें कि हम मेक इन इंडिया प्रोडक्ट्स को ही बढ़ावा देंगे"

-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री









एक जनपद एक उत्पाद

उत्तर प्रदेश

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **वाराणसी**<br>बनारसी सिल्क साड़ी<br>परंपरा की भव्य झलक | **सहारनपुर**<br>लकड़ी की नक्काशी<br>हर कोने को खास बनाएं | **जौनपुर**<br>ऊनी कालीन<br>घर को दें त्योहारों में गरमाहट | **अलीगढ़**<br>ताले व पीतल के दीये<br>सुरक्षा व शुभता का संगम | **फर्रुखाबाद**<br>जरदोजी गिफ्ट आइटम<br>रिच एंब्रॉइडरी की सुंदरता |
| **बदायूं**<br>जरदोजी हस्तशिल्प<br>शाही कारीगरी का बेहतरीन तोहफा | **हरदोई**<br>हैंडलूम<br>सादगी में सुंदरता का स्पर्श | **चित्रकूट**<br>लकड़ी के खिलौने<br>लोककला और परंपरा संग उपहार | **अमरोहा**<br>वाद्य यंत्र व गारमेंट्स<br>संस्कृति को जीवंत बनाएं | **श्रावस्ती**<br>पारंपरिक फर्नीचर<br>सांस्कृतिक सजावट का उपहार |
| **लखनऊ**<br>चिकनकारी परिधान<br>पहनने के लिए आदर्श | **भदोही**<br>कालीन<br>विश्व प्रसिद्ध गिफ्ट विकल्प | **बाराबंकी**<br>टेराकोटा टी सेट<br>स्वदेशी सौंदर्य का प्रतीक | **कानपुर/आगरा**<br>लेदर उत्पाद<br>आधुनिक और टिकाऊ उपहार | **मेरठ**<br>खेल सामग्री<br>बच्चों के लिए खास गिफ्ट |
| **अयोध्या**<br>गुड़ मिठाइयां<br>स्वाद और सेहत का संगम | **गोरखपुर**<br>टेराकोटा दीये<br>सजावट में परंपरा का स्पर्श | **ललितपुर**<br>सिल्क साड़ी/फूड प्रोडक्ट्स<br>स्वाद और स्टाइल दोनों | **कन्नौज**<br>इत्र<br>प्राकृतिक खुशबू का देसी एहसास | **मुरादाबाद**<br>पीतल के उत्पाद<br>सुनहरी परंपरा अनमोल विरासत |







GeM पोर्टल, ODOP स्टॉल्स, ऑनलाइन प्लेटफार्म और स्थानीय हाट बाजारों व अन्य ऑनलाइन माध्यमों पर उत्तर प्रदेश के ये सभी ODOP उत्पाद उपलब्ध हैं

## हर उपहार में स्वदेशी की खुशबू

एडवरटोरियल

## न्यूज ब्रीफ

### चार पीसीएस अफसरों का तबादला

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने शुक्रवार को चार पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिए। उप जिलाधिकारी महोबा अनुराग प्रसाद को सूचना निदेशालय में सहायक निदेशक बनाया गया है। राज्य सम्पत्ति निदेशालय के सहायक निदेशक आत्रेय मिश्र को भी सूचना निदेशालय में सहायक निदेशक बनाया गया है। उप जिलाधिकारी बांदा रजत वर्मा को उप जिलाधिकारी आगरा व राजस्व परिषद से सम्बद्ध आदेश सिंह सागर को उप जिलाधिकारी महोबा बनाया गया है।

### आज कल्याण मंडपम का लोकार्पण करेंगे योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोरखपुर शहर में अब तक मुख्यमंत्री योगी द्वारा दो कल्याण मंडपम का लोकार्पण हो चुका है। नागरिकों को दो नए बने कल्याण मंडपम की भी सौगात मिलने जा रही है। मानबेला और राप्तीनगर विस्तार में बने इन दो कल्याण मंडपम का लोकार्पण शनिवार 23 अगस्त को मुख्यमंत्री योगी करेंगे।

### नदियों में डेजिंग से बाढ़ का खतरा टला

**अमृत विचार, लखनऊ :** पहाड़ी और मैदानी इलाकों में लगातार भारी बारिश से प्रदेश के कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। योगी सरकार द्वारा लगातार इन इलाकों में युद्धस्तर पर राहत कार्य किए जा रहे हैं। वहीं, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, पीलीभीत, बाराबंकी समेत दर्जन जिले ऐसे हैं, जहां बाढ़ का प्रकोप न के बराबर है। इसकी मुख्य वजह सीएम योगी के निर्देश पर इन जिलों में बहने वाली नदियों में डेजिंग से नदियों का मूल स्वरूप वापस लौट आया और वह दोबारा अपने मूल प्रवाह में बहने लगी हैं।

### डिस्कॉम एसोसिएशन पर उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने आल इंडिया डिस्कॉम एसोसिएशन पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री से इसकी गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि एसोसिएशन की आड़ में निजी घरानों का हित साधने की कोशिश की जा रही है।

### चिन्हित करें परिवर्तन के लक्ष्य : असीम अरुण

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि अगले दो वित्तीय वर्षों के लिए परिवर्तन के लक्ष्य चिन्हित किये जाएं। राज्यमंत्री शुक्रवार को भागीदारी भवन में विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। विभिन्न योजनाओं के नवाचार व प्रभावी क्रियान्वयन पर चचा हुई। बैठक में समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव, निदेशक समेत सभी योजनाधिकारी उपस्थित रहे।

# 7,630 स्कूली इमारतें मिलीं जर्जर अवस्था में

## हाईकोर्ट को सरकार ने बताया- प्रदेशभर में स्कूली इमारतों की कराई जा रही जांच

विधि संवाददाता, लखनऊ

- न्यायालय ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की सुस्ती पर जताई नाखुशी, कहा- गंभीरता से नहीं निभाया दायित्व



**अमृत विचार :** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर चल रहे एक मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि 1 अप्रैल 2024 से 31 जुलाई 2025 तक 7,630 ऐसी स्कूली इमारतें मिली हैं, जो जर्जर अवस्था में थीं। ऐसी इमारतों के जर्जर हिस्सों को ध्वस्त करा दिया गया है। सरकार की ओर से न्यायालय को यह भी भरोसा दिलाया गया है कि पूरे प्रदेश में स्कूली इमारतों की जांच चल रही है। वहीं न्यायालय ने इस मामले में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की सुस्ती पर नाखुशी जताते हुए कहा कि इस मामले को देखने की जिम्मेदारी उसकी थी, लेकिन वह अपना दायित्व गंभीरता से नहीं निभा रही है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 22 सितंबर की तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवरबैंक रेजीडेंट्स की ओर से वर्ष 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। उक्त याचिका में शहर के आवासीय क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों का मुद्दा खास तौर पर उठाया गया है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने अविनाश मेहरोत्रा मामले में शीर्ष अदालत द्वारा वर्ष 2009 में दिए गए दिशा-निर्देशों को लागू करने पर जोर दिया है। न्यायालय के पूर्व के आदेश के अनुपालन में कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुई माध्यमिक शिक्षा की महानिदेशक ने बताया कि शिक्षा विभाग के तमाम अधिकारी स्कूलों में अपनाए गए सुरक्षा मानकों की जांच कर रहे हैं। वहीं न्यायालय ने पाया कि शीर्ष अदालत के दिशा-निर्देशों का अनुपालन कराने की जिम्मेदारी एनडीएमए की है, लेकिन उसके द्वारा ढिलाई बरती जा रही है। इस पर न्यायालय ने अगली सुनवाई पर एनडीएमए को स्पष्ट करने को कहा है कि वह शीर्ष अदालत के दिशा-निर्देशों का अनुपालन कैसे करेगी।

वहीं पूर्व के आदेश के अनुपालन में उपस्थित हुए डीसीपी ट्रैफिक कुलदीप दीक्षित ने कोर्ट को बताया कि स्कूलों के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था को बहुत गंभीरता से देखा जा रहा है। न्यायालय ने उम्मीद जताई है कि ट्रैफिक अव्यवस्था का कोई स्थायी समाधान निकाला जाएगा।

# छात्रवृत्ति घोटाला : दो आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 62 शैक्षिक संस्थाओं और मदरसों में की गई थी 25 करोड़ रुपये की हेराफेरी

**अमृत विचार :** हाथरस में 2011 से 2013 के बीच हुए 24,92,76,312 अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्लयू) की टीम ने की। गिरफ्तार आरोपियों में मदरसा अब्दुल हमीद इस्लामिया एजूकेशन नगला मोतीराय अर्जुनपुर के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद और प्रबंधक सुधा शर्मा शामिल हैं।

ईओडब्ल्यू के अधिकारियों के मुताबिक, हाथरस में शैक्षिक सत्र 2011-12 से 2012-13 के बीच अल्पसंख्यक वर्ग के कक्षा-8 तक (प्री-मैट्रिक) के छात्रों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति की 24,92,76,312 धनराशि का गबन 62 शैक्षिक संस्थानों व मदरसों ने किया था। विभागीय जांच के बाद इस मामले में हाथरस के मुरसान थाने में एफआईआर दर्ज की गई। मामले की जांच ईओडब्ल्यू को ट्रांसफर की गई। जांच में सामने आया कि 62 कालेजों व मदरसों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य व तत्कालीन अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी व अन्य कर्मचारियों ने मिलीभगत कर फर्जी छात्रों के नाम से भुगतान कराया। छात्रों के नाम से किये गये भुगतान की सूची की जांच की गई तो हकीकत सामने आई। इस मामले में 81 आरोपी दोषी पाये गये। जिसमें तीन विभागीय अधिकारी व कर्मचारी और 78 आरोपी कॉलेजों व मदरसों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य थे। डीजी ईओडब्ल्यू नीरा रावत द्वारा चलाये जा रहे अभियान शिकंजा के तहत सिकंदराराऊ के टोली निवासी राजेंद्र प्रसाद व सुधा शर्मा को गिरफ्तार किया गया। सुधा और राजेंद्र ने मिलकर 38,10,320 रुपये की धनराशि का गबन किया था। इस मामले में 49 आरोपी गिरफ्तार किये जा चुके हैं। बचे हुए 32 आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ईओडब्ल्यू की टीम दबिश दे रही है।

# ई-बस खरीद में मेड इन यूपी को प्राथमिकता

## मुख्यमंत्री योगी ने समीक्षा बैठक में सड़क सुरक्षा पर दिखाई सख्ती, कहा : नो हेलमेट-नो फ्यूल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पीपीपी मॉडल पर 23 बस स्टेशनों का आधुनिकीकरण, दूसरे चरण में 54 और तैयार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में ई-बसों की खरीद में 'मेड इन यूपी' को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा आगे से खरीदी जाने वाली बसें यथासंभव प्रदेश में ही निर्मित हों। इससे राज्य की औद्योगिक प्रगति को गति मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

परिवहन विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की शुक्रवार को समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि बस स्टेशनों के निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। यात्रियों की सुविधा सर्वोपरि हो और सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को प्रोत्साहन देने और राजस्व वृद्धि के लिए हर संभव प्रयास करने पर बल दिया।

बैठक में प्रस्तुतिकरण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि रोडवेज 23 बस स्टेशनों को पीपीपी मॉडल पर विश्वस्तरीय टर्मिनल के रूप में विकसित कर रहा है। दूसरे चरण में 54 अतिरिक्त बस स्टेशनों का विकास प्रस्तावित है, जबकि 50 बस स्टेशनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यूपीएसआरटीसी 8 शहरों में इलेक्ट्रिक डिपो भी स्थापित कर रहा है, जहां 240 किलोवाट क्षमता के 4 से 8 यूनिवर्सल चार्जर लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने सुगम आवागमन के लिए नए रूट चिन्हित करने और निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के अवसर पर माताओं-बहनों और उनके एक सहयात्री को तीन दिन तक निःशुल्क यात्रा की सुविधा का लाभ 78 लाख से अधिक लोगों द्वारा लिए जाने पर प्रसन्नता जताई।



लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### खाद वितरण की मॉनीटरिंग करें अधिकारी : योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद को लेकर किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए अधिकारियों को निरंतर मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। इसबीच शासन ने साफ किया है कि प्रदेश में कहीं भी खाद–उर्वरकों की कमी नहीं है। सभी मंडलों में पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता है और सरकार ने कालाबाजारी और ओवररेटिंग पर कड़ा रुख अपनाया है। कृषि विभाग ने शुक्रवार को मंडलवार खाद की उपलब्धता के ताजा आंकड़े जारी किए हैं। इसके अनुसार प्रदेश में कुल 5.95 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 3.91 लाख मीट्रिक टन डीएपी (डाय अमोनियम फॉस्फेट) और 3.01 लाख मीट्रिक टन एनपीके (नाइट्रोजन फास्फोरस पोटेशियम) की उपलब्धता है। खरीफ सीजन के दौरान किसानों के लिए खाद का पर्याप्त भंडार मौजूद है। सरकार किसानों के हित में लगातार कदम उठा रही है।

### खाद संकट के बीच नड्डा से मिले शाही

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में खाद संकट को लेकर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दिल्ली में केंद्रीय रसायन व उर्वरक जेपी नड्डा से मुलाकात कर उर्वरकों की मांग का प्रदेश का अनुरोध पत्र सौंपा। केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश के किसानों को उनकी आवश्यकता और बोई गई फसल संस्तुति के अनुसार निरंतर आपूर्ति का आश्वासन दिया है।

# गौतमबुद्धनगर व श्रावस्ती आईजीआरएस में आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी के सामने पेश हुई जुलाई माह की जनसुनवाई प्रणाली की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** जनसुनवाई प्रणाली (आईजीआरएस) की जुलाई माह की रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की गई। इसमें पुलिस कमिश्नर, एसएसपी और एसपी स्तर पर गौतमबुद्धनगर ने सबसे अधिक संतुष्ट फीडबैक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि जिलाधिकारी स्तर पर श्रावस्ती ने बाजी मारी।

पुलिस स्तर पर टॉप-5 में गौतमबुद्धनगर 98.72 प्रतिशत संतुष्ट फीडबैक के साथ पहले स्थान पर रहा। इसके बाद पीलीभीत (98.23%), बलिया (96.04%), बस्ती (95.43%) और श्रावस्ती (95.14%) का स्थान रहा। इन जिलों ने शिकायतों के समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण में बेहतर कार्य किया है।

जिलाधिकारी स्तर पर टॉप-5 में श्रावस्ती जिला 90.2 प्रतिशत संतुष्ट फीडबैक के साथ शीर्ष पर रहा। इसके बाद शाहजहांपुर (89.08%), बलरामपुर (83.44%), हमीरपुर (82.15%) और बरेली (80.11%) रहे। इन जिलों में डीएम स्तर पर की गई कार्यवाही से शिकायतकर्ताओं को संतुष्टि मिली है।

### अनुचित निस्तारण पर हो कार्रवाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायत जिस अधिकारी से संबंधित हो, उसकी जांच उसी अधिकारी को न दी जाए। शिकायतों की जांच उच्चाधिकारियों से कराना अनिवार्य किया जाए ताकि न्याय और पारदर्शिता बनी रहे। योगी ने यह भी कहा कि यदि स्पेशल क्लोज अनुचित पाया जाता है तो प्रस्तावित करने वाले अधिकारी व कर्मचारी पर विभागीय कार्रवाई की जाए।

# सचिवालय में ई-पेंशन प्रणाली लागू

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने शुक्रवार को उप्र सचिवालय में ऑनलाइन पेंशन स्वीकृति प्रणाली 'ई-पेंशन सिस्टम' लागू करने का आदेश जारी किया है। प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन को भेजे गए शासनादेश में पिछले 12 वर्षों के कई आदेशों का जिक्र करते हुए कहा गया है कि सचिवालय प्रशासन के प्रस्ताव पर सचिवालय सेवा के कार्मिकों की पेंशन स्वीकृति संबंधी आदेश ऑनलाइन पेंशन स्वीकृति प्रणाली 'ई-पेंशन सिस्टम' के माध्यम से ही जारी किए जाएं। यह व्यवस्था 1 दिसंबर 2025 या इसके उपरांत सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों पर अनिवार्य रूप से लागू होगी। निर्देश दिए गए हैं कि पेंशन स्वीकृति के संबंध में वर्तमान आहरण वितरण अधिकारी, कार्यालयाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष व पेंशन प्राधिकार पत्र जारी करने वाले अधिकारी यथावत बने रहेंगे।

# विप की सभी 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस विधान परिषद में शिक्षक व स्नातक क्षेत्र की सभी 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि वित्तविहीन शिक्षकों के मुद्दे पर कांग्रेस संघर्ष कर सरकार को घेरेगी। प्रदेश अध्यक्ष शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।



प्रेसवार्ता करते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। विभिन्न समस्याओं को लेकर कहीं माध्यमिक शिक्षक धरना दे रहे हैं, तो कहीं डिग्री कॉलेज के शिक्षक आंदोलनरत हैं। प्राथमिक शिक्षा विभाग में तो भ्रष्टाचार की अति हो गई है। वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों को न तो सम्मानजनक वेतन मिल पा रहा है और न ही उनकी सेवा सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि वित्तविहीन स्कूलों व कॉलेजों के शिक्षकों के भविष्य के प्रति कोई योजना राज्य सरकार के पास नहीं है।

# भाजपा ने वोटों की डकैती की : अखिलेश



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग कर वोटों की डकैती की है। उन्होंने कहा कि वोट डलवाने से लेकर वोट गिनने तक जनता को सतर्क रहना होगा तभी लोकतंत्र बचेगा।

सपा प्रमुख शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा ने मतदाता सूची से हटाए गए 18 हजार वोटरों की सूची शपथ पत्र के साथ चुनाव आयोग को भेजी थी, लेकिन चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की। जब वोट चोरी और वोट काटने का मामला उठा तो मुख्य चुनाव आयोग ने कह दिया कि कोई एफिडेविट नहीं मिला। समाजवादी पार्टी के पास हर एफिडेविट की रसीद है।

# आसानी से बनेंगे मूक बधिर दिव्यांगों के प्रमाण पत्र

## 54 मंडलीय व जिला अस्पतालों में बेरा जांच के लिए स्थापित होंगी आधुनिक मशीनें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दी वित्तीय स्वीकृति

**अमृत विचार :** मूक बधिर दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र प्राप्त करने को जांच के लिए शहर-शहर नहीं भटकना पड़ेगा, क्योंकि दिव्यांगों की समस्याओं को ध्यान में रखकर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश के बाद प्रदेश के 54 अस्पतालों में मूक बधिर दिव्यांगजनों की जांच हो सकेगी। सभी मंडलीय व जिला चिकित्सालयों में बेरा (ब्रेन स्टीम इवोकेड रिस्पांस ऑडियोमेट्री) जांच होगी। इसके लिए आधुनिक मशीन स्थापित की जाएगी।



उप मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को बताया कि अत्याधुनिक मशीनों के लिए 6.77 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। ये मशीन लगने से मूक बधिर दिव्यांजनों की जांच आसानी से हो सकेगी। बेरा जांच शुरू होने से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने में दिक्कतें भी कम होंगी।

**ये होती है बेरा जांच :** बेरा जांच से नवजात शिशुओं और बच्चों में सुनने की समस्या का जल्दी पता लगता है। जिससे समय पर इलाज संभव होता है। समय पर इलाज से भाषा व वाणी के विकास में मदद मिलती है। यह एक सुरक्षित, गैर-आक्रामक परीक्षण है। जो कान और ब्रेनस्टेम की श्रवण क्षमता का आंकलन करता है। इससे बच्चों में सुनने की क्षमता का सटीक मूल्यांकन किया जा सकता है। न्यूरोलॉजिकल विकारों की पहचान में भी मददगार है।

### अस्पतालों में निगरानी तंत्र होगा मजबूत

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रदेश में ऑनलाइन रोगी प्रतिक्रिया प्रणाली (पेशेन्ट फीड बैक सिस्टम) को स्थापित किया जाएगा। इसके लिए 13.57 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति दी गयी गयी है। ऐप विकसित करने के लिए भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था सी–डैक को नामित किया गया है। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद प्रदेश के समस्त मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध दवाइयों, साफ–सफाई, चिकित्सकीय एवं पैरा मेडिकल, नर्सिंग स्टाफ के व्यवहार के संबंध में रोगी ऐप के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया दे सकेंगे। विभागों को अपनी कमियों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सकेगी। शिकायतों का त्वरित निराकरण भी कराया जा सकेगा।

# सुल्तानपुर के अधिशासी अभियंता निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर सुल्तानपुर में बल्दीराय खंड के अधिशासी अभियंता को निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा कई जिलों के अधीक्षण अभियंताओं पर कार्रवाई के निर्देश दिये गए। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने लापरवाही पाये जाने पर अभियंताओं पर कार्रवाई के निर्देश दिए। अध्यक्ष शुक्रवार को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ बिजली आपूर्ति की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा के दौरान कार्यों व दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही के आरोप में गोला लखीमपुर, बहराइच सुल्तानपुर व सीतापुर के अधीक्षण अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिये गए।

# मेरी हत्या हुई तो अखिलेश होंगे दोषी

## पूजा पाल ने सपा अध्यक्ष को पत्र लिखकर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा से निकाले जाने के बाद विधायक पूजा पाल ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिखकर गंभीर आरोप लगाते हुए निशाना साधा है। कहा है कि उनके पति की तरह संभवतः उनकी भी हत्या हो सकती है। यदि ऐसा होता है तो शासन-प्रशासन सपा और अखिलेश यादव को वास्तविक दोषी मानें।

बीते विधानमंडल के मानसून सत्र के दौरान पूजा पाल ने अपने पति के हत्यारे माफिया अतीक अंसारी के खिलाफ की गई कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री योगी की जमकर तारीफ की थी। इसके बाद सपा अध्यक्ष ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था। इसके बाद वह योगी से मुलाकात करके सियासी गलियारों में हलचल पैदा करने के बाद अब अखिलेश को लिखे पत्र से सनसनी फैला रही हैं।

पूजा पाल ने अखिलेश यादव को भेजे पत्र में लिखा कि सपा की नीतियों से मेरा भरोसा उठ गया है। भाजपा सरकार में मेरे पति के हत्यारों को सजा मिली। जबकि, सपा हत्यारों का साथ दे रही थी। यह भी लिखा है कि एक बेकसूर, विधवा, अनाथ, अति पिछड़े की बेटी को सपा के लोग सोशल मीडिया पर गंदी गालियां और जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं।

### सपा में पहले दर्जे के नागरिक तो मुस्लिम ही हैं



पूजा ने लिखा है कि जब मैं सपा में काम करने लगी तो मुझे अहसास हुआ कि यहां पिछड़े, अति–पिछड़े और दलित दूसरे दर्जे के नागरिक हैं। पहले दर्जे के नागरिक तो मुस्लिम ही हैं, भले ही वे कितने बड़े अपराधी हों। उनको सम्मान देना, ताकत बढ़ाना सपा की पहली प्राथमिकता है। मैंने कई बार प्रयास किया कि आप मेरे पति के हत्यारों को सजा दिलाएंगे, लेकिन निराशा हाथ लगी।

# भूमि लागत अनुदान में पूर्वी यूपी और बुंदेलखंड को बड़ी रियायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चमकेगा फुटवियर उद्योग सब्सिडी से निवेश व रोजगार का बनेगा मजबूत आधार

**अमृत विचार :** उप्र. फुटवियर, लेदर और नॉन-लेदर क्षेत्र विकास नीति 2025 का सबसे बड़ा फोकस प्रदेश के अपेक्षाकृत पिछड़े क्षेत्रों मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड पर है। योगी सरकार ने इन इलाकों में उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए भूमि लागत अनुदान और पूंजीगत सब्सिडी में विशेष रियायतें दी हैं। इसका सीधा असर यहां के औद्योगिक विकास, रोजगार और निवेश पर पड़ेगा।

नई नीति के तहत, स्टैंड अलोन फुटवियर, लेदर उत्पाद और मशीनरी इकाइयों को मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड में 35% तक भूमि लागत अनुदान मिलेगा, जबकि पश्चिमांचल क्षेत्र में यह 25 प्रतिशत होगा। वहीं, मेगा एंकर यूनिट और क्लस्टर को इन क्षेत्रों में 80% तक भूमि लागत अनुदान का लाभ मिलेगा, पश्चिमांचल के लिए यह 75% होगा। यह लाभ विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इन इलाकों में उद्योगों की स्थापना की लागत अपेक्षाकृत अधिक मानी जाती है। भूमि सब्सिडी का फायदा सिर्फ उसी जमीन पर मिलेगा, जो औद्योगिक प्राधिकरण, राज्य सरकार के संस्थान या इस नीति के तहत बने क्लस्टर से ली गई हो। सब्सिडी की रकम जमीन के वास्तविक आवंटन मूल्य पर तय होगी, लेकिन इसमें स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन फीस नहीं जोड़ी जाएगी। अगर कोई इकाई भूमि सब्सिडी लेती है, तो आगे मिलने वाली पूंजीगत सब्सिडी की गणना करते समय जमीन की कीमत नहीं गिनी जाएगी। कंपनियों को ज्यादा फायदा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार अतिरिक्त पूंजी निवेश सब्सिडी भी देगी।

बढ़ते कदम

यूपीसीडा और सीईएल के बीच करार, सौर ऊर्जा, ई–वाहन चार्जिंग और स्मार्ट अवसंरचना पर रहेगा फोकस

# पर्यावरण अनुकूल औद्योगिक विकास की दिशा में बढ़ा प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) और सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) ने सतत (सस्टेनेबल) और स्मार्ट औद्योगिक अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस करार से प्रदेश न केवल पर्यावरण-अनुकूल औद्योगिक विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा, बल्कि नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को भी हासिल करने की ओर अग्रसर होगा। इस एमओयू पर यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मयूर महेश्वरी और सीईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) चेतन प्रकाश जैन ने हस्ताक्षर किए।




समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के दौरान यूपीसीडा के सीईओ मयूर महेश्वरी व सीईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक चेतन प्रकाश जैन।

शासन के अधिकारियों के अनुसार समझौते में नवीकरणीय ऊर्जा समाधान के तहत औद्योगिक क्षेत्रों में छतों व भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए सौर स्ट्रीट लाइटिंग, हाइब्रिड सिस्टम व ऊर्जा भंडारण तकनीकों का विकास होगा। आईटी और स्मार्ट अवसंरचना के तहत स्मार्ट सर्विलांस (सीसीटीवी), एक्सेस कंट्रोल, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और केंद्रीकृत मॉनिटरिंग डैशबोर्ड से औद्योगिक क्षेत्रों को सुरक्षित और हाईटेक बनाया जाएगा। वाई-फाई जोन, आईओटी आधारित एसेट ट्रैकिंग और डेटा एनालिटिक्स जैसी स्मार्ट सिटी तकनीकें भी शामिल होंगी। ई-वाहन (ईवी) अवसंरचना के तहत औद्योगिक क्षेत्रों में ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे।

### औद्योगिक ढांचे को मिलेगी ऊंचाई

यूपीसीडा के सीईओ मयूर महेश्वरी ने कहा कि इस करार से यूपीसीडा की विकासात्मक दृष्टि और सीईएल की तकनीकी विशेषज्ञता मिलकर राज्य के औद्योगिक ढांचे को नई ऊंचाई देंगे। यह साझेदारी पर्यावरण अनुकूल, तकनीकी रूप से उन्नत व भविष्य की जरूरतों के अनुरूप औद्योगिक हब विकसित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएचसी अधीक्षक पर हरे पेड़ कटवाने का आरोप


**अमृत विचार, लखनऊ :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चिनहट अधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार भार्गव पर कर्मचारी बिजेंद्र कुमार श्रीवास्तव की मिलीभगत से परिसर में लगे हरे पेड़ों को कटवाने का आरोप लगा है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई है। शिकायतकर्ता सचिन जायसवाल का कहना है अस्पताल आवासीय परिसर एवं बाउंड्रीवॉल से सटे हुए चीड़, शीशम, सागौन, साखू, जामुन, आम आदि के 25 से 30 साल पुराने पेड़ थे। सीएचसी अधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार भार्गव का कहना है कि पेड़ काटे नहीं गए हैं, सिर्फ छटाई कराई गई है।

### आधार कार्ड शिविर का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** डालीगंज स्थित एक स्कूल में आयोजित आधार कार्ड शिविर में विद्यार्थियों और अभिभावकों को बड़ी राहत मिली। इस शिविर में उन लोगों को आधार कार्ड बनवाने व संशोधन की सुविधा दी गई, जिनके पास कार्ड नहीं था या जिनमें त्रुटियां थीं।

# औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों से फैक्ट्रियों तक जलभराव

## सफाई न होने से नाले और नालियां सिल्ट से पटे नाले, जगह-जगह उगी झाड़ियां


औद्योगिक क्षेत्र के चोक नाले में उगे पौधे। अमृत विचार

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था बदहाली का शिकार हो चुकी है। उद्योगपति लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं, जिससे उत्पादन कार्यों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। बरसात के मौसम में तो यह समस्या विकराल रूप ले लेती है, लेकिन अब यह परेशानी पूरे वर्ष बनी रहती है।

सरोजनीनगर इंडस्ट्रीज मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन के महासचिव रीतेश श्रीवास्तव ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था ठीक नहीं है। इससे जलभराव होता है। इस समस्या को कई बार उद्योग बंधु की बैठक में उठाया गया, लेकिन अभी तक समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि नाले-नालियां मलबे से पटे हैं और उनमें झाड़ियां उग आई हैं। इससे सड़कों से लेकर कई फैक्ट्रियां के परिसर तक जलभराव है। जलभराव की वजह से कच्चा माल और तैयार उत्पाद खराब हो जाते हैं। एसोसिएशन ने प्रशासन से आश्वासनों का झुनझुना थमाने के बजाए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### संक्रामक बीमारियां फैलने का डर

- महासचिव रीतेश ने बताया कि इस औद्योगिक क्षेत्र में करीब 110 फैक्ट्रियां हैं। इनमें 1400 से अधिक लोग कार्य करते हैं। जलभराव के कारण श्रमिकों को फैक्ट्रियों तक आने जाने में दिक्कत होती है। सड़के क्षतिग्रस्त होने से वाहन खराब होते हैं और आते जाते श्रमिक गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं। इसके अलावा जलभराव के कारण मच्छर बढ़ने से संक्रामक बीमारियां भी फैलने का डर बना रहता है। संचारी रोग नियंत्रण के तहत पूरे शहर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन यहां कोई देखने तक नहीं आता है।



सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र की एक सड़क पर बहता नाले का पानी और फैक्ट्री परिसर में जलभराव। अमृत विचार

### एलिवेटेड रोड के निर्माण से बढ़ी समस्या

- महासचिव रीतेश ने बताया कि पहले कानपुर रोड किनारे बने नाले से काफी पानी निकल जाता था। किंतु कानपुर एलिवेटेड रोड के निर्माण के दौरान पुराना नाला समाप्त कर दिया गया। नया नाला ऊंचाई पर बनाया गया है। इससे फैक्ट्री क्षेत्र का पानी उस नाले तक पहुंच ही नहीं पाता।

# बीकेटी के नगर पंचायत कार्यालय पर भाकियू ने जड़ा ताला

- एडीएम ने जांच का आश्वासन देकर समाप्त कराया धरना
- ईओ पर लगाया महिला कार्यकर्ताओं से अभद्रता, बंधक बनाने का आरोप

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार :** कार्यकर्ताओं से अभद्रता और बंधक बनाने का आरोप लगाकर बीकेटी नगर पंचायत कार्यालय में ताला लगाकर भाकियू कार्यकर्ता शुक्रवार को धरने पर बैठ गए। सूचना पर पहुंची एडीएम प्रशासन डॉ.शुभी सिंह ने भाकियू पदाधिकारियों से चर्चा कर उनसे ज्ञापन लिया। उन्होंने मामले की जांच कर एक महीने में कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

भाकियू के जिलाध्यक्ष आलोक वर्मा ने एडीएम को बताया कि लाइट और हैंडपंप लगाने की मांग को लेकर यूनियन की महिला कार्यकर्ता बख्शी का तालाब (बीकेटी) नगर पंचायत के ईओ अधिशासी अधिकारी से मिलने गई थीं। आलोक का आरोप है कि ईओ ने महिलाओं से अभद्रता की। दूसरी ओर अधिशासी अधिकारी (ईओ) इंद्रभान का कहना है कि तीन दिन पहले 10-15 महिलाएं कार्यालय में आईं थीं। इनमें एक महिला ने बिना स्थान बताए लाइट लगवाने और दूसरी ने हैंडपंप लगवाने की मांग की थी। स्थल पूछने पर महिलाएं अभद्रता करने लगीं। इसके बाद कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गईं। ईओ को पुलिस बुलानी पड़ी थी।

ईओ का आरोप है कि महिलाएं नगर पंचायत क्षेत्र के बाहर की निवासी हैं। एक टेंडर को लेकर पूर्व नियोजित साजिश रची गई है। इस मामले में उन्होंने आडियो-वीडीओ साक्ष्यों के साथ पुलिस आयुक्त, जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, बीकेटी थाने और विभाग अधिकारियों से शिकायत की है।


भाकियू पदाधिकारियों से चर्चा करतीं एडीएम प्रशासन डॉ.शुभी सिंह।



नगर पंचायत कार्यालय में लगा ताला।

# रियल एस्टेट व्यवसायी ने सहकर्मी का किया यौन शोषण

**अमृत विचार, लखनऊ:** इंदिरानगर में रियल एस्टेट व्यवसायी ने सहकर्मी को शादी का झांसा देकर लिव इन में रहने के दौरान यौन शोषण किया। इसी दौरान आरोपी का दूसरी जगह रिश्ता तय होने का पता चलने पर पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी व उसके पिता ने धमकाया। पीड़िता की तहरीर पर इंदिरानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि जल्द ही पीड़िता का कोर्ट के समक्ष बयान दर्ज कराकर कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता इंदिरानगर व आरोपी शांतनु मूल रूप से गाजीपुर जिले का है।आरोपी ने शादी का झांसा देकर इंदिरानगर में लिव इन में रहने लगा। पीड़िता को पता चला कि शांतनु की दूसरी जगह मंगनी हो चुकी पीड़िता उसके घर पहुंची। आरोपी व पिता ने धमकाया।

# छठवीं के छात्र ने की आत्महत्या

- पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने की छानबीन, स्पष्ट नहीं हो सकी खुदकुशी की वजह


राज (फाइल फोटो)

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंदिरानगर के तकरोही में शुक्रवार को कक्षा-6 के छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से छानबीन की लेकिन खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूल रूप से बाराबंकी के जहांगीराबाद निवासी अमरेश कुमार हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में नौकरी करते हैं। यहां तकरोही के संतपुरम इलाके में वे पत्नी और तीन बेटों के साथ रहते थे। बड़ा बेटा राज (13) निजी स्कूल में कक्षा-6 का छात्र था। पत्नी दो बेटों सूर्या व मुन्ना के साथ गांव गयी थी। एसीपी गाजीपुर अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह राज को सुबह स्कूल जाने के लिए उठाया गया तो उसने कहा कि तबीयत खराब है, इसलिए स्कूल नहीं जाएगा। पिता उसे नाश्ता देने के बाद ड्यूटी पर चले गए थे।

पड़ोस में रहने वाले अमरेंद्र का भाई सुबह करीब साढ़े आठ बजे राज को बुलाने पहुंचे। कई बार आवाज दी लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। धक्का देकर दरवाजा खोलकर वे अंदर गए तो राज का शव साड़ी से लटका मिला। आनन-फानन में उसे फंदे से उतारकर लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पिता अमरेश कुमार ने पुलिस को बताया कि राज का बीपी की परेशानी थी। उसका इलाज भी चल रहा था। राज ने खुदकुशी क्यों की यह अभी साफ नहीं है। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# जानकीपुरम में 30 मरीज और मिले

- स्वास्थ्य विभाग के शिविर में भी 24 मरीज पहुंचे, छह घर-घर सर्वे के दौरान पाए गए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जानकीपुरम के सेक्टर 7 में शुक्रवार को भी डायरिया के 30 नए मरीज मिले। इसमें छह की हालत गंभीर होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी क्षेत्र में मौजूद रही। लोगों को दवा वितरण करने के साथ ही पानी में क्लोरीन मिलाकर पीने की सलाह दी गई।

जानकीपुरम सेक्टर 7 में दूषित पानी पीने से अब तक करीब 100 लोग बीमार हैं। शुक्रवार को इलाके में लगे शिविर में भी 24 मरीज आए थे। इनमें डायरिया के हल्के लक्षण होने पर उन्हें दवा वितरित कर घर भेज दिया गया है। वहीं, घर-घर सर्वे के दौरान छह अन्य मरीज डायरिया से पीड़ित पाए गए। इनमें से रेहान, रुखसाना, मिसाऊ, अदनान, नाजिया और चंदन को जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां से अदनान की हालत गंभीर होने पर उसे बीकेटी के रामसागर मिश्रा अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी शुक्रवार को 210 घरों का सर्वे किया। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है कि टीम इलाके में एंटी लार्वा का छिड़काव भी कर रही है। इलाके में हालात अब पहले से सामान्य हैं। राम सागर मिश्र में पहले से भर्ती दो मरीज अनीशा बेगम व हाजरा की हालत में सुधार होने पर छुट्टी भी दे दी गई।

> इलाके में जब तक हालात पूरी तरह से सामान्य नहीं हो जाते, वहां टीम 24 घंटे तैनात रहेगी। मरीजों को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस भी तैनात है।
>
> -डॉ. एनबी सिंह, सीएमओ

# 10 अवैध प्लाटिंग की ध्वस्त निर्माणाधीन कॉम्पलेक्स सील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम ने अभियान चलाकर 10 अवैध प्लाटिंग बुलडोजर से ध्वस्त कर दी। साथ ही इंदिरा नगर में एक निर्माणाधीन कॉम्पलेक्स सील किया। एक साथ हुई कार्रवाई से बिल्डरों में हड़कंप मच गया।

शुक्रवार को प्रवर्तन टीम ने बीबीडी थानाक्षेत्र के नूरपुर बेहटा में शेखर प्रधान, गुड्डू शर्मा व शमशाद द्वारा लगभग 16 बीघा, सुखराम द्वारा दो बीघा और कैलाश, अखिलेश यादव व अन्य द्वारा छह बीघा में अनाधिकृत रूप से की गई प्लाटिंग करके विकसित की गई कालोनी ध्वस्त की।

इसी तरह जोन-2 में गोसाईंगंज के ग्राम परेहटा में राकेश कुमार द्वारा दो बीघा व उमेश कुमार द्वारा दो बीघा में अवैध रूप से प्लाटिंग ध्वस्त की। जोन-3 में काकोरी के ग्राम तेजखेड़ा में ओम प्रकाश द्वारा पांच बीघा, अनामिका रावत व अन्य द्वारा लगभग दो बीघा में अवैध रूप से की गई प्लाटिंग ध्वस्त कर दी।

## सिटी डायरी

### सेफ्टी नियमों का कड़ाई से पालन करें


खानपान सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते प्रमुख कार्यकारी निदेशक।

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रेनों के संचालन के दौरान रेलकर्मी सतर्कता बरतें। सेफ्टी नियमों का कड़ाई से पालन करें। यह निर्देश शुक्रवार को नई दिल्ली से लखनऊ पहुंचे रेलवे बोर्ड प्रमुख कार्यकारी निदेशक (संरक्षा) संजय मिश्र ने दिए। इस दौरान संजय मिश्र ने पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के लखनऊ जंक्शन के एकीकृत क्रू लॉबी, अवध रनिंग रूम तथा रूट रिले इंटरलॉकिंग पैनल रूम का निरीक्षण किया और सिस्टम पुस्तिका, काउंसलिंग पंजिका, साइन ऑन, साइन ऑफ पंजिका, रैंडम ब्रेथ एनालाइजर और कॉशन पंजिका को देखा। इसक साथ ही अवध रनिंग रूम में लोको पायलटों एवं ट्रेन मैनेजरों को दी जाने वाली खानपान सुविधाओं एवं विश्रामालय का जायजा लिया। इस मौके पर डीआरएम गौरव अग्रवाल, एडीआरएम रजनीश गुप्त के साथ डीआरएम कार्यालय में सेफ्टी संबंधित समीक्षा बैठक भी की गई।


बच्चों को मिठाई बांटते ग्रामीण।

### स्कूल खुलने पर बांटी मिठाई

**अमृत विचार, निगोहां :** पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख विनोद वर्मा की पहल पर लालपुर कर प्राथमिक विद्यालय फिर खोल दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार की ओर से स्कूल खोलने का आदेश मिलने की जानकारी कर ग्रामीणों ने शुक्रवार को ढोल बजाकर और मिठाई बांटकर इसकी खुशी मनाई। पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख विनोद वर्मा ने बताया कि स्कूल विलय होने सेबच्चों को हाईवे पर भगवानगंज स्थित प्राइमरी स्कूल जाना पड़ता था। इससे हादसे की आशंका बनी रहती थी। अभिभावकों ने भी स्कूल विलय के खिलाफ अधिकारियों को ज्ञापन दिया था। रामचरण रावत, आलोक मिश्रा, राकेश वर्मा, नवीन मिश्रा, अनुज, बबलू, मथुरा, महेश, रामप्रसाद, कल्लू, रामजीवन मौजूद रहे।


किट को लॉन्च करते हुए मनीष व अन्य।

### आयुर्वेद को आयुष्मान से जोड़ने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुर्वेद और नेचुरोपैथी विशेषज्ञ आचार्य मनीष ने शुक्रवार को शहर के एक होटल में पत्रकारों से चर्चा की। इसमें उन्होंने देश का पहला पेट-यकृत-प्लीहा शुद्धि किट लॉन्च किया। आचार्य ने बताया कि यह विशेष किट आंत (पेट), लिवर (यकृत) और प्लीहा (स्प्लीन) की सेहत को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।यह किट लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों की जड़ तक पहुंचकर इलाज करने के लिए बनाई गई है। आचार्य ने कहा कि आयुर्वेद को आयुष्मान योजना से सरकार को जोड़ना चाहिए, इससे लोग आयुर्वेद से जुड़ेंगे। उन्हें बीमारियों को जड़ से ठीक कराने में मदद मिलेगी।


ब्ल्यू एरा एप की जानकारी देते लोग।

### एप की जानकारी दी

**अमृत विचार, लखनऊ :** ब्ल्यू एरा नाम से डिजिटल आत्मनिर्भरता की तरफ कदम बढ़ाते हुए देश का पहला स्वदेशी सोशल मीडिया सुपर एप लांच किया गया है। भारतीय तकनीक से विकसित एप में कोई विदेशी निवेश नहीं है। एप के संस्थापक मल्लिकार्जुन राव चिलुकोटि ने प्रेस क्लब में पत्रकारों को बताया कि ये एप भारतीयों की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। मनीष शर्मा ने बताया कि एप स्वदेशी जन आंदोलन के तहत व्यापारियों को एक मंच पर जोड़ने का काम करेगा।




### उतरावां में श्रीराम कथा आज से

**अमृत विचार, निगोहां :** उत्तरावां स्थित बाबा भगवान दास की कुटी में कल श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा। आयोजक शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कथा 31 अगस्त तक दोपहर एक बजे से होगी। चित्रकूट के आचार्य ज्ञानेश त्रिपाठी श्रीराम की लीलाओं का संगीतमय रसपान कराएंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगी। एक सितंबर को पूर्णाहुति और भंडारा होगा।

# अब 24 घंटे के भीतर आ जाएगी सेप्सिस की रिपोर्ट

- नियोनेटोलॉजी स्पेशिलिटी चैप्टर के 16वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में दी गई जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अभी तक नवजात शिशु में सेप्सिस का पता लगाने में पांच से छह दिन तक लग जाते थे, लेकिन अब इसकी रिपोर्ट महज 24 घंटे के भीतर आ जाएगी। इससे मृत्युदर में कमी आएगी। यह जानकारी केजीएमयू पीडियाट्रिक विभाग की डॉ. शालिनी त्रिपाठी ने दी।

वह शुक्रवार को आयोजित भारतीय बाल अकादमी (आईएपी) के नियोनेटोलॉजी स्पेशिलिटी (नियोकॉन) चैप्टर के 16वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। आयोजन समिति की सचिव डॉ. शालिनी त्रिपाठी ने कहा कि करीब 30 से 40 प्रतिशत शिशु सेप्सिस की चपेट में आ जाते हैं। अभी तक सेप्सिस का पता लगाने के लिए ब्लड कल्चर की जांच कराई जाती थी। जिसकी रिपोर्ट पांच से छह दिन में आती थी। इस दौरान डॉक्टर लक्षणों के आधार पर एंटीबायोटिक शुरू कर देते हैं। सेप्सिस का सटीक पता लगाना आसान हो गया है। ब्लड कल्चर की जगह नई जांच मल्टीप्लैक्स पीसीआर कराकर सटीक पता लगा सकते हैं। इसमें बैक्टीरिया के प्रकार, रजिस्टेंट और जीन्स का सटीक पता लग जाता है। जांच रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर आ जाती है। ऐसे में इलाज की दिशा तय करने में आसानी हो सकती है और शिशु को बेवजह एंटीबायोटिक से बचा सकते हैं।

केजीएमयू बाल रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. एसएन सिंह ने कहा कि शिशु को छह माह तक मां का दूध पिलाएं। डिब्बाबंद व जानवरों का दूध देने से बचें। यदि मां को सर्दी-जुकाम है तब भी उसका दूध शिशु को पिलाएं। मां के दूध में रोग प्रतिरोधिक क्षमता अधिक होती है। इससे शिशु को संक्रमण से बचाया जा सकता है।


मशीन संचालित करने का प्रशिक्षण देते हुए विशेषज्ञ।

### नवजात के जीवन की रक्षा की तकनीक सिखाई

- **अमृत विचार, पीजीआई :** संजय गांधी पीजीआई संस्थान के नियोनेटोलॉजी विभाग में शुक्रवार को एक खास कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें नवजात शिशुओं की गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आधुनिक निगरानी तकनीकें (क्रिटिकल केयर मॉनिटरिंग) सिखाई गईं। यह कार्यशाला आईएपी नियोनेटोलॉजी चैप्टर के सहयोग से आईएपी नियोकॉन 2025 के तहत आयोजित की गई। कार्यशाला में देश विदेश से आए प्रसिद्ध डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। जिसमें पल्स ऑक्सीमीटर, नॉन इनवेसिव ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग, मस्तिष्क और पेट का दबाव मापने वाले यंत्र, ई-फास्ट, सीटीजी और मल्टीपैरामीटर मॉनिटरिंग जैसी तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही ट्रांसपोर्ट इनक्यूबेटर, वेंटिलेटर, ईईजी और स्वचालित ऑक्सीजन कंट्रोल जैसी अत्याधुनिक मशीनों का प्रदर्शन भी किया गया। विशेषज्ञों का कहना था कि इस तरह के प्रशिक्षण से डॉक्टर गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं को और बेहतर इलाज दे पाएंगे। इस मौके पर संस्थान के निदेशक प्रो आरके धीमन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो देवेंद्र गुप्ता और आईएपी नियोकॉन 2025 के आयोजन अध्यक्ष डॉ संजय निरंजन मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र का नाम पूर्व में स्नेह आनन्द रखा था जो कि उसके आधार कार्ड पर भी अंकित है। अब मैं अपने पुत्र का नाम बदलकर उत्कर्ष आनन्द करना चाहता हूं। मैने नगर निगम लखनऊ से उत्कर्ष आनन्द के नाम से जन्म प्रमाण पत्र भी बनवा लिया है। अतः मेरे पुत्र के आधार कार्ड में भी उसका नाम बदलकर उत्कर्ष आनन्द अंकित किया जाए। **निर्मल गौतम पत्नी सुखदेव पुत्र स्व. राम जियावन निवासी– मकान नं0 355/165क, आलमनगर, नियर रेलवे स्टेशन आलमनगर लखनऊ।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित है कि मेरे प्रथमा सर्व यू.पी. ग्रामीण बैंक खाता में मेरा नाम सुषमा देवी लिखा है, जबकि अन्य तथा आधार कार्ड में मेरा नाम उमादेवी लिखा है। सुषमा देवी व उमा देवी दोनों मेरा ही नाम है, मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना जाए। **उमा देवी पत्नी श्रीचन्द, ग्राम नरदा, ब्लाक परसपुर– गोंडा।**

**NOTICE**

I, Deepti Sahu, D/O Ram Asrey Sahu, R/O B-84, Basant Vihar, kalyanpur West, Lucknow also known as Deepti Gupta do hereby declare that both the name pertains to the one and same person and from now on I have changed my name from Deepti Gupta to Deepti Sahu (real name) for all the purposes in future through affidavit no. 371781.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपनी पुत्री शिल्पी आयु लगभग 18 वर्ष को उसके गलत चाल–चलन के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूं। मेरी पुत्री द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, वाद–विवाद या लेन–देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा या मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। **सुमन पत्नी रमेश, ग्राम रिछला, वि0ख0 सूरतगंज, तहसील रामनगर, जिला बाराबंकी।**

## सुविचार



कमरे की चार दिवारी में बैठकर सपने देखना आसान है, लेकिन कमरे से बाहर निकल कर उन्हें पूरा करना बेहद मुश्किल।

-लता मंगेशकर


# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, शनिवार,23 अगस्त 2025


### लखनऊ के प्रमुख समाचार


- कहासुनी के बाद पत्नी को मारी गोली II
- उद्योग बंधु की बैठक में उठी एक ट्रेड, एक टैक्स की मांग III
- नमन की गेंदबाजी ने कानपुर की तोड़ी कमर VI


## शहर में आज



- नेशनल पीजी कॉलेज में ब्लूम्स टैक्सीनॉमी पर व्याख्यान में पाठ्यक्रमों को तकनीकी से जोड़ने पर होगी चर्चा –10 :00 बजे।
- सीएसआईआर–एनबीआरआई में साइंस कम्यूनिकेशन विषय पर विशेष सेमिनार में इंडिया हैविटेट सेंटर, नई दिल्ली के निदेशक प्रो. केजी सुरेश व्याख्यान देंगे–11 :00 बजे।
- उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में वन वाइस ट्रस्ट की ओर से मैं हुसैन से हूं विषयक संगोष्ठी और निशान–ए–इमाम हुसैन अवार्ड समारोह का आयोजन– 4 :30 बजे।
- विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में अखिल भारतीय भोजपुरी समाज की ओर से आयोजित भोजपुरी महोत्सव में असम की लोक गायिका कल्पना पटवारी और बलिया के लोक गायक गोपाल राय का गायन– 3 :00 बजे।

# ग्रीन बेल्ट में बने अवध रेजीडेंसी के 66 मकानों पर चलेगा बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 2022 में दो मकान किए थे सील शासन के आदेश का इंतजार

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण का जोन-2 अंतर्गत बिजनौर स्थित ग्रीन बेल्ट की जमीन पर बनी अवध रेजीडेंसी पर जल्द बुलडोजर चलेगा। अवैध रूप से बने 66 निर्मित व निर्माणाधीन मकान ध्वस्त किए जाएंगे। मकान टूटने की सूचना से लोगों में दहशत का माहौल है और बचाव की गुहार लगा रहे हैं।

बिजनौर में तीन से चार बिल्डरों ने ग्रीन बेल्ट की जमीन कब्जा करके मानचित्र स्वीकृत कराए बिना अवध रेजीडेंसी विकसित कर दी। परिसर में कई रो-हाउस और भूखंड लोगों को बेच दिए गए। वर्ष 2022 में प्राधिकरण ने ध्वस्तीकरण का आदेश पारित करके उस समय बने दो मकान सील कर दिए थे। इसके बाद भी बिल्डरों की सह पर तेजी से लोगों ने मकान बना लिए। कुछ भवन स्वामियों ने ध्वस्तीकरण आदेश के खिलाफ मंडलायुक्त न्यायालय में अपील की थी। वहां से अपील खारिज होने पर शासन चले गए। मामला शासन में विचाराधीन है, वहां से आदेश मिलते ही प्राधिकरण निर्मित और निर्माणाधीन 66 मकान ध्वस्त करेगा। इससे पहले मकान निर्माण रोकने के लिए प्राधिकरण ने बिल्डर द्वारा बनाई गई सड़क ध्वस्त कर दी है, जिससे कि निर्माण सामग्री न पहुंच सके। इस कार्रवाई से अब लोगों में मकान टूटने का डर है। कई बैंक के कर्जदार हैं। बिल्डरों ने करीब 35 मकानों में गुमराह करके परिवारों को शिफ्ट कराया था ताकि उनके रहने से मकान नहीं तोड़े जाएंगे।



वजीरगंज स्थित रिफा–ए–क्लब के निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा।

### कब्जेदारों को 25 तक का अल्टीमेटम

- क्लब के कुछ हिस्से में 22 दुकानदार व कुछ परिवार अवैध रूप से काबिज हैं। जिन्हें पूर्व में अफसरों ने जगह खाली करने का अल्टीमेटम दिया दिया था। शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान सभी काबिज मिले। अपर सचिव ने इन सभी को पुन : 25 अगस्त तक जगह खाली करने अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद सख्ती के साथ अभियान चलाकर कब्जा हटाया जाएगा। उपाध्यक्ष ने अवैध अध्यासियों को विस्थापन नीति के तहत प्रधानमंत्री आवास आवंटित करने के निर्देश दिये हैं। इससे उनके परिवारों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### वजीरगंज का रिफा-ए-आम क्लब कराया जाएगा कब्जा मुक्त

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण वजीरगंज स्थित रिफा–ए–क्लब कब्जा मुक्त कराएगा। चारों तरफ बाउन्ड्रीवॉल, सड़क, पाथ–वे बनाने के साथ हॉर्टीकल्चर के आकर्षक कार्य कराकर कायाकल्प किया जाएगा। शुक्रवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने मौका मुआयना करके टीम के साथ विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की। अपर सचिव ने बताया कि 2.18 लाख वर्ग फीट क्षेत्रफल में निर्मित रिफा–ए–आम क्लब नजूल संपत्ति है। वर्ष 1886 में क्लब को 99 साल की लीज पर आवंटित किया था। इसकी 1985 में लीज अवधि समाप्त होने पर इसे लखनऊ विकास प्राधिकरण को हैंडओवर कर दिया गया। क्लब काफी पुराना है और वर्तमान में भवन का काफी हिस्सा जर्जर हो चुका है। परिसर के चारों तरफ बाउन्ड्रीवॉल बनाकर सुरक्षित करेंगे। हेरिटेज लुक में डिजाइन क्लब की सुंदरता को बढ़ाएगी। क्लब के वाह्य क्षेत्र में सड़क, पाथ–वे निर्माण, हॉर्टीकल्चर व लाइटिंग आदि के कार्य कराएंगे। क्लब पीपीपी मोड पर संचालित कराएंगे। जल्द आरएफपी आमंत्रित करेंगे। इसके संचालन से शहर वासियों को मैरिज लॉन, कैफेटेरिया व स्पोर्ट्स आदि की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

## सफाई न होने पर किया नगर निगम में प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊः** पारा क्षेत्र अंतर्गत कांशीराम कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। साफ-सफाई न कराने का आरोप लगाकर नारेबाजी की। हाथ में पोस्टर लेकर समस्याओं से अवगत कराया। स्थानीय निवासी एकजुट होकर लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय पर पहुंचे। कॉलोनी में गंदगी, साफ-सफाई न होना, जलभराव आदि समस्याओं को लेकर नाराजगी जाहिर की। हाथ में पोस्टर लेकर समस्याएं बताईं। कहा की दो साल से जलभराव है। जगह-जगह गंदगी व कूड़ा है। खराब सड़क और जलभराव की वजह से वाहन पलट जाते हैं। खुले मेन होल से खतरा है। गंदगी के कारण मच्छर पनपते हैं और बीमारियां फैल रही हैं।

## सिटी ब्रीफ

### अतिक्रमण हटाया और वसूला जुर्माना

**अमृत विचार,लखनऊ :** नगर निगम ने शुक्रवार को अतिक्रमण और पॉलिथीन के खिलाफ सघन अभियान चलाया। कई स्थानों से ठेले और गुमटियां हटाते हुए सामान जब्त किया। दुकानदारों से जुर्माना भी वसूला। टीम ने जोन–2 में मेडिकल कॉलेज से विक्टोरिया स्ट्रीट तक अतिक्रमण हटाते हुए दो काउंटर, एक ठेला, चार मेज अन्य सामान जब्त किया। नौ चालान करके 18,500 रुपये जुर्माना वसूला। प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रयोग पर नौ चालान करके 14,500 रुपये जुर्माना वसूल किया। इसी तरह जोन–3 में मड़ियांव और जानकीपुरम में मुख्य मार्ग और फुटपाथ से अतिक्रमण को हटवाकर दुकानदारों को चेतावनी दी। जोन–7 में लेखराज नगीना क्षेत्र में दो किलो पॉलिथीन जब्त करते हुए 4100 का शमन शुल्क वसूल किया।

### राजकीय आयुर्वेद कॉलेज का किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** टूड़ियागंज के राजकीय आयुर्वेद कॉलेज एवं अस्पताल का शुक्रवार को आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार और महानिदेशक मानवेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार मौर्या ने आला अफसरों से अस्पताल का बजट बढ़ाने की गुजारिश की। इस पर अफसरों ने आश्वस्त किया। प्रमुख सचिव रंजन कुमार और आयुष महानिदेशक मानवेंद्र सिंह ने ओपीडी और आईपीडी में मरीजों से बातचीत की। उनसे अस्पताल में मिलने वाले इलाज के बारे में जानकारी हासिल की। समीक्षा में प्रमुख सचिव ने नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षा प्रदान करने तथा परीक्षा का पैटर्न बनाने के लिए निर्देशित किया।

### नगर विकास मंत्री से मिलीं महापौर

**अमृत विचार, लखनऊ :** महापौर सुषमा खर्कवाल ने शुक्रवार को नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। साथ में नगर आयुक्त गौरव कुमार भी रहे। भेंट के दौरान महापौर ने राजधानी में चल रहे विकास कार्यों से अवगत कराया। बताया कि नगर निगम द्वारा सड़कों के पैचवर्क, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, नालों की सफाई, पार्कों के सौंदर्यीकरण तथा स्वच्छता अभियानों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने और प्लास्टिक पर रोक लगाने को लेकर भी लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। मंत्री ने नगर निगम के प्रयासों की सराहना की।

# अक्टूबर तक दुरुस्त हो जाएंगी शहर की सड़कें और नालियां

## कार्यकारिणी की बैठक में महापौर ने कहा, मरम्मत को 10 करोड़ बजट निर्धारित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बारिश में जर्जर हुई शहर की सड़कें और नालियां अक्टूबर तक दुरुस्त करा दी जाएंगी। इसके लिए 10 करोड़ बजट निर्धारित किया गया है। वार्ड वार पार्षदों को 10 लाख रुपये दिए जाएंगे। ये बात शुक्रवार को हुई नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में महापौर सुषमा खर्कवाल ने कही।

महापौर की अध्यक्षता में हुई बैठक में मृतक आश्रितों का विवरण भी मांगा गया। कहा गया कि घटना के तीन माह के अंदर ही नौकरी दी जाएगी। प्रचार विभाग में तैनात कर्मचारी मनोज कुमार की सड़क हादसे में मौत का प्रकरण रखा गया। जिनके आश्रित को नौकरी नहीं मिली है। इस मामले को मेयर ने गंभीरता से लेकर उचित कार्रवाई की बात कही। वहीं, नगर निगम के नए कार्यालय के लिए 25 अगस्त को टेंडर होना है। स्थल पर सफाई न होने पर जवाब तलब किया। शहर में बने पिंक शौचालय सुधारने की मांग भी की गई।

पार्षद अरुण राय ने स्वेज इंडिया पर सवाल उठाए। सीवर सफाई में लगे संसाधन और कर्मचारी की उपस्थिति व अन्य जानकारी मांगी। नगर निगम द्वारा स्वेज इंडिया को टेंडर देने के बाद डीलर को ठेका देने का भी आरोप लगाया। वहीं, सपा पार्षद राम नरेश चौरसिया ने भी तीन साल से संस्था द्वारा किसी तरह का काम न करने की बात कही। इसी तरह कार्यकारिणी सदस्य अनुराग मिश्रा ने खराब स्ट्रीट लाइट, जलनिकासी न होना, जर्जर सड़क आदि अव्यवस्थाओं का मुद्दा उठाया।

बैठक में अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार ने उद्यान विभाग की तरफ से सभी जोन में वीवीआईपी मूवमेंट के लिए 20-20 कर्मचारी रखने का प्रस्ताव रखा गया। जोकि सड़क पर सफाई, हरियाली, पेड़ों की कटिंग आदि काम करेंगे। इस प्रस्ताव आने पर पार्षदों ने जोन वार की जगह पर वार्ड वार करने की मांग उठाई। इस पर अपर नगर आयुक्त ने छह माह का समय मांगा। लेकिन, पार्षद नहीं माने और नाराज होकर कुर्सी से उठ गए।



बैठक में मौजूद उपाध्यक्ष चरणजीत गांधी ( बाएं ), महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार व अन्य। अमृत विचार

### पार्षद चरणजीत गांधी निर्विरोध चुनी गईं उपाध्यक्ष

- नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में पार्षद चरणजीत गांधी को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया। महापौर सुषमा खर्कवाल समेत सभी सदस्यों ने उनके नाम पर सहमति जताई। महापौर समेत सभी ने उपाध्यक्ष का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने पदभार ग्रहण किया। चरणजीत गांधी मोतीलाल नेहरू वार्ड से दोबारा पार्षद बनीं हैं। उनके पति राजू गांधी दो बार पार्षद रहे हैं। राजू विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं।

### दौड़ में पीछे गए अनुराग मिश्रा अरुण राय और राजेश सिंह गब्बर

- उपाध्यक्ष बनने की दौड़ में शामिल अनुराग मिश्रा, अरुण राय व राजेश सिंह गब्बर समेत कई पुराने पार्षद पीछे रह गए। कुछ ने पीठ–पीछे विरोध भी किया। कार्यकारिणी में छह नये सदस्य अरुण कुमार राय, पिंकी रावत, राजेश सिंह, राम नरेश चौरसिया, संदीप शर्मा व पृथ्वी गुप्ता के नामों की घोषणा की गई। कक्ष में लगी पूर्व उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता की नेमप्लेट देख पार्षद भड़क गए और प्लेट हटा दी।

### ये मुख्य प्रस्ताव पास

- सड़क पर अवैध पार्किंग करने पर कार्रवाई
- वार्डों का नाम महापुरुषों और नेताओं के नाम
- उद्यान के अनुरक्षण टेंडर व वर्क शॉप शिफ्ट करना
- म्यूटेशन चार्ज में अधिकतम 10 हजार रुपये तक की गई कैपिंग नए वित्त वर्ष से लागू करना

### शुभांशु शुक्ला के स्वागत को जगह-जगह बनेंगे द्वार

- कार्यकारिणी बैठक में महापौर ने बताया कि 25 अगस्त को अंतरिक्ष यात्री विंग कमांडर शुभांशु अपने घर त्रिवेणी नगर आ रहे हैं। उनका नगर निगम भव्य स्वागत करेगा। इसके लिए शहर में जगह–जगह स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। महापौर नगर आयुक्त के साथ एयरपोर्ट में स्वागत करने जाएंगी। शुभांशु के नाम पर सड़क और पार्क का नामकरण भी किया जाएगा। पार्क में मोटिवेशनल विचार लिखे रहेंगे इससे बच्चे उन्हें जानेंगे और उन्हें प्रेरणा मिलेगी।

### संतोषजनक जवाब न मिलने पर सदस्य भड़के

- बैठक शुरू होते ही सदस्यों ने स्ट्रीट लाइट का मुद्दा उठाया। किसी ने कहा कि स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है तो किसी ने अन्य समस्या बताई। अफसरों से सवाल किए कि ईईएसएल से अनुबंध निरस्त होने के बाद नगर निगम ने लाइटें ठीक कराई हैं। अफसरों की ओर से संतोषजनक जवाब न मिलने पर सदस्य भड़क गए। महापौर के हस्तक्षेप पर शांत हुए। इसी तरह सदस्यों ने विकास से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे उठाते हुए सवाल किया। इस बीच उद्यान विभाग द्वारा अनुरक्षण के कराए गए काम और एक ही जोन में ठेकेदार की व्यवस्था पर हंगामा हुआ। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव ने जवाब देने की कोशिश की तो कहासुनी हुई। नगर आयुक्त गौरव कुमार के हस्तक्षेप करने पर मामला शांत हुआ। पार्षदों ने नगर आयुक्त पर मनमानी का आरोप लगाते हुए सदन में निंदा प्रस्ताव रखने की बात कही। इसी तरह हंगामा और आरोप–प्रत्यारोप की बीच दोपहर तक चली बैठक स्थगित कर दी गई।

## डबल डेकर सहित आठ ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल रेलखंड में 10 से 16 सितंबर तक ब्लॉक लिया जाएगा। इससे डबलडेकर, अवध आसाम एक्सप्रेस सहित आठ ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि गाड़ी संख्या 12558 आनंदविहार टर्मिनल मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति एक्सप्रेस 16 सितंबर को आनंदविहार टर्मिनल से 75 मिनट, 12584 आनंदविहार टर्मिनल लखनऊ डबलडेकर एक्सप्रेस आनंद विहार टर्मिनल से 90 मिनट, 12392 नई दिल्ली राजगीर श्रमजीवी एक्सप्रेस 150 मिनट एवं 13258 आनंद विहार टर्मिनल दानापुर एक्सप्रेस आनंद विहार से 150 मिनट देरी से चलाई जाएंगी। इन सभी ट्रेनों का संचालन 16 सितंबर को प्रभावित होंगी। गाड़ी संख्या 15909 डिब्रूगढ़ लालगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस 10 सितंबर को मार्ग में 45 मिनट, 12392 नई दिल्ली राजगीर श्रमजीवी एक्सप्रेस 12 सितंबर को दिल्ली मंडल में आधे घंटे, 13258 आनंद विहार टर्मिनल दानापुर जनसाधारण एक्सप्रेस 12 सितंबर को दिल्ली मंडल में आधे घंटे एवं 15909 डिब्रूगढ़ लालगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस 14 सितंबर को रास्ते में 75 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएंगी।



शहर में शुक्रवार दोपहर हल्की बारिश हुई, इस दौरान स्कूल से छुट्टी के बाद बच्चे को अपने ऑंचल से ढककर भीगने से बचाने का प्रयास करती महिला। अमृत विचार

### आज अच्छी बारिश की संभावना

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ में शुक्रवार सुबह से बादल छाए रहे। सुबह करीब 11 बजे से रुक–रुककर बारिश होने लगी। गोमती नगर, हजरतगंज, पीजीआई, इंदिरा नगर, आलमबाग, कैंट इलाके में बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ में अगले दो दिनों तक मध्यम से भारी बारिश की संभावना है।

### अब तक सामान्य से अधिक बारिश

- 1 जून से अभी तक लखनऊ में 501.8 मिमी औसत बरसात दर्ज की गई। सामान्य बारिश का औसत 463.7 मिमी है। सामान्य से 8 फीसदी अधिक बारिश हुई है।

## कर न जमा करने पर दो दिन में 12 भवन सील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नगर निगम ने अभियान चला 20.81 लाख कर भी वसूला
- नगर आयुक्त की अपील 31 अगस्त तक उठाएं छूट का लाभ

**अमृत विचार :** शहर में बकायेदारों के खिलाफ दो दिवसीय विशेष अभियान में नगर निगम ने कुल 12 भवन सील किए। भवन स्वामियों से 20.81 लाख रुपये से ज्यादा वसूल करके जमा कराए।

नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर बुधवार और गुरुवार को विशेष संपत्ति कर वसूली अभियान चलाकर विभिन्न जोनों में बड़ी कार्रवाई की गई। पहले दिन टीम ने सख्ती दिखाते हुए जोन-1 में बकाएदार जावेद से 11,769 रुपये की वसूली की। साथ ही एचएन कपूर का भवन सील किया। इसी तरह जोन-3 में एसडी पैलेस आईआईएम रोड से 1.50 लाख, जोन-5 में ओम नगर, गंगा खेड़ा व भिलावा क्षेत्र में 1.40 लाख, जोन- 6 में आरएम मेहता, सरफराजगंज से एक लाख, लखनवी जायका रेस्टोरेंट से 1.50 लाख व अन्य बकायेदारों से लाखों रुपये, जोन-7 में मो. अकरम, मो. अजमल चौद व राम गनेश समेत कई बकायेदारों से 40 हजार से अधिक की वसूली की। जीएस पावर टूल्स, संगम ग्रीन सिटी व अन्य भवन सील किए गए। दूसरे दिन, जोन-1 में मेसर्स प्रणय टावर्स से 6.51 लाख व अन्य से 30 हजार की वसूली की गई। जोन-3 में कोटक महिन्द्र बैंक से दो लाख, आरएस इंटरप्राइजेज से 1,71,947, जोन-7 में चन्द्रा श्रीवास्तव से 1,09,706, कन्हैया लाल यादव से 50 हजार व जोन-8 से महेश सिंह और सुभाष प्रसाद से 50-50 हजार रुपये की वसूली की। साथ ही जोन-1 में वीडी गेहर व बॉम्बे प्लाजा, जोन-6 में कई भवन, जोन-7 में शिवम इंडस्ट्रीज व देश दीपक निगम, जोन-8 में ब्राइट डिलेटिंग व नन्दलाल वर्मा समेत कुल छह संपत्तियां सील की। नगर आयुक्त ने अपील की 31 अगस्त तक आवासीय भवनों पर एकमुश्त यूजर चार्ज जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

**समस्या** — आधार कार्ड में त्रुटि सुधार के लिए डाकघरों में सुबह 6 बजे से ही लग रहीं लाइनें


## आधार में सुधरवाना है नाम तो छोड़ना होगा एक दिन का काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** डाकघरों में स्टाफ कम होने से आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि या अन्य त्रुटियों का संशोधन कराने में पूरा-पूरा दिन लग रहा है। घंटों लाइन में लगने के बाद भी बड़ी संख्या में लोगों को निराश ही लौटना पड़ता है।

आधार कार्ड में त्रुटि संशोधन का कार्य डाकघरों में किया जा रहा है। चौक डाकघर, राजेन्द्र नगर, जानकीपुरम समेत कई प्रमुख डाकघरों के खुलने का समय सुबह सात बजे हैं। किंतु इन डाकघरों में आधार कार्ड में त्रुटि संशोधन कराने वालों की लाइनें सुबह 6 बजे से लग जाती हैं। कार्यालय खुलने तक भीड़ इतनी अधिक होती है कि नंबर आते-आते तीन घंटे से अधिक का समय लग रहा है। इसके चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो जाती है। ज्यादातर लोगों को अपने कार्यालय से छुट्टी लेने पड़ती है और अन्य जरूरी काम भी छोड़ने पड़ते हैं। कई मामलों में तो लोग दो-तीन दिन चक्का लगाने के बाद भी त्रुटि सुधार नहीं हो पा रही है। दरअसल डाकघरों में स्टाफ की कमी है। इससे कारण एक दिन में 70 से 80 आधार कार्डों में ही त्रुटि सुधार हो पाता है, जबकि लाइन में इससे कहीं अधिक लोग लगे होते हैं। अन्य लोगों को लौटना बिना सुधार के ही लौटना पड़ता है। भीड़ के चलते लोग अतिरिक्त काउंटर खोलने या ऑनलाइन अपॉइंटमेंट सुविधा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, किंतु विभागीय अधिकारी व्यवस्था नहीं करा पा रहे हैं। डाक विभाग के प्रवर अधीक्षक सचिन चौबे ने बताया कि कुछ डाकघरों में कर्मचारियों की कमी के कारण समस्या आ रही है। हमारी कोशिश है कि किसी को समस्या का सामना न करना पड़े।





चौक डाकघर में आधार कार्ड की त्रुटि सुधरवाने के लिए लगी भीड़ और बाहर फॉर्म भरते लोग। अमृत विचार

## नियमित कराएं फागिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ब्लीचिंग पाउडर, फागिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव युद्ध स्तर पर नियमित रूप से कराया जाए। मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए अभियान चलाकर लोगों को जागरूक भी करें। ये निर्देश शुक्रवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने डेंगू व वेक्टर बोर्न डिजिजेस ( संक्रामक बीमारियों ) से बचाव की महत्वपूर्ण बैठक में दिए।

मंडलायुक्त ने नगर निगम, स्वास्थ्य समेत अन्य विभागों के साथ आयुक्त कार्यालय में बैठक की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि डेंगू, मलेरिया एवं वायरल फीवर आदि रोगों की रोकथाम के लिए नगर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। गली मोहल्ले में नियमित रूप से फॉगिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव नियमित कराते रहे। फ्रिज, कूलर, टायर व गमलों आदि विभिन्न स्थानों पर पानी एकत्रित व जमा रहने के कारण डेंगू का प्रकोप बढ़ता है। संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग ( मलेरिया ) की संयुक्त टीम बनाकर नियमित रूप से गली-मोहल्ले में जागरूकता अभियान चलाया जाए। नाले-नालो की सफाई के दौरान ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव अवश्य करें। बैठक के बाद मंडलायुक्त ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल का निरीक्षण किया। परिसर में चल रहे रेनोवेशन कार्यों की गुणवत्ता देखी। संबंधित वेंडर को निर्देश दिए कि रेनोवेशन के गुणवत्ता व मानक का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य कराएं। कार्य निर्धारित अवधि पर पूर्ण करें। इस अवसर पर एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा आदि अधिकारी रहे।

### संचारी रोग अभियान की गली-गली देखी हकीकत

- **अमृत विचार, लखनऊ :** बरसात में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य संचारी रोगों की रोकथाम के लिए नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान की हकीकत जानने अधिकारी शुक्रवार को गली–गली घूमे। गली–मोहल्लों और पार्कों में गंदगी व जलभराव मिलने पर सफाई के निर्देश भी दिए। लालकुआं वार्ड का अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, अलीगंज वार्ड का अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह, न्यू हैदरगंज तृतीय वार्ड का अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव, ऐशबाग वार्ड का निरीक्षण अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त ने निरीक्षण किया। इसी तरह फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड में चीफ इंजीनियर ( सिविल ) महेश वर्मा, मल्लाही टोला द्वितीय वार्ड में चीफ इंजीनियर ( आरआर ) मनोज प्रभात, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड में नगर स्वास्थ्य अधिकारी प्रवीन श्रीवास्तव समेत अन्य नामित नोडल अधिकारियों ने अपने वार्डों में साफ–सफाई व अभियान की स्थिति देखी। सुबह से शुरू हुए निरीक्षण में गली–कूचों, बाजार और आवासीय इलाकों में विशेष रूप से नाली और सीवर लाइन की सफाई देखी। जहां–जहां जलभराव और कूड़े के ढेर मिले वहां तत्काल सफाई कर्मियों को लगाकर निस्तारण कराया। स्थानीय लोगों को जागरूक किया। बताया कि यह विशेष अभियान 30 अगस्त तक जारी रहेगा, इसके अंतर्गत शहर के सभी 110 वार्डों में रोजाना नोडल अधिकारी निरीक्षण कर रहे हैं।

## सिटी ब्रीफ

### युवती से छेड़छाड़ एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में रहने वाली युवती ने गांव के ही युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी उपेंद्र सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। युवती के अनुसार वह 19 अगस्त को नौकरी के लिए इंटरव्यू देने गई थी। वापस आते समय गांव निवासी कुलदीप पाल ने उसका रास्ता रोक लिया। उसके साथ गाली-गलौज और छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने भाई को पूरी जानकारी दी। भाई जब कुलदीप के घर शिकायत करने पहुंचा तो उस पर आरोपी ने हमला कर दिया।

### सोता रहा परिवार, घर में हुई चोरी

**अमृत विचार, काकोरी :** थाना क्षेत्र में गुरुवार रात को ग्राम चकौली में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। चोरों ने लाखों के जेवर व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित देवी लाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह जब आंख खुली तो देखा घर के दरवाजे खुले मिले। घर के अंदर रखी अलमारी देखी तो सोने का हार, मंगलसूत्र, झुमकी, चेन चांदी की पायल, पायजेब, बिछिया और पांच हजार रुपये गायब हैं। पीड़ित से मिली तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला का लूटा मोबाइल

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा में शुक्रवार को बाइक सवार बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में एक महिला का मोबाइल लूट लिया। कनक सिटी सरीपुरा निवासी अर्चना शर्मा स्कूटी से बुद्धेश्वर पुल से जा रही थीं। तभी पीछे से बाइक पर सवार दो बदमाश आए। बदमाशों ने अर्चना की स्कूटी को ओवरटेक किया और फिल्मी स्टाइल में झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन लिया। जब तक अर्चना कुछ समझ पातीं, तब तक बदमाश फर्राटा भरते हुए भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### चोर गिरफ्तार, गहने बरामद

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर पुलिस ने बुधवार रात एक किसान के घर में हुई चोरी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर चोरी के गहने बरामद कर लिए हैं। इंस्पेक्टर शिवशंकर महादेवन ने बताया कि सरवन नगर खेरवा निवासी किसान जैकी कुमार ने गुरुवार को दो लाख के गहने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने आरोपी शुभम रावत निवासी घसियारी मोहल्ला को किसान पथ अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया है।

### शटरिंग कारीगर ने पेड़ से लगाया फंदा, मौत

**अमृत विचार, माल :** थाना क्षेत्र अंतर्गत पतौना गांव में गुरुवार रात शटरिंग कारीगर प्रेम गौतम (22) ने पेड़ में गमछे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि रहीमाबाद के भतोईया गांव निवासी ललतू का बेटा प्रेम गौतम पतौना निवासी बहनोई संतराम के घर रहकर शटरिंग का कार्य करता था। गुरुवार देर रात छोटक्के के आम के बाग में प्रेम ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिवार में पिता ललतू, मां लीलावती, भाई बुद्धिलाल हैं।

### गाय बांधने के विवाद में गैंगस्टर ने दी धमकी

**अमृत विचार, पीजीआई :** पीजीआई के वृंदावन कॉलोनी निवासी गुड़िया सिंह के मुताबिक उनके भाई सोनू सिंह व भतीजे सनी सिंह की 11 अगस्त को जगजीत सिंह उर्फ जग्गा से गाय को सड़क पर बांधने को लेकर विवाद हो गया था। दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। दोनों ने थाने में शिकायत की। पुलिस ने जगजीत की शिकायत पर सोनू व सनी पर रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार भी कर लिया था। आरोप है कि गुड़िया के भाई सोनू सिंह के मोबाइल पर हरियाणा के गैंगस्टर भगवानपुरिया का नाम लेकर कॉल किया, उसने धमकी दी। कहा कि मामले में समझौता कर लो नहीं तो हमें आना पड़ा तो महंगा पड़ जाएगा। धमकी के कॉल आने के बाद सोनू और सनी का परिवार सहमा हुआ है।

### झांसा देकर दंपति से ऐंठे 11.53 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर में जालसाज ने निवेश पर मुनाफा देने का झांसा देकर त्रिभुवन सिंह कुशवाहा से 11.53 लाख रुपये ऐंठ लिए। मुनाफा न मिलने पर पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी ने धमकाया। डीजीपी राजीव कृष्ण के निर्देश पर इंदिरानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# कहासुनी के बाद पत्नी को मारी गोली

## घायल बलरामपुर अस्पताल में भर्ती, पुलिस कर रही आरोपी पति की तलाश

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- गोली राशिदा की कमर को छूते हुए निकल गई

**अमृत विचार:** कैसरबाग के जंबूर खाना इलाके में शुक्रवार रात झगड़े के दौरान पति ने राशिदा बानो (30) को गाली मार दी। फायरिंग के दौरान गोली कमर को छूती हुई निकल गयी। परिजन ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही महिला को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती करवाया है। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस आरोपी पति की तलाश कर रही है।

इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी मिश्रा ने बताया कि हरदोई निवासी इस्लाम सरोजनीनगर स्थित कमला पसंद की फैक्ट्री में काम करता है। इस्लाम ने कैसरबाग के जबूंर खाना निवासी राशिदा से तीन माह पहले दूसरी शादी हुई थी। राशिदा की पहले शादी हो चुकी थी। शुक्रवार को किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ था। राशिदा के घरवालों ने बात करने के लिए इस्लाम को बुलाया था। शुक्रवार रात करीब आठ बजे इस्लाम राशिदा के घर पहुंचा। जहां दोनों में दोबारा विवाद हो गया। बात बढ़ने पर इस्लाम ने पहले पीटा, फिर असलहा निकालकर गोली चला दी। गोली राशिदा की कमर को छूते हुए निकल गई। इस बीच मौका पाकर इस्लाम भाग निकला।



बलरामपुर अस्पताल में गोली के लगने के बाद इलाज के लिए लाई गई रशीदा। अमृत विचार

# लखनऊ को मिला सर्वश्रेष्ठ सेक्टर का सम्मान

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) के सात सेक्टरों की समीक्षा शुक्रवार को की गई। इस समीक्षा बैठक में लखनऊ को सर्वश्रेष्ठ सेक्टर और वाराणसी यूनिट के इंस्पेक्टर सुनील कुमार वर्मा को सर्वश्रेष्ठ विवेचक का सम्मान दिया गया। डीजी नीरा रावत ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

डीजी आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन नीरा रावत ने शुक्रवार को सात सेक्टर के जुलाई माह में किये गये कार्यों की समीक्षा की। इन सभी सेक्टर को दिये गये टारगेट की समीक्षा के दौरान लखनऊ सेक्टर को बेहतर कार्य करने के लिए सर्वश्रेष्ठ सेक्टर का खिताब दिया गया। वहीं सुनील वर्मा को सर्वश्रेष्ठ विवेचक का पुरस्कार दिया गया। डीजी ने विवेचकों को तेजी से गिरफ्तारी करने, आरोपियों को कोर्ट से सजा दिलाने, ट्रायल मामलों की मॉनिटरिंग करने, जांच को तेजी से निस्तारित करने के निर्देश दिये थे। उन्होंने अधिकारियों को तत्परता के साथ काम करने और आर्थिक अपराधों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिये।


विवेचना के लिए सम्मानित होते इंस्पेक्टर सुनील वर्मा। अमृत विचार

# मकान व इलेक्ट्रॉनिक स्टोर से 34 लाख का सामान चोरी

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** गोमतीनगर व गोमतीनगर विस्तार इलाके में मकान व इलेक्ट्रॉनिक स्टोर से चोरों ने 34 लाख रुपये का सामान साफ कर दिया। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर जांच कर रही है।

गोमतीनगर विस्तार के लेक सिटी में मुकेश कुमार की एमके इलेक्ट्रॉनिक स्टोर है। उन्होंने बताया कि तीन चोर उनके स्टोर में दाखिल हुए। अंदर रखा हुआ 14 लाख रुपये का माल साफ कर दिया। घटना 16 अगस्त की देर रात को हुई। स्टोर में बाघामऊ निवासी अंशुल लोधी, अरुण यादव व एक अज्ञात युवक दाखिल हुआ था। तीनों ने स्टोर में रखे चार लाख के तार चुराये और भाग निकले। इससे पहले 13 अगस्त को आरोपियों ने स्टोर से 10 लाख रुपये का सामान चोरी किया था। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। गोमतीनगर विवेकखंड-3 में यूपीएनएन से रिटायर्ड एसके शर्मा पत्नी सुमन के साथ रहते हैं। एसके शर्मा पत्नी के साथ मथुरा गये थे। शशांक के मुताबिक शुक्रवार सुबह नौकरानी गीता पौधों को पानी डालने गई। उसने देखा घर का दरवाजे का ताला टूटा था।

# नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

**संवाददाता, सरोजनीनगर**

- ससुराल वालों ने बीमारी से मौत की वजह बताई
- मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप, पति हिरासत में


नरगिस

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मायकेवालों ने पति व उसके घरवालों पर हत्या का आरोप लगाया है। जबकि ससुराल वाले बीमारी से मौत होना बता रहे हैं। पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है।

बेहसा निवासी वसीम उर्फ पप्पू ने बेटी नरगिस (20) की शादी 19 जनवरी 2025 को सरोजनीनगर के अवध विहार कॉलोनी निवासी रेहान खान के साथ की थी। आरोप है कि दहेज में बाइक व रुपयों की मांग को लेकर रेहान और उसके घरवाले अक्सर नरगिस की पिटाई करते थे। परेशान होकर मामले की शिकायत सरोजनीनगर थाने में की गई थी। तब पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था। इसके बाद नरगिस रेहान के साथ रहने लगी।

पप्पू ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे उन्हें जानकारी मिली कि नरगिस की तबीयत खराब है। इस पर वह बेटे के साथ बेटी के ससुराल पहुंचे तो देखा कि नरगिस को ससुरालवाले बेहोशी की हालत में लोकबंधु अस्पताल ले जा रहे हैं। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने नरगिस को मृत घोषित कर दिया। पिता ने रेहान व उसके घरवालों पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं, ससुरालवालों का कहना है कि नरगिस टीबी की मरीज थी और उसका बीमा अस्पताल से इलाज भी चल रहा था। पीटने का आरोप गलत है। बीमारी से उसकी मौत हुई है। पुलिस रेहान को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# विला के नाम पर अंसल निदेशकों ने हड़पे 28.62 लाख, रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचारः** हाईटेक आवासीय योजना के नाम पर अरबों का फर्जीवाड़ा करने वाले अंसल निदेशकों पर 28.62 लाख की दो और रिपोर्ट सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज हुई है।

विकासनगर सेक्टर-12 निवासी नीलम मिश्र ने बताया कि वर्ष 2018 में अंसल प्रॉपर्टीज में संपर्क किया था। बुकलेट देखने के बाद उन्होंने 1400 वर्ग फुट में बना विला बुक कराया था। कंपनी ने 13 किस्तों में भुगतान की बात कही थी। नीलम ने आठ किस्तों में 11,60,123 रुपये का भुगतान किया था। शेष किस्त विला निर्माण होने पर देने की बात तय हुई थी। काफी समय बाद भी निर्माण पूरा न होने पर पीड़ित ने संपर्क किया तो आश्वासन दिया गया। पीड़िता ने बताया कि रेरा में शिकायत के बाद भी कुछ नहीं हुआ।

वहीं, सुल्तानपुर के अखंडनगर निवासी प्रतिमा सिंह ने सुशांत गोल्फ सिटी में 1315 वर्ग फुट में विला बुक कराया था। पीड़िता ने पांच किस्तों में 17,02,163 रुपये दिए थे। इसके बाद भी विला का निर्माण नहीं हुआ। पुलिस ने तहरीर के आधार पर निदेशक प्रणव अंसल, राजेश राव, विभू गोयल व अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कांसेप्ट हेड क्वार्टर हुक्का बार पर छापा, एक गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- मैनेजर व मालिक फरार महानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** महानगर सेक्टर-बी स्थित कांसेप्ट हेड क्वार्टर की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर गुरुवार देर रात महानगर पुलिस ने छापा मारा। पुलिस को देखते ही लोग भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर एक कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया। हुक्का बार से 4 हुक्का, चिलम, पाइप और फ्लेवर्ड तंबाकू पुलिस ने बरामद की है। हुक्का बार का संचालन मालिक व मैनेजर की तलाश की जा रही है।

एसीपी महानगर अंकित कुमार ने बताया कि गुरुवार देर रात सूचना मिली कि सेक्टर-बी स्थित कांसेप्ट हेड क्वार्टर में हुक्का बार चल रहा है। सूचना पर उपनिरीक्षक अनुराग कुमार सिंह ने टीम के साथ छापेमारी की। पुलिस ने घेरकर एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सोहेल निवासी सदर कोतवाली लखीमपुर खीरी बताया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मैनेजर जीशान और मालिक अंकित वर्मा हुक्का बार का संचालन करते हैं। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया संचालक और मैनेजर की तलाश की जा रही है। महानगर पुलिस ने उपनिरीक्षक अनुराग कुमार सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी व बरामद हुक्के। अमृत विचार

### विरोध पर धमकाया

- जिस बिल्डिंग के तीसरे तल पर हुक्का बार चल रहा था। उसी के दूसरे तल पर हिमांशी बाजपेई जिम चलाती हैं। उनका कहना है कि हुक्का बार के चलते जिम में आने वाली महिलाओं को परेशानी होती है। कई बार विरोध किया। गुरुवार रात छापेमारी के बाद संचालक अंकित का भाई कुछ लोगों के साथ जिम पहुंचा और गाली-गलौज कर धमकाया। इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि दूसरी तहरीर पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सौतेले बाप ने दो बेटियों का किया यौन शोषण

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- नाबालिग बहनों ने 1090 पर दी सूचना, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार
- आरोपी व मां के खिलाफ गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** गोमतीनगर इलाके में रहने वाली दो नाबालिग बहनों ने पिता के हत्यारोपी सौतेले पिता पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी कई माह से दोनों के साथ गलत हरकत कर रहा था। विरोध पर पीटता व धमकाता था। शिकायत पर मां भी आरोपी का साथ देती थी। पीड़ित बहनों ने 1090 पर सूचना दी। जिसके बाद गोमतीनगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सौतेले पिता व मां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मां की तलाश कर रही है।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक किशोरियों की उम्र 12 और 14 साल है। दोनों ने बताया कि वर्ष 2015 में उनके पिता की हत्या कर शव जंगल में फेंक दिया गया था। मामा ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जांच में पिता का दोस्त (सौतेले पिता) की भूमिका मिली थी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया था। जमानत पर बाहर आने के बाद आरोपी ने पीड़िता की मां से शादी कर ली थी। जिसके चलते पीड़ित परिजन ने केस वापस ले लिया था और आरोपी बरी हो गया।

सौतेले पिता से मां के तीन बच्चे हैं। पीड़ित किशोरियों ने बताया कि सौतेला पिता उन पर गलत नियत रखता है। कई साल से वह शोषण कर रहा था। विरोध पर पीटता था। चार दिन पूर्व मां घर पर नहीं थी। इस बीच सौतेले पिता ने दोनों से दुष्कर्म किया। विरोध पर मुंह दबाया और की थप्पड़ मारे थे।

इंस्पेक्टर ने बताया कि शुक्रवार को पीड़ित बहनों ने कुछ दूर रहने वाले रिश्तेदार के मोबाइल से 1090 पर कॉल कर आपबीती बतायी। पुलिस ने दुष्कर्म, धमकी, गाली-गलौज, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जल्द ही दोनों बहनों के न्यायालय में बयान दर्ज कराए जाएंगे।

# गेस्ट हाउस में ठहरे युवक का मिला शव

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** वजीरगंज के मौलवीगंज स्थित अल नजीब गेस्ट हाउस में ठहरे युवक का शव कमरे में मिला। छानबीन में पता चला कि युवक वीजा संबंधित काम और इलाज के लिए लखनऊ आया था। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पड़ताल की। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित कर लिया गया है। छानबीन के दौरान गेस्ट हाउस में एक भी कैमरा पुलिस को नहीं मिला है।

बिहार के गोपालगंज स्थित बरौनी के ग्राम देवापुर निवासी आशीष कुमार सिंह (35) ओमान में स्टोरकीपर की नौकरी करते थे। कुछ महीने पहले वापस आए थे। 19 अगस्त को शाम 4 बजे गेस्ट हाउस पहुंचे थे। गुरुवार सुबह उनकी तबीयत कुछ खराब थी। इस बारे में उन्होंने स्टॉफ को भी बताया था। दोपहर में डॉक्टर को दिखाकर दवा भी लाए थे। शाम करीब 4 बजे गेस्ट हाउस का कर्मचारी मोहम्मद नसीम ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

सूचना डॉयल-112 पर दी गयी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस कमरे में गयी तो आशीष का शव पड़ा मिला। मौके से ओआरएस का पैकेट, दवा और चार शराब की बोतल मिली। पुलिस ने परिजन को सूचना देने के साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

# अपराधी ने शिक्षक बताकर की तीसरी शादी, लाखों ऐंठें, बेची पत्नी की स्कूटी

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुरादाबाद जेल से जमानत पर रिहा हुए अपराधी ने फेसबुक पर महानगर की रहने वाले युवती से दोस्ती की। खुद को बीएड पास शिक्षक और अनाथ बताकर प्रेम जाल में फंसाया। उसके बाद शादी कर ली। फिर लाखों रुपये ऐंठे और फरार हो गया।

रहीमनगर निवासी पीड़िता लखीमपुरखीरी में नौकरी करती है। पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2022 में फेसबुक पर उसकी दोस्ती राजीव कुमार से हुई थी। बातचीत के दौरान राजीव ने कहा कि वह मूल रूप से मुरादाबाद बुद्ध विहार का रहने वाला है। बताया था कि कोविड में माता-पिता का देहांत हो चुका है। वह बीएड पास है और शिक्षक है। पीड़िता ने बताया कि 20 मई 2022 को अलीगंज आर्यसमाज मंदिर में शादी हुई। फिर किराए पर मकान लेकर साथ रहा। इसके बाद आरोपी राजीव ने नौकरी छूटने और अन्य जरूरतों के नाम पर लाखों रुपये ऐंठ लिए और दो स्कूटी बेच कर रुपये हड़प लिए। इसके बाद मुरादाबाद में रहने लगा। जानकारी हुई कि राजीव की दो शादियां पहले भी हो चुकी हैं। इसके खिलाफ मुरादाबाद के पाकबड़ा थाने में 17 मार्च 2016 को धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

इसके साथ ही आरोपी के खिलाफ कटघर थाने में 14 नवंबर 2019 में वह चोरी के मामले में जेल भी गया था। दिसंबर 2019 में वह जमानत पर छूटा था। पीड़िता ने बताया कि लखनऊ स्थित घर आने-जाने के दौरान कुछ समय पहले राजीव से मुलाकात हुई। पीड़िता ने विरोध किया तो वह धमकाने लगा। आरोप है कि राजीव उन्हें और उनकी बहन के मोबाइल पर लगातार व्हाट्सएप मैसेज व फोन कर धमकी दे रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सिपाही पर फेंका पत्थर, फटा सिर

**संवाददाता, आलमबाग**

**अमृत विचार :** फिनिक्स चौकी से करीब 300 मीटर दूर बाराबिरवा मंडी के पास अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान किसी शरारती तत्व ने पुलिस पर पत्थर फेंका। पत्थर सिर पर लगने से पीएसी सिपाही का सिर फट गया। सूचना मिलते ही एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय व इंस्पेक्टर पीके सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके से पुलिस ने संदिग्ध सूरज समेत 13 लोगों को हिरासत में लिया है।

एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय ने बताया कि शुक्रवार शाम इंस्पेक्टर पीके सिंह 32वीं बटालियन पीएसी सिपाहियों के साथ पैदल गश्त करते हुए फिनिक्स चौकी पर पहुंचे। उसके बाद चौकी पर तैनात सहायक उपनिरीक्षक पीएसी सिपाहियों के साथ बाराबिरवा मंडी की तरफ बीच सड़क पर खड़े ठेले हटवा रहे थे। इसी दौरान किसी ने पुलिस पर पत्थर फेंका। पत्थर पीएसी सिपाही नीरज कुमार के सिर पर लगा। सिर फटने से वे खून से लथपथ हो गए।


घायल सिपाही

**भ्रष्टाचार** | बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति का फर्जीवाड़ा

# समिति ने किया था पौने चार लाख वर्गफीट का घोटाला

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।**

- विजिलेंस की जांच में हुआ खुलासा, फर्जी सदस्य बनाकर बांटे 112 भूखंड
- एलडीए के अधिकारियों ने तय सीमा से दो गुना जमीन की थी आवंटित

**अमृत विचार:** बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति ने एलडीए के अधिकारियों और कर्मचारियों से मिलीभगत कर पौने चार लाख वर्गफीट जमीन का घोटाला किया। इसका खुलासा विजिलेंस की जांच में हुआ। इस मामले में गाजीपुर थाने में बुधवार को एफआईआर कराई गई।

पुलिस के मुताबिक इस घोटाले का खुलासा 2024 में हुआ। हाईकोर्ट ने गोमतीनगर विस्तार योजना में फर्जी सदस्यता के जरिये करोड़ों रुपये की जमीन हड़पने के आरोपों की जांच विजिलेंस को आदेश दिया। जांच में एलडीए के अधिकारियों ने समिति के साथ मिली भगत कर तय सीमा से दो गुना से अधिक भूखंड आवंटित कर दिया। इसमें अधिकारियों के रिश्तेदारों व परिवार के लोगों के नाम शामिल किये गये थे। 2020 से 2024 तक चली जांच में सामने आया कि करीब पौने चार लाख वर्गफीट जमीन का घोटाला किया गया था। इसकी कीमत करीब सवा दो अरब रुपये है। इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति, इसके पदाधिकारी, एलडीए के अधिकारी व कर्मचारी को आरोपी बनाया गया। घोटाले में समिति के अध्यक्ष प्रवीण सिंह बाफिला, लखन सिंह बलीयानी, अभिषेक विक्रम सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह समेत सौ से अधिक लोगों शामिल हैं। अरबों रुपये की जमीन घोटाले के मामले में आरोपी समिति का पंजीकरण एलडीए निरस्त करने की तैयारी कर रहा है।

### कई आईएएस व पीसीएस कार्रवाई के दायरे में

- विजिलेंस जो जांच रिपोर्ट हाईकोर्ट व शासन को भेजी है। उसमें कई आईएएस व पीसीएस अधिकारी को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में एलडीए के 30 से अधिक अधिकारी व कर्मचारी विवेचना के दौरान पुलिस आरोपी बना सकती है। हाईकोर्ट ने एलडीए के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल की 2010 की रिपोर्ट और अन्य जांचों के आधार पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। सहकारी समितियों ने नियमों का उल्लंघन करते हुए पुराने सदस्यों को वरीयता देने के बजाए नए लोगों को भूखंड बेचे हैं। इस मामले में एलडीए ने पांच अगस्त को अनुबंधों को निरस्त कर दिया। वहीं, जमीन वापस लेने की कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

# बदमाशों ने पांच घरों में की लूटपाट

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- असलहों से लैस थे बदमाश महिला को बनाया बंधक
- महिंगवा के इंदारा गांव में हुई घटना, छत के रास्ते पांचों घरों में घुसे

**अमृत विचार :** महिगवां के इंदारा गांव में असलहों से लैस बदमाशों ने गुरुवार देर रात को धावा बोल दिया। रात करीब 12 बजे से 3 बजे तक गांव में उत्पात मचाते रहे। इस दौरान छतों के रास्ते पांच घरों में घुसकर लाखों रुपये का माल साफ कर दिया। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

किसान शिव कुमार सिंह के मुताबिक गुरुवार रात को वह घर के बरामदे में सो रहे थे। पत्नी प्रेमवती अंदर के कमरे में सो रही थी। देर रात छत के रास्ते असलहों से लैस बदमाश घर में घुस गए। पत्नी पर असलहा तानकर बंधक बना लिया। इसके बाद आलमारी की चाबी लेकर उसमें रखे लाखों रुपये के जेवर व 7000 रुपये लूट लिया और भाग निकले।

इसके बाद कुछ दूरी पर स्थित रमेश के घर में भी छत के रास्ते घुसे। रमेश गौतम घर के बाहर सो रहा था। अंदर उसकी बहू मोहिनी व बेटा सुजीत था। बदमाशों ने पीछे के कमरे से कुछ जेवर बटोर लिए। जिसकी कीमत 4 लाख रुपये बताई गई। इसके बाद टीनू के कमरे में घुस गए। शोर शराबा सुनकर रमेश व अन्य ग्रामीणों की नींद खुली लेकिन बदमाश तब तक भाग निकले। रमेश की पत्नी गीता ने बताया कि चोर घर में रखे कुछ जेवर व पांच हजार रुपये ले गए।

वहीं, इन दोनों घरों में वारदात करने के बाद बदमाशों ने रामनरेश, गौरव के घर में वारदात की। रामनरेश ने बताया कि वह सो रहे थे। चोर छत के रास्ते अंदर घुसे कमरे का ताला तोड़कर जेवर और 10 हजार की नकदी समेत लाखों का माल पार कर ले गए। गौरव के घर छत के रास्ते घुसे बदमाश कुछ रुपये और दो साइकिल उठा ले गए।

छोटे पाल के घर में रात करीब 3 बजे दाखिल हुए। आवाज सुनकर उनकी नींद खुल गई। उन्होंने शोर मचाने का प्रयास किया तो एक बदमाश ने उनका गला पकड़ लिया।

सिटी ब्रीफ

### मेट्रो का शो योर टैलेंट कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** मेट्रो प्रशासन ने यात्रियों को हुनर का प्रदर्शन करने के लिए शो योर टैलेंट कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया। इसके तहत हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर ओपेन माइक के तहत यात्रियों ने गायकी में हुनर का प्रदर्शन किया। कुछ यात्रियों ने ऐसे सुर छेड़े, जिससे शाम यादगार बन गई। कई ने वाद्य यंत्रों पर प्रस्तुतियां दीं।

### फैम ट्रिप में लिया ग्रामीण परिवेश का अनुभव

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने ग्रामीण पर्यटन कॉन्क्लेव-2025 के दूसरे दिन शुक्रवार को एक विशेष फैमिलियराइजेशन ट्रिप (फैम ट्रिप) का आयोजन किया। इसमें मेहमानों ने खेतों की पगडंडियों पर चलते हुए ग्रामीण परिवेश का अनुभव लिया, पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखा, लोककला और संस्कृति को करीब से देखा तथा स्वयं सहायता समूहों के हुनर की सराहना की। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि गांव केवल भौगोलिक स्थान नहीं हैं, बल्कि भारत की जीवंत धरोहर और असली पहचान हैं। हमारी परंपराएं, संस्कृति और मूल जीवनशैली गांवों से ही निकलकर दुनिया तक पहुंचती हैं। विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया ने कहा, पर्यटन केवल दर्शनीय स्थलों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मा की तलाश का माध्यम बन चुका है।

### अलीगंज के राजा गणेश उत्सव 27 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज में 5 दिवसीय 13वां गणेश उत्सव 27 अगस्त को शुरू होगा। अलीगंज के राजा के नाम से मशहूर ये 1गणेशोत्सव नेहरु बाल वाटिका स्थित गुलाब वाटिका अपार्टमेंट में होगा। समिति के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ने बताया कि कोलकाता के कारीगर आपरेशन सिन्दूर की तर्ज पर दरबार बना रहे हैं। मीडिया प्रभारी मनीष गुप्ता ने बताया कि 26 अगस्त को प्रतिमा पंडाल में पहुंचेगी। संरक्षक संदीप अग्रवाल ने बताया कि विसर्जन यात्रा 31 अगस्त को निकाली जाएगी। शोभा यात्रा में गजानन बनेगा और जमशेदपुर झारखंड से डंका पार्टी बैंड बुलाई गई है। हरियाणा का विशाल कालिया ग्रुप पूरे रास्ते झांकी का मंचन करेगा।

### ओटीटी पर लॉन्च हुई परख

**अमृत विचार, लखनऊ :** पिरामल फाइनेंस ने अपनी नई पेशकश परख को यूट्यूब, जियो हॉट स्टार और सन नेक्स्ट जैसे प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया है। यह सीरीज़ उन ग्राहकों की सच्ची और प्रेरणादायक वित्तीय कहानियां प्रस्तुत करती है जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को साकार किया।' 'हम कागज से ज्यादा नीयत देखते हैं'' अवधारणा पर आधारित यह पहल वित्तीय समावेशन और जागरूकता को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। 'परख' उत्तर प्रदेश समेत देशभर में छोटे व्यवसायों और आम लोगों को सशक्त बनाने के पिरामल फाइनेंस के मिशन को मजबूत करती है। सीरीज में नीलेश मिश्रा के साथ शिखा सोनी और माया धर की कहानियां दर्शाई गई हैं।

### 12 दिवसीय सैन्य अस्पताल अटैचमेंट कैंप

**अमृत विचार, लखनऊ :** एनसीसी कैडेट्स के लिए एक विशेष मिलिट्री हॉस्पिटल अटैचमेंट कैंप का आयोजन कमांड हॉस्पिटल में चल रहा है। इस शिविर में 20 यूपी गर्ल्स बटालियन के अंतर्गत विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुल 28 सीनियर विंग कैडेट्स ने भाग लिया। कैंप का उद्घाटन कर्नल जीना एन. जी., प्राचार्य, कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल कविता रामदेवपुत्र ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में करियर बनाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवा के माध्यम से भी राष्ट्र की सेवा की जा सकती है और यह क्षेत्र न केवल सम्मानजनक बल्कि अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण है।

# उद्योग बंधु की बैठक में उठी एक ट्रेड, एक टैक्स की मांग

## व्यापारियों ने जिलाधिकारी को बताई बिजली, सफाई, सड़क, यातायात की समस्या, मांगपत्र भी सौंपा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उद्योग बंधु की बैठक में शुक्रवार को व्यापारियों ने मुद्दा उठाया कि केंद्र जीएसटी की दरें 28 एवं 12 फीसदी को समाप्त कर 5 एवं 18 फीसदी दर लागू करने के संकेत हैं। सभी दैनिक उपभोग की वस्तुओं को पांच या शून्य की दर में रखा जाना चाहिए। 18 एवं 28 फीसदी को समाप्त करके 12 फीसदी दर करके एक ट्रेड एक टैक्स लागू किया जाए।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी विशाख को व्यापारियों ने जीएसटी से संबंधित समस्याओं और विसंगतियों से अवगत कराया। इनमें तमाम ऐसे ट्रेड हैं जिन पर कई टैक्स दरें लागू हैं। इसके अलावा अन्य समस्याएं भी उठाई गईं। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री योगेंद्र सिंह ने निराला नगर से 8 नंबर चौराहे एवं कपूरथला मार्ग पर बनाए गए डिवाइडर की बात रखी। चिनहट अवध बस स्टैंड के पास भीषण जाम की समस्या पर ध्यान दिए जाने और व्यापारियों को प्रमुखता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस जारी किए जाने की मांग रखी। नगर निगम सदन द्वारा तालकटोरा रोड को श्याम बिहारी मिश्रा मार्ग घोषित किया गया है लेकिन आज तक शिलापट नहीं लगवाया गया। बैठक में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, व्यापारी नेता धर्मपाल अग्रवाल, संजय जायसवाल, मंत्री प्रशांत वर्मा, अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार राव, अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी महेंद्रपाल सिंह, डीसी डीआईसी, डीसी व्यापार कर समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।



अब्दुल कलाम हाल में वाणिज्य बंधु की बैठक में शामिल व्यापारी। अमृत विचार



जिलाधिकारी को मांगपत्र सौंपते व्यापारी। अमृत विचार

**ये समस्याएं भी रखीं**

- दुकान खुलने के पहले कूड़ा उठना चाहिए और बंद होने के बाद झाड़ू लगे।
- चौक में अवैध रूप से चार पहिया खड़े होने पर कार्रवाई की जाए।
- क्वीनमेरी के सामने अवैध रूप से खडे.वाहन एवं दुकानें हटाई जाएं।
- बाजारों में पुन: अतिक्रमण रोकने के लिए निगरानी समिति बनाई जाए।
- अमीनाबाद, मड़ियांव, अलीगंज, चिनहट में पुलिस बूथ बनाकर यातायात पुलिस की नियुक्ति करना।

### एक साल पहले खोदी गई मुख्य बाजार की सड़क नहीं बनीं

- लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने नगर-निगम के जल संस्थान की ओर से ऐशबाग से अमीनाबाद तक डाली गयी पाइप लाइन की खोदाई एक वर्ष से पूर्व कराई थी। नादान महल रोड पर तत्कालीन जिलाधिकारी से शिकायत करने के बाद पैच वर्क किया गया, अब पूरी रोड पर बड़े गड्ढे हो गए हैं। इस कारण ई-रिक्शा व मोटरसाइकिल समेत अन्य वाहन रोज पलटते हैं। व्यापारी और महिलाएं चोटिल होती हैं। तत्काल सड़क निर्माण कराया जाए। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स के स्टेट हेड अनुराग रस्तोगी, इब्जा के चौक अध्यक्ष उमेश पाटिल ने भी डीएम को जीएसटी में व्याप्त विसंगतियों और बाजार की समस्याओं से अवगत कराया। महामंत्री अनुराग मिश्रा ने बताया कि बाजारों में सड़कें खुद गई हैं जिनका पैचवर्क कराया जाए। भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के अजय त्रिपाठी मुन्ना, राष्ट्रीय अध्यक्ष रीतेश गुप्ता, हाफिज जलील सिद्दीकी समेत कई व्यापारी नेता मौजूद रहे।

### भिक्षावृत्ति से मुक्त होंगे शहर के बाजार: जिलाधिकारी

- बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि लखनऊ को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराए जाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने व्यापारियों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि उक्त अभियान के अंतर्गत भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों को रेस्क्यू कर उनको शिक्षा की ओर ले जाने के लिए विद्यालयों में नामांकन कराया जा रहा है। इसके साथ ही भिक्षावृत्ति को प्रोत्साहित करने वाले लोगों को भी चिह्नित किया जा रहा है। ऐसे लोगों पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उक्त अभियान के तहत जनपद लखनऊ के 10 बड़े बाजारों को भिक्षावृत्ति मुक्त करने के लिए योजना बनाई जा रही है। इसमें व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा।

### नाका ओवरब्रिज के नीचे से हटाए जाएं अवैध ठेले और खोमचे

- वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने नाका ओवरब्रिज के नीचे लग रहे अवैध ठेले खोमचे का प्रकरण उठाया। कहा कि कुछ ठेकेदार अवैध वसूली कर ठेले लगवाते हैं जिसमें पुलिस की मिली भगत रहती है जिसके कारण आवागमन में काफी दिक्कत होती है। जिसे अवैध अतिक्रमण समाप्त कराया जाय। कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने कहा कि जहां अतिक्रमण हटाया जाए वहां पुन: अतिक्रमण न लग सके यह व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने समस्या सुनीं और आश्वस्त किया। बैठक में श्याम मूर्ति गुप्ता, मनीष गुप्ता, राजू शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### स्टेशनरी, कपड़ा, किराना पर खत्म की जाएं अलग-अलग जीएसटी दरें

- **अमृत विचार, लखनऊ :** जीएसटी के दो टैक्स स्लैब होने के मिल रहे संकेतों को देखते हुए विभिन्न ट्रेड पर लागू अलग-अलग दरों को खत्म करने की मांग रखी है। व्यापारियों का कहना है कि चाहे स्टेशनरी हो या फिर कपड़ा व्यापार, किराना हो या फिर भवन से जुड़ी सामग्रियों पर लग रही अलग-अलग जीएसटी दरें कारोबार प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में 12 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत के टैक्स रेट को समाप्त करते हुए केवल 5 और 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब को अनुमति मिलनी चाहिए। यही नहीं 18 एवं 28 फीसदी टैक्स संरचना को भी समाप्त किया जाना चाहिए। यही नहीं दैनिक उपभोग की वस्तुओं पर 5 प्रतिशत की दर निर्धारित होनी चाहिए। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने जीएसटी काउंसिल को भेजे गए पत्र में विभिन्न टैक्स संरचना पर सुझाव दिए हैं।

### एक-एक गुड्स में तीन-तीन प्रकार के टैक्स

- अमरनाथ ने उदाहरण देते हुए कहा कि एक-एक गुड्स में तीन-तीन प्रकार के टैक्स रेट लागू हैं। जैसे रेडीमेड होजरी पर और 999 मूल्य के वस्त्र पर पांच फीसद, और इससे ऊपर के वस्त्र पर 12 प्रतिशत ली जा रही है। यही हाल स्टेशनरी का है। रबड़ पर पांच प्रतिशत, पेन्सिल, कॉपी पर 12 फीसद और कटर, पेन, डायरी पर 18 प्रतिशत जीएसटी है। किताब, जूता 12 प्रतिशत 999 मूल्य तक, इसके ऊपर 18 प्रतिशत का प्रावधान है। किराना को ले लीजिए। पांच प्रतिशत मसाला पर मेवा पर 12 प्रतिशत टैक्स है।

### स्टेशनरी में चार प्रकार का टैक्स रेट

- लखनऊ व्यापार मंडल प्रमुख मिश्र एवं स्टेशनरी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कॉपी, डायरी एवं किताब में कागज ही इस्तेमाल होता है परन्तु टैक्स सभी का अलग-अलग है।

### रोजमर्रा की वस्तुओं पर भी हो विचार

- कास्मेटिक्स हेयर ऑयल, टूथपेस्ट, प्रसाधन सामग्री आदि वस्तुओं पर भी कर की दर काफी अधिक है जो कि दैनिक उपभोग की ही वस्तुएं हैं। यही हाल कपड़ा व्यापार का है। कपड़ा व्यवसाय से जुडे प्रभू जालान और अशोक मोतियानी, अनिल बजाज का कहना है कि कारोबार उलझा हुआ है। यार्न पर अलग दर और रेडीमेड पर अलग जीएसटी। आढ़ती एवं पांडेयगंज गल्ला मंडी के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल बताते हैं कि कुछ को कर मुक्त कर रखा गया है तो कुछ पर टैक्स की बड़ी दरें हैं।
- इसी तरह परिवहन भाड़ा जीएसटी गुड्स रूल 9(4) सस्पेन्ड होने से क्रेता व्यापारी को भाड़े पर आरसीएम के तहत टैक्स देना पड़ता है और उसी महीने में उपरोक्त टैक्स की आईटीसी क्लेम कर ली जाती है। इससे सरकार का कोई लाभ नहीं होता है और क्रेता व्यापारी को दोहरी लिखा पढ़ी करनी पड़ती है।



संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे सभागार में धनुष यज्ञ राम कथा सुनातीं विनीता मिश्रा और पल्लवी राज। अमृत विचार

# कायस्थ समाज ने तय की 21 महिलाओं की कार्यकारिणी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कायस्थ समाज महिला की प्रदेश इकाई की ओर से सहारा शापिंग कांप्लेक्स स्थित कार्यालय में शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसमें 21 सदस्यीय कार्यकारिणी तय की गई। कार्यकारिणी में राजनीतिक परिदृश्य में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष महिला सुनीता श्रीवास्तव ने चुनकर आईं महिला पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी। निधि श्रीवास्तव को प्रदेश का वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्रद्धा श्रीवास्तव को प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री, सारिका श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री, दीप्ति श्रीवास्तव महामंत्री, अमृता खरे को प्रदेश संगठन महामंत्री, अनुपमा श्रीवास्तव, बिन्दु श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव, अमिता श्रीवास्तव, मालविका श्रीवास्तव को प्रदेश उपाध्यक्ष, अंजना श्रीवास्तव सचिव, वर्षा श्रीवास्तव को प्रदेश प्रशासनिक पद की जिम्मेदारी सौंपी। अनिता श्रीवास्तव को मीडिया प्रभारी, संगीता, सुमन, प्रीति, शैलजा सहित कार्यकारिणी घोषित की गई। प्रदेश अध्यक्ष शेखर कुमार ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें जिम्मेदारी का बोध कराया।

समाज की ओर से लखनऊ नगर निगम चुनाव में बीस 20 पार्षद उतारने का फैसला लिया गया। कार्यक्रम में लखनऊ खण्ड स्नातक प्रत्याशी प्रो. सुनील कुमार श्रीवास्तव का भी सम्मान किया गया।



कायस्थ समाज महिला की प्रदेश इकाई की बैठक में पदाधिकारी व सदस्य।

# केजीएमयू में गठित होगी स्कॉलरशिप सेल

## कुलपति की अध्यक्षता में हुई चिकित्सा विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक में दी गई मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू के मेडिकल छात्रों को वजीफा लेने में दिक्कत का सामना न करना पड़े, इसके लिए अलग से स्कॉलरशिप सेल का गठन किया जाएगा। अभी अलग-अलग पाठ्यक्रम के छात्रों को स्कॉलरशिप के लिए भटकना पड़ता है। सेल गठित करने के लिए शुक्रवार को कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद की अध्यक्षता में हुई कार्यपरिषद बैठक में मंजूरी दी गई।

केजीएमयू में एमबीबीएस, बीडीएस, बीएससी नर्सिंग व पैरामेडिकल के तमाम कोर्स संचालित हो रहे हैं। एमडी, एमएस, एमसीएच व डीएम की पढ़ाई भी हो रही है। अनुसूचित जाति, ओबीसी व कमजोर आय वर्ग के छात्र-छात्राओं को सरकार की तरफ से तमाम योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन्हें वजीफा प्रदान किया जा रहा है। संस्थान में चार संकाय संचालित हो रहे हैं। ऐसे में बहुत से छात्र-छात्राओं को वजीफे की जानकारी देरी से होती है। अंतिम तारीख बीत जाती है। ऐसे में छात्र वजीफा से वंचित रह जाते हैं।


### डॉ. तूलिका को वापस मिलेगी विभागाध्यक्ष की कुर्सी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू के ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डॉ. तूलिका चन्द्रा के खिलाफ मशीनों की खरीद-फरोख्त के दस्तावेजों में छेड़छाड़ के आरोप शुक्रवार को हुई कार्यपरिषद की बैठक में साबित नहीं हो सके। इसके साथ ही उनकी विभागाध्यक्ष की कुर्सी पर बहाली का रास्ता साफ हो गया है। केजीएमयू कार्यपरिषद की 57 वीं बैठकप्राइवेट प्रैक्टिस सहित कई मामलों की सुनवाई भी की गई।

प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि मशीनों की खरीद-फरोख्त के दस्तावेजों में छेड़छाड़ संबंधित शिकायत पर ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डॉ. तूलिका चन्द्रा को हेड की कुर्सी गंवानी पड़ी थी। कार्यपरिषद के आदेश पर जांच हुई। जांच के दौरान क्वीनमेरी की अध्यक्ष डॉ. अंजू अग्रवाल को ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन हेड बनाया गया। जांच में आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकी। छेड़छाड़ किसने की। यह साबित नहीं हो सका। ऐसी दशा में डॉ. तूलिका चन्द्रा पर आरोप साबित नहीं हो सके। लिहाजा उन्हें शर्तों के साथ बरी कर दिया गया है। डॉ. तूलिका की दोबारा विभागाध्यक्ष पद पर ताजपोशी होगी। इसके आलावा एक विभागाध्यक्ष पर स्टाक रजिस्टर व कार्यालय के अन्य दस्तावेजों पर जाली दस्तखत के आरोप लगे हैं। साथ ही अवकाश पर जाते वक्त विभागाध्यक्ष पर सीनियर डॉक्टर को चार्ज न देने के आरोप हैं। उन्होंने बताया कि कार्यपरिषद ने डिस्प्लेनरी कमेटी गठित करने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। जांच के दौरान डॉक्टर को विभागाध्यक्ष की कुर्सी से हटाया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वहीं एक अन्य विभाग के अध्यक्ष पर प्राइवेट प्रैक्टिस के गंभीर आरोप लगे। बालागंज स्थित हेल्थ प्वांट हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मरीज की मौत हो गई थी। परिवारीजनों की शिकायत पर केजीएमयू प्रशासन ने जांच कमेटी गठित की थी। डिस्प्लेनरी कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर निजी प्रैक्टिस के आरोपी विभागाध्यक्ष को चार्ज शीट दी गई थी। कार्यपरिषद ने आरोपी विभागाध्यक्ष को नोटिस देकर जवाब तलब किया जाएगा। आरोपी डॉक्टर का पक्ष जानने के बाद कार्रवाई की जाएगी।



डॉ. तूलिका चंद्रा

- कार्यपरिषद की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए

सिटी डायरी

### डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी पथिक को महाकवि तुलसीदास सम्मान



डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी पथिक।

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम विस्तार स्थित मुन्नी देवी एवं पंडित रामतेज तिवारी आध्यात्मिक संस्थान ने साहित्यिक विद्वानों को उनके घर जाकर सम्मानित करने की परंपरा शुरू की है। इस श्रृंखला में लोकनायक महाकवि तुलसीदास सम्मान से डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी पथिक और उनकी कहानीकार पत्नी अंजली द्विवेदी को गौरा पन्त शिवानी सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. पथिक ने अब तक चार महाकाव्य, गीत संग्रह, विदेश यात्रा संस्मरण आदि से साहित्य जगत को समृद्ध किया है। संस्थान के महासचिव उमाशंकर तिवारी ने बताया कि संस्थान के अध्यक्ष डॉ. शरद पाण्डेय शशांक के सहयोग से प्रति माह किसी एक साहित्यिक विभूति के घर जाकर उसे सम्मानित किया जाता है।



रक्तदान करतीं ब्रह्माकुमारीज संस्था की सदस्य।

### शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल के ब्लड बैंक में ब्रह्माकुमारीज संस्था की ओर से रक्दान शिविर का आयोजन हुआ। ब्रह्मकुमारी सुमन दीदी ने बताया शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान किया। चिकित्सालय की निदेशक डॉ. कविता आर्या ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जो न केवल जरूरतमंद की जिंदगी बचाता है बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को आगे आकर नियमित रक्तदान करना चाहिए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ल और ब्लड सेंटर इंचार्ज डॉ. विनोद हरिराम गुप्ता मौजूद रहे।



व्याख्यान देते डॉ. संजीव कुमार सिंह।

### श्रीराम पर दिया व्याख्यान

**अमृत विचार, लखनऊ :** छतर मंजिल में चल रहे पुरातत्व अभिरुचि पाठ्यक्रम के तीसरे दिन दो सत्रों में विशेष व्याख्यान आयोजित किए गए। इनमें अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय अयोध्या के निदेशक एवं प्रबंधन सलाहकार डॉ. संजीव कुमार सिंह ने भारतीय इतिहास में राम और रामानुभूति : भारतीय कला में राम विषयों पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में पुरातत्व विभाग लो निदेशक डॉ. रेनू द्विवेदी, प्रकाशन विभाग के सहायक बलिहारी सेठ, उत्खनन एवं अन्वेषण अधिकारी राम विनय, अभयराज सिंह, संतोष कुमार सिंह, अकील खान, आशीष कुमार, विभा, हिमांशु, मयंक आदि मौजूद रहे।



छठी पर श्रीकृष्ण की पूजा करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### श्रीकृष्ण की छठी मनाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** डालीगंज स्थित माधव मंदिर में श्रीकृष्ण की छठी उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। मंदिर की महिला मंडली में कंचल साहू, कविता, रीता, रवीना और अनुपमा ने भजन गाए। कंचन साहू ने अपनी गोद में बैठाकर लाला कान्हा को काजल लगाया। प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि मंगल आरती पुजारी लालता प्रसाद ने की। अध्यक्ष बिहारी लाल साहू, भारत भूषण गुप्ता, ओमकार जयसवाल, घनश्याम दास अग्रवाल, श्याम जी साहू, दिनेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

यूनिटी कॉलेज

हुसैनाबाद में किया गया पैगाम-ए-कर्बला शीर्षक मजलिस का आयोजन

# पेंटिंग, सुलेख और कोटेशन प्रतियोगिता के विजेताओं को मिले इनाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हुसैनाबाद स्थित यूनिटी कालेज में शुक्रवार को मजलिस का आयोजन किया गया। पैगाम-ए-कर्बला शीर्षक से हुई मजलिस को मौलाना सैय्यद अरशद हुसैन अर्शी ने ख़िताब किया। इस मौके पर विद्वानों ने हजरत इमाम हुसैन के व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर यूनिटी कालेज के विद्यार्थियों ने हजरत इमाम हुसैन के व्यक्तित्व पर रौशनी डालने वाली पेंटिंग्स बनाईं। विद्यार्थियों की बनाई पेंटिंग्स को कला जगत के पारखियों ने देखा और उत्कृष्ट पेंटिंग्स का चयन किया। चयनित पेंटिंग बनाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

पेंटिंग प्रतियोगिता में अली अर्श को प्रथम, मासूमा जहरा को द्वितीय और अली हैदर को तृतीय पुरस्कार मिला। आलिया और हिबा जहरा को सांत्वना पुरस्कार मिला। कोटेशन प्रतियोगिता में आलिया रिजवी को प्रथम, सिद्दीका फातिमा को द्वितीय और आतैना रिजवी को तृतीय पुरस्कार मिला। शिफा फातिमा, राफिया मिर्जा, फरवा फातिमा, इकरा फातिमा, इश्बा रिजवी और अमीना मिर्जा को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। सुलेख में अलीशा को प्रथम, अयाना को द्वितीय और जिया हसन को तृतीय पुरस्कार मिला। इन प्रतियोगिताओं में रईस काजिम, अमीर हैदर और एनुल रजा ने निर्णायक के रूप में विद्यार्थियों की प्रतिभा को परखा।

कालेज के सचिव नजमुल हसन रिजवी ने विद्यार्थियों की कोशिशों की सराहना की। उन्होंने हजरत इमाम हुसैन की शिक्षाओं और उनके संदेशों के प्रसार की सलाह दी। इस मौके पर कालेज के प्रबंधक डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी भी मौजूद रहे।



हुसैनाबाद स्थित यूनिटी कालेज में मजलिस को खिताब करते मौलाना सैय्यद अरशद हुसैन अर्शी।

## सिटी ब्रीफ

### शिक्षकों से न लिए जाए गैर शैक्षणिक कार्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से बेसिक शिक्षकों की बीएलओ ड्यूटी ने लगाने का आग्रह किया है। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष विनय सिंह ने बताया कि सामान्य ग्राम पंचायत निर्वाचन 2026 के अंतर्गत बेसिक शिक्षकों की बीएलओ ड्यूटी एवं सुपरवाइजर के रूप में उप जिला अधिकारी के स्तर से लगाई जा रही है, जो शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत बीएलओ संबंधी ड्यूटी गैर शैक्षणिक कार्य हैं। गैर शैक्षणिक कार्यों का निर्वहन करने से छात्रों का पठन-पाठन प्रभावित होने के कारण प्रतिवर्ष विद्यालय में नामांकन कम होने हो रहा है ऐसे में शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य न लिया जाए।

### पुनर्वास विवि में छात्रों का धरना समाप्त

**अमृत विचार , लखनऊ :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में पिछले 4 दिन से चल रहे छात्रों का धरना समाप्त गया है। छात्रावास आवंटन को लेकर छात्र धरना दे रहे थे। छात्रों की मांग थी कि उनको फिर से छात्रावास आवंटन किया जाए। दरअसल, जुलाई में ही छात्रों से सभी छात्रवासों को खाली करा लिया गया था। नए सिरे से छात्रावास का आवंटन हो रहा था लेकिन जो छात्र गत 7 वर्ष से छात्रावास का लाभ उठा रहे थे उनको नियमानुसार फिर से छात्रावास नहीं दिया जा रहा था। जिसके कारण छात्र लगातार 4 दिनों से धरना पर बैठे थे। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि छात्रों की सभी जायज मांगे मान ली गई हैं। छात्रावास में प्रवेश मेरिट के आधार पर हॉस्टल पॉलिसी के अनुसार लिया जाएगा।

### प्रो. शिल्पी बनीं गुणवत्ता प्रकोष्ठ की निदेशक

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग की प्रो. शिल्पी वर्मा को विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ का निदेशक नियुक्त किया गया है। प्रो. शिल्पी वर्मा लंबे समय से पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में अध्यापन और शोध के क्षेत्र में सक्रिय हैं तथा शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों में उनका अनुभव विश्वविद्यालय को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर करेगा। इससे पूर्व प्रो. शिल्पी वर्मा आईक्यूसी डिप्टी डायरेक्टर एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी के पद पर भी कार्य कर चुकी हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार, सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने प्रो. वर्मा को उनकी इस नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### आईटीआई में प्रवेश अंतिम तिथि कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले के सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025 के चतुर्थ चरण में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को 24 अगस्त सायं 5 बजे तक आवेदन जमा करने का अवसर प्रदान किया गया है। यह सुविधा उन अभ्यर्थियों के लिए भी उपलब्ध है जिन्होंने पूर्व में ऑनलाइन आवेदन किया है, लेकिन किसी कारणवश प्रवेश नहीं ले सके अथवा चयनित न हो पाए। अभ्यर्थियों को अपना प्रार्थना पत्र, ऑनलाइन आवेदन पत्र, रैंक पत्र, आधार कार्ड एवं शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र सहित जनपद के किसी भी राजकीय आईटीआई में उपस्थित होकर आवेदन करना होगा। चतुर्थ चरण की मेरिट सूची 25 अगस्त को जारी की जाएगी। चयनित अभ्यर्थी अपने समस्त मूल अभिलेखों एवं उनकी छायाप्रतियों के साथ 26 अगस्त सायं 5 बजे तक संबंधित संस्थान में प्रवेश ले सकेंगे।

### संदर्शिका पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेसिक स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर संदर्शिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बेसिक शिक्षा परिषद के अधिकारियों ने बताया कि संदर्शिकाएं लर्निंग आऊट कम केन्द्रित है जिससे पाठ्यक्रम का शतप्रतिशत भाग कवर लिया जाता है। जबकि केवल पाठ्य पुस्तकों के प्रयोग से कुछ हिस्सा छूट जाता है। संदर्शिका में सुव्यवस्थित शिक्षण के साथ सुव्यस्थित आकलन की व्यवस्था है। क्योंकि आकलन जितना ही स्पष्ट होगा अधिगम प्रक्रिया उतनी ही तीव्र होगी।

### हैंडबॉल लीग चयन ट्रायल कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी प्रो हैंडबॉल लीग के लिए लखनऊ में 24 व 25 को चयन ट्रायल आयोजित किये जायेंगे। इन ट्रायल्स के माध्यम से खिलाड़ियों का पूल तैयार किया जाएगा, जिससे अक्टूबर में प्रस्तावित नीलामी के दौरान टीमों को खिलाड़ियों का चयन करने का मौका मिलेगा।

## नमन की गेंदबाजी ने कानपुर की तोड़ी कमर

### यूपी टी-20 लीग : कानपुर की लगातार चौथी हार, नोएडा किंग्स को चार विकेट से मिली शानदार जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** तेज गेंदबाज नमन तिवारी (4-0-24-4) की घातक गेंदबाजी ने शुक्रवार को यूपी टी-20 लीग में नोएडा किंग्स को चार विकेट से शानदार जीत दिलाई। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में उन्होंने गत वर्ष की उपविजेता कानपुर सुपरस्टार्स को शिकस्त दी। कानपुर की यह टूर्नामेंट में लगातार चौथी हार रही।

पहले बल्लेबाजी करते हुए कानपुर की शुरुआत खराब रही और टीम ने 13 रन पर पहला विकेट गंवा दिया। आदर्श सिंह मात्र 1 रन बनाकर नमन तिवारी का शिकार बने। नमन ने इसके बाद शौर्य सिंह (10), फैज अहमद (46) और कप्तान समीर रिजवी (0) को भी पवेलियन भेजकर कानपुर की कमर तोड़ दी। पूरी टीम 19.3 ओवर में 110 रन पर सिमट गई। नोएडा की ओर से कुणाल त्यागी ने 3 और मोहम्मद शारिम ने 2 विकेट झटके। जवाब में नोएडा किंग्स ने 18.4 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। राहुल राजपाल ने 21 और प्रशांत वीर ने 19 रन बनाए। कानपुर के राहुल शर्मा और शुभम मिश्रा ने दो-दो विकेट चटकाए। मुकाबले के दौरान बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा भी स्टेडियम में मौजूद रहे।


जीत की खुशी मनाते गोरखपुर लायंस के खिलाड़ी। अमृत विचार

- अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे हैं मुकाबले

### सिद्धार्थ यादव का 'तूफान', गोरखपुर लायंस ने लखनऊ फॉल्कंस को सात विकेट से हराया

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी टी-20 लीग में गोरखपुर लायंस के सिद्धार्थ यादव (45 गेंदों पर नाबाद 88 रन) के बल्ले ने ऐसा कहर बरपाया कि लखनऊ फॉल्कंस के गेंदबाज बेबस नजर आए। सिद्धार्थ की धमाकेदार पारी की बदौलत गोरखपुर ने लखनऊ को सात विकेट से हराकर उसकी जीत की हैट्रिक को रोक दिया। लखनऊ द्वारा दिए गए 183 रन के लक्ष्य को गोरखपुर ने 19 .5 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। आखिरी ओवर में जब टीम को 20 रन की जरूरत थी, तब सिद्धार्थ ने किशन कुमार सिंह की गेंदबाज़ी पर तीन छक्के और एक चौका जड़कर अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई। लखनऊ को इस टूर्नामेंट में चौथे मैच में हार का सामना करना पड़ा।183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोरखपुर की शुरुआत बेहतरीन रही। सलामी बल्लेबाज ध्रुव चंद जुरैल और आर्यन जुयाल ने पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत आधार दिया। ध्रुव (29) के आउट होने के बाद, आर्यन (27) भी पवेलियन लौट गए। इसके बाद, अक्शदीप नाथ (32) और सिद्धार्थ यादव ने पारी को बखूबी संभाला और तीसरे विकेट के लिए 96 रनों की निर्णायक साझेदारी की। अक्शदीप के आउट होने के बाद भी सिद्धार्थ ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और आखिरी ओवर में जीत सुनिश्चित की। इससे पहले, बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ फॉल्कंस की शुरुआत काफी खराब रही, जब 44 रन के स्कोर पर उसके चार बल्लेबाज पवेलियन लौट गए। इसके बाद, कृतज्ञ सिंह (70 रन) और आराध्य यादव (68 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 123 रनों की शानदार साझेदारी करके टीम का स्कोर 182 रन तक पहुंचाया। गोरखपुर की ओर से, तीरथ सिंह ने चार और वासु वत्स ने तीन विकेट लेकर शानदार गेंदबाजी की।

## शोध अधिकार को लेकर लुआक्टा ने फूंका आंदोलन का बिगुल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 28 अगस्त को विश्वविद्यालय से राजभवन तक करेंगे पैदल मार्च
- काला दिवस, धरना, दीक्षांत समारोह बहिष्कार की बनी रणनीति

**अमृत विचार:** शोध अधिकार को लेकर लुआक्टा लखनऊ विश्वविद्यालय संबद्ध शिक्षक संघ ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। इसे लेकर लुआक्टा अध्यक्ष डॉ. मनोज पाण्डेय के नेतृत्व में शिक्षकों का दल कुलपति प्रो. मनुका खन्ना से मिलकर आंदोलन से अवगत भी करा दिया है। कुलपति को दिए गए ज्ञापन में शिक्षक संघ ने कहा है कि 8 अगस्त को लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आहूत विद्या परिषद की बैठक में शोध अध्यादेश 2025 पारित किया गया है और महाविद्यालयों के स्नातक स्तर के शिक्षकों को शोध के अधिकार से वंचित कर दिया गया है। शासन से प्रदत्त इस अधिकार को नियम विरुद्ध रूप से विश्वविद्यालय द्वारा वंचित किये जाने के विरोध में धरना दिया गया। कुलपति से दो दौर की वार्ता भी हुई लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकला।

**28 अगस्त से शुरू होगा आंदोलन :** आगामी 28 अगस्त को लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त सभी महाविद्यालयो के शिक्षक सामूहिक अवकाश पर रहते हुए विश्वविद्यालय पर एकत्र होंगे। 3.30 बजे राजभवन के लिए मार्च करेंगे। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा जब भी कार्य परिषद की बैठक आहूत की जायेगी, उस दिन भी विश्वविद्यालय मे धरना दिया जायेगा। आंदोलन के अगले चरण में शिक्षक दिवस के पूर्व 4 सितम्बर को सभी महाविद्यालयो के शिक्षक काला फीता बांधकर विरोध करेंगे। 10 सितम्बर को विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का विरोध करेंगे एवं काला फीता बाधेंगे।


कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देते हुए। अमृत विचार

## लखनऊ के खिलाड़ियों का तैराकी चैंपियनशिप में जलवा

**अमृत विचार, लखनऊ :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित तरणताल में आयोजित पांचवीं उत्तर प्रदेश राज्य अंडर वाटर स्पोर्ट्स एवं फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप के पहले दिन लखनऊ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 9 पदक अपने नाम किए। इनमें 3 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। वहीं, देवरिया के खिलाड़ियों ने सबसे अधिक 6 स्वर्ण और 4 रजत पदक जीतकर चैंपियनशिप में दबदबा बनाया। लखनऊ के लिए बालिका जूनियर ई वर्ग की 200 मीटर बाई-फिन स्पर्धा में इनाया कौशिक ने स्वर्ण और आकायेशा सिंह ने रजत पदक जीते। इसी वर्ग के बालक वर्ग में रेयांश कुलश्रेष्ठ बी ने स्वर्ण और रूद्रांश कुलश्रेष्ठ ने रजत पदक हासिल किए। बालिका जूनियर डी वर्ग में आलिया नावेद ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। बालक जूनियर बी वर्ग की 200 मीटर सरफेस मोनो फिन स्पर्धा में आर्यन मिश्रा ने रजत और बालक जूनियर डी वर्ग में अर्जुन तिवारी ने रजत पदक हासिल किया। कांस्य पदक विजेताओं में बालक जूनियर 200 मीटर बाई-फिन में अंश खुराना और बालक जूनियर सी वर्ग की 200 मीटर सरफेस मोनो फिन स्पर्धा में आद्विक कौशिक शामिल रहे। जिला तैराकी चैंपियनशिप में सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के तैराकों का दबदबा देखने को मिला।

## यूपी पुलिस ने सहारा स्टेट को 5-1 से हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मिडविंटर व दयानंद क्लब के बीच मुकाबला ड्रॉ

**अमृत विचार:** कैंट स्थित दिलकुशा मैदान पर आयोजित सतीश शुक्ल मेमोरियल फुटबॉल लीग के सुपर लीग मुकाबलों में शुक्रवार को यूपी पुलिस की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सहारा स्टेट को 5-1 से शिकस्त दी और पूरे अंक अपने नाम किए। वहीं, दिन के दूसरे मुकाबले में मिडविंटर फुटबॉल क्लब और दयानंद फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ।

पहले मुकाबले में यूपी पुलिस ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया। मैच के 17वें मिनट में गौरव ने पहला गोल कर टीम का खाता खोला। इसके महज दो मिनट बाद, 19वें मिनट में गौरव ने एक और शानदार गोल कर पुलिस को 2-0 की बढ़त दिला दी। सहारा की टीम ने वापसी की कोशिश की लेकिन पुलिस की मजबूत रक्षा पंक्ति ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया। 29वें मिनट में अमन ने गोल कर बढ़त को 3-0 कर दिया। दूसरे हाफ में भी यूपी पुलिस का दबदबा जारी रहा। इमरान ने 48वें और राहुल ने 67वें मिनट में गोल कर स्कोर 5-0 कर दिया। सहारा स्टेट की ओर से एकमात्र गोल 68वें मिनट में हरि ने किया। अंततः मुकाबला यूपी पुलिस के पक्ष में 5-1 से समाप्त हुआ।

दूसरे मुकाबले में मिडविंटर क्लब और दयानंद क्लब के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। मिडविंटर की शुरुआत तेज रही और 15वें मिनट में अभिषेक ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले हाफ का यही स्कोर रहा। दूसरे हाफ में दयानंद क्लब ने खेल में वापसी की। 60वें मिनट में अयान ने गोल कर स्कोर को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने आक्रमण जारी रखा लेकिन कोई भी टीम बढ़त नहीं बना सकी और मुकाबला 1-1 की बराबरी पर खत्म हुआ।


बॉल पर कब्जा करने का प्रयास करते दोनों टीमों के खिलाड़ी। अमृत विचार

## बास्केटबॉल टूर्नामेंट 8 से 11 सितंबर तक लखनऊ में

**अमृत विचार, लखनऊ :** 29वां सब-जूनियर राज्य स्तरीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट अगले महीने 8 से 11 सितंबर तक लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी लखनऊ जिला बास्केटबॉल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियाज अहमद ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली लखनऊ बालक बास्केटबॉल टीम के गठन के लिए चयन ट्रायल 24 अगस्त को आयोजित किए जाएंगे। यह ट्रायल अलीगंज स्थित मॉडर्न स्कूल के बास्केटबॉल कोर्ट पर सुबह से शुरू होंगे। इस ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म एक जनवरी 2012 या उसके बाद हुआ हो। चयन प्रक्रिया के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया जाएगा, जो जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## 21वीं सदी की हिंदी गजल पर हुआ लविवि में व्याख्यान

**अमृत विचार , लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग और मालवीय मिशन के तत्वाधान में संचालित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. वशिष्ठ द्विवेदी ने इक्कीसवीं सदी की हिंदी गजल विषय पर वक्तव्य दिया। इक्कीसवीं सदी की पृष्ठभूमि में बीसवीं शताब्दी की हिन्दी ग़ज़ल परम्परा में निराला, त्रिलोचन से लेकर दुष्यंत कुमार आदि का उन्होंने विशेष रुप से उल्लेख किया। प्रथम सत्रांत में डॉ. रजनी खेडेकर ने प्रो. वशिष्ठ द्विवेदी जी का स्वागत किया एवं उनका विस्तृत रचनात्मक परिचय दिया तथा डॉ. अनीता वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज सेवा पुस्तिकाओं में गड़बड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक असमंजस में

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग में कर्मियों की मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज सेवा पुस्तिकाओं में गड़बड़ियां सामने आई हैं। गलत कैडर, त्रुटिपूर्ण नियुक्ति तिथि और अधूरी प्रविष्टियों की वजह से सैकड़ों शिक्षक असमंजस की स्थिति में हैं।

विभागीय सूत्रों के अनुसार जिन शिक्षकों की नियुक्ति प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर हुई थी, उन्हें पोर्टल पर प्रधानाध्यापक या सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय के पद पर दिखाया गया है। वहीं, वर्ष 29,334 गणित- विज्ञान भर्ती के अंतर्गत नियुक्त कई शिक्षकों को सीधे उच्च प्राथमिक विद्यालय सहायक अध्यापक के पद पर लाया गया था, लेकिन पोर्टल पर उनका कैडर प्राथमिक विद्यालय सहायक अध्यापक दर्ज है। यही नहीं, कई शिक्षकों और कर्मचारियों के इनिशियल कैडर की प्रविष्टि खाली पड़ी है। नियुक्ति तिथि और कार्यभार ग्रहण तिथि तक में भारी गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। यह स्थिति न केवल वेतनमान और पदोन्नति जैसी प्रक्रियाओं में बाधा बन रही है बल्कि शिक्षकों के भविष्य पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है खामियां संज्ञान में आई हैं जल्द ही इन्हें दूर कर दिया जाएगा।

## अनुसंधान के महत्व से कुलपति ने अवगत कराया

**अमृत विचार, लखनऊ :** लविवि में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानव संसाधन विकास केंद्र और मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र द्वारा रिसर्च मेथडोलॉजी इन सोशल साइन्सेज का आयोजन 22 से 29 अगस्त तक किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना द्वारा किया गया, उन्होंने प्रतिभागियों को अनुसंधान आचारशास्त्र के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रमुख वक्ताओं में प्रो. मनीष कुमार वर्मा ने रिसर्च एण्ड पब्लिकेशन एथिक इन सोशल साइन्सेज विषय पर व्याख्यान दिया। प्रोफेसर रवीन्द्र शर्मा ने नेशनल डेटा क्वालिटी गाइडलाइन इन सर्वेस विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने एनडीक्यूएफ के उद्देश्य पर चर्चा के साथ-साथ डेटा संकलन की त्रुटियों पर प्रतिभागियों की समझ विकसित की।

पुनर्वास विश्वविद्यालय

### चार श्रेणियों में कुल 25 प्रकार के पदक छात्रों को दिए जाएंगे

## दीक्षांत समारोह में सम्मानित होंगे पैरा खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आगामी 19 सितंबर को आयोजित होने जा रहा है। जिसमें देश विदेश में पैरा खेलों में मेडल जीतने वालों को राज्यपाल सम्मानित करेंगी। इसके अलावा विश्वविद्यालय में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को भी मेडल दिया जाएगा। कुल 4 श्रेणियों में 25 प्रकार के पदक मेधावी छात्रों को दिए जाएंगे। शैक्षिक सत्र 2024-25 में खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न खिलों के अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में विजयी खिलाड़ियों से मेडल प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, प्रार्थना-पत्र व पाठ्यक्रम की नवीनतम शुल्क चालान कॉपी 29 अगस्त तक जमा करने को कहा गया है।

सत्र 2024-25 में विश्वविद्यालय के करीब 12 से अधिक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में मेडल जीता है। इनमें से ज्यादातर खिलाड़ी विश्वविद्यालय के एमबीए संकाय से हैं। जिनको दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल के हाथों सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा विश्वविद्यालय के उन मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने सर्वोच्च अंक हासिल किए हैं। कुल चार श्रेणियों में 25 प्रकार के पदक जिनमें स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किए जाएंगे।

### इन श्रेणियों में दिए जाएंगे पदक

- 1-कुलाध्यक्ष स्वर्ण पदक, कुलाध्यक्ष रजत पदक, कुलाध्यक्ष कांस्य पदक
  कुलाध्यक्ष स्वर्ण पदक (दृष्टिबाधित विद्यार्थी हेतु), कुलाध्यक्ष स्वर्ण पदक, (श्रवणबाधित विद्यार्थी हेतु), कुलाध्यक्ष स्वर्ण पदक (अन्य दिव्यांग विद्यार्थी हेतु)
  2-मुख्यमंत्री स्वर्ण पदक, मुख्यमंत्री रजत पदक, मुख्यमंत्री कांस्य पदक, मुख्यमंत्री स्वर्ण पदक (दृष्टिबाधित विद्यार्थी हेतु), मुख्यमंत्री स्वर्ण पदक (अवभचाधित विद्यार्थी हेतु), मुख्यमंत्री स्वर्ण पदक (अन्य दिव्यांग विद्यार्थी हेतु)
  3-कुलपति स्वर्ण पदक 4-विशेष पदक

### इन छात्रों को दिए जाएंगे पदक

- विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकार के परास्नातक पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक सीजीपीए (कम्यूलेटिव ग्रेड प्वाइंट एवरेज) प्राप्त करने वाला एक विद्यार्थी। समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों में सीजीपीए के आधार पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाला एक विद्यार्थी। समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाला एक विद्यार्थी। समस्त परास्नातक पाठ्यक्रमों में एक दृष्टिबाधित विद्यार्थी। सर्वाधिक सीजीपीए प्राप्त करने वाला एक श्रवणबाधित विद्यार्थी। परास्नातक पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक सीजीपीए प्राप्त करने वाला एक अन्य दिव्यांग विद्यार्थी।

### समारोह में छात्रों को पाजामा कुर्ता में आना अनिवार्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आगामी 10 सितंबर को होने जा रहा है। जिसमें विभिन्न संकायों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छादत्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा शोध, नवचार, लेखन में श्रेणी में भी विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय की ओर से सभी मेडल प्राप्त करने वाले छात्रों को दीक्षांत समारोह के लिए दिशानिर्देश जारी किया गया है। जिसमें वर्ष 2025 के स्नातक, स्नातकोत्तर पीएचडी बीलिटर, उपाधि व मेडल प्राप्त करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को दीक्षान्त समारोह में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने को कहा गया है। छात्रों को 8 और 9 सितंबर को अंगवस्त्र व उत्तरीय वितरण हेतु बुलाया गया है। इसके लिए छात्रों से 350 रुपए अंगवस्त्र के लिए और निर्धारित परिधान, कुर्ता पैजामा हेतु 450 रुपए कैशियर कार्यालय में जमा करना होगा।

## सिटी डायरी


मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते प्राचार्य ।

### ब्लूम्स टैक्सीनॉमी पर पांचवें दिन विशेषज्ञों ने रखे विचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल पीजी कॉलेज में ब्लूम्स टैक्सीनॉमी पर परिणाम आधारित शिक्षा विषय पर संकाय विकास कार्यक्रम के अंतर्गत पांचवें दिन की कार्यशाला आयोजित की गई। इस सत्र का औपचारिक शुभारंभ आईक्यूएसी की उप निदेशक डॉ. दीक्षा शर्मा ने किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए आज की थीम का परिचय कराया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डीके सिंह ने विषय विशेषज्ञ प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज का स्वागत किया और परिणाम आधारित शिक्षा के क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता की सराहना की। अगले सत्र में प्रत्येक विभाग द्वारा बनाए गए पीओ पीएसओ और सीओ पर संशोधन रिव्यू और पीओ पीएसओं तथा सीओं के सारांश प्रस्तुत किए गए।


कार्यक्रम में प्रस्तुति देते नेपाल के छात्र।

### संगीत सम्मेलन में श्रीलंका और नेपाल के छात्रों ने बिखेरा जलवा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगीत सम्मेलन के दूसरे दिन शुक्रवार को श्रीलंका, नेपाल एवं देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागी छात्रों ने अपनी गायन प्रतिभा का ऐसा जलवा बिखरा कि सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम का सम्पूर्ण वातावरण संगीतमय हो गया और दर्शक भी छात्रों की प्रतिभा के कायल हो गये। देश-विदेश के इन प्रतिभागी छात्रों ने समूह गान एवं एकल गायन में गहरी सोच, रचनात्मकता व संगीत ज्ञान का प्रदर्शन किया।


उद्यमिता कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थी।

### उद्यमिता में उम्र बाधा नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर आजादी का अमृत काल समिति की ओर से उद्यमशीलता के माध्यम से विकास विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। मुख्य अतिथि समाधान समिति के संस्थापक मुकेश कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर आजादी का अमृत काल एवं एमीनेंट लेक्चर सीरीज की अध्यक्ष प्रो. शिल्पी वर्मा, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के संकायाध्यक्ष प्रो. अमित कुमार सिंह एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अर्पित शैलेश उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

### विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज के परिसर में मंडल स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय क्वांटम युग का आरंभ -संभावनाएं और चुनौतियां था । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर आशुतोष कुमार सिंह एवं मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉक्टर दिनेश कुमार ने किया। कार्यक्रम प्रभारी कीर्ति चौरसिया ने बताया कि संगोष्ठी में 6 जनपदों से 11 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# यूपी समेत नौ राज्यों में फैला नेटवर्क

## फर्जी आधार कार्ड का मामला : फर्जी कार्ड के लिए वसूले गये दो हजार से 40 हजार रुपये

- यूपी, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा व उत्तराखंड में फर्जीवाड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : एटीएस ने गुरुवार को फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का खुलासा किया। इस गिरोह के आठ सदस्यों को दबोचा गया। पूछताछ में आरोपियों ने कई राज उगले हैं। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के मुताबिक इस गिरोह का नेटवर्क उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा और उत्तराखंड में फैला है। यह गिरोह रोहिंग्या, बांग्लादेशी और नेपाली नागरिकों को फर्जी आधार कार्ड बनाकर दे रहा था। गिरोह ने जन सुविधा केंद्र के सुरक्षा सिस्टम को बायपास कर फर्जी आधार कार्ड बनाये। इसके लिए लोगों से दो हजार से 40 रुपये तक की वसूली की।

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के मुताबिक एटीएस ने आजमगढ़, गोरखपुर, सहारनपुर, मऊ, औरैया, कोलकाता, मुर्शिदाबाद, लखीसराय, कटिहार, राजस्थान और दिल्ली एनसीआर के लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्यों ने आधार कार्ड सेंटर से काम के बारे में बेसिक जानकारी व डाटा जुटाया। इसके बाद जीपीएस और मैक नंबर को बायपास करने के लिए विशेष एप का प्रयोग किया। इसके बाद फेक ऑथराइजेशन क्रिएट किए। ये फिंगरप्रिंट और आईरिस स्कैन के लिए जरूरी है। उन्होंने पूरे सिस्टम को बायपास कर कई राज्यों में अपने गिरोह को संचालित किया। एडीजी कानून-व्यवस्था के मुताबिक इस गिरोह के सदस्यों ने फर्जी आधार कार्ड बनाने के लिए दो हजार से 40 हजार रुपये तक की वसूली की। इन फर्जी आधारों का उपयोग फर्जी पासपोर्ट बनवाने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किया जा रहा था। गिरोह से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, फिंगरप्रिंट स्कैनर समेत प्रशासनिक अधिकारियों की फर्जी स्टैम्प बरामद किए गए हैं। इसी के साथ पहले से बने हुए आधार कार्ड भी मिले हैं। गिरोह के सरगना समेत 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने जिस गिरोह का खुलासा किया है। उसमें आजमगढ़ से पकड़े गये चार आरोपियों में दो जन सेवा केंद्र संचालक और दो यूबीआई में बने आधार कार्ड काउंटर पर कंप्यूटर आपरेटर हैं। फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले सबसे बड़े गिरोह का खुलासा डेढ़ वर्ष पूर्व हुआ था। इस गिरोह ने रायबरेली के सरेनी ब्लॉक में अनगिनत लोगों के फर्जी आधार कार्ड बनाया। पुलिस ने इस मामले में 18 लोगों को गिरफ्तार किया। यह गिरोह जन सुविधा केंद्र के आपरेट व ग्राम सचिव की मिलीभगत से काम कर रहा था।

# खेत की रखवाली करने निकले किसान पर बाघ का हमला, मौत

**नेरी, सीतापुर, अमृत विचार:** वन विभाग की लापरवाही विकास खंड महोली इलाके के एक किसान पर इस तरह भारी पड़ी कि बाघ के हमले से किसान को अपनी जान गंवानी पड़ी। किसान की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा रहा, जबकि ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग की लापरवाही के चलते किसान की मौत हो गई।

विकास खंड महोली के नरनी गांव निवासी 24 वर्षीय सौरभ दीक्षित पुत्र वेद प्रकाश दीक्षित शुक्रवार शाम अपनी फसल देखने खेतों की तरफ गया हुआ था। काफी देर हो जाने पर जब सौरभ घर वापस नहीं पहुंचा तो घरवालों ने तलाश शुरू की। ग्रामीण व परिजन उसे खोजते हुए जब खेतों की तरफ पहुंचे तो सौरभ का शव खेत में खून से लथपथ क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। यह देखते ही परिजन व ग्रामीण दंग रह गए क्योंकि सौरभ के शरीर के ऊपर बाघ के हमलों के गहरे निशान थे। बाघ के हमले से हुई मौत की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया। घटना के चलते मौके पर भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल ही इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पाकर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और वहां का मौका- मुआयना कर कई बिंदुओं पर जांच-पड़ताल की। वन विभाग की टीम ने किसान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पीएम ने विकास योजनाओं का किया लोकार्पण

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मोदी ने नोआपाड़ा से जय हिंद हवाई अड्डे तक कोलकाता मेट्रो की यात्रा का अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस यात्रा के दौरान, उन्होंने कई सहयोगियों से बातचीत की और पाया कि सभी ने कोलकाता की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली के आधुनिकीकरण पर प्रसन्नता व्यक्त की।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0 | Ctg-RBL-SMU-25 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at RBL Station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.09.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.09.2025 at 11:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of **www.ireps.gov.in** |

**Details of catering stalls to be auctioned are as under:**

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RAEBARELI | Catg-LKO-RBL-SMU-59-24-1 | RBL/ PF-2&3 | 02.09.2025 at 11:30 hrs. | SMU | SC |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2556/25


# अंबेडकरनगर में पिता ने की बेटे की निर्मम हत्या

- बेटे को डंडे से पीट-पीटकर मार डाला

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** विवाद के दौरान पिता के हमले में पुत्र की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


पवन (फाइल फोटो)।

मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के चौदहप्राश गांव का है। गुरुवार की देर रात पिता सिधारी और बेटा पवन (28) के बीच विवाद हो गया। सिधारी ने बेटे पवन पर डंडे से प्रहार कर दिया। जिससे पवन गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सिधारी के चार बेटे थे, तीन बेटे पानीपत में रहते हैं। पवन घर पर पिता के साथ रहता था। सिधारी की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार पिता-पुत्र दोनों नशे की हालत में अकसर विवाद करते थे।

जैतपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद फरार आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

पुत्र की मौत के बाद आरोपी पिता फरार हो गया है। जिसकी धर पकड़ के लिए जैतपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार गौतम ने जाल बिछा दिया और कुछ घंटे बाद ही फरार हुए आरोपी को थाना क्षेत्र के सेहरी गांव के निकट छुपे गन्ने के खेत से गिरफ्तार कर लिया। जैतपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शांति-व्यवस्था कायम रखने के लिए तत्पर हैं, किसी भी दशा में आरोपी को बक्शा नहीं जाएगा।

# हाईटेंशन लाइन में छुआ झंडा, 11 झुलसे

**बहराइच** : नवाबगज के ग्राम निम्निहारा में शुक्रवार को श्रीकृष्ण की मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। ग्रामीण मूर्ति विसर्जन के लिए ट्रैक्टर से बररोहेघाट जा रहे थे। इस दौरान निम्निहारा के पास एक बच्चे के हाथ में स्टील के पाइप में लगा झंडा अचानक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। तेज करंट की चपेट में आने से आठ बच्चों समेत 11 लोग झुलस गए। एक बच्चे की हालत गंभीर है।

घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी चरदा लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायलों में विद्याराम (35), संजना (8), राकेश (10), शुएब (12), आकाश (8), सचिन (7), रक्तार (5), रचना (10), लक्ष्मी (50), तहसीम (8) व एहसान (10) शामिल हैं। डॉक्टर द्वारा घायलों में इसरार (10) की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## राहुल के मानहानि केस में सुनवाई 9 तक टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मुकदमे की सुनवाई शुक्रवार को नहीं हो सकी। मामले में परिवादी भाजपा नेता व कोआपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि कोर्ट में गवाह हाजिर हुआ परंतु बचाव पक्ष के अस्वस्थ होने के प्रार्थना पत्र के कारण सुनवाई नौ सितंबर तक टल गई। पिछली सुनवाई में कोतवाली देहात क्षेत्र के पीताम्बरपुर निवासी गवाह अनिल मिश्र का बयान दर्ज हुआ था, जिनसे बचाव पक्ष की ओर से जिरह किया जाना बाकी है। गौरतलब है कि चार अगस्त 2018 को विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ यह मुकदमा दर्ज कराया था।

# धर्मांतरण के प्रयास के तीन आरोपी बंदी

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** एक दिन पहले युवती के धर्मांतरण के प्रयास की घटना को फर्जी साबित करने में जुटी कोतवाली पुलिस अचानक बैकफुट पर आ गई। शुक्रवार को पुलिस ने युवती के भाई की तहरीर पर गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को ढूंढ निकाला वहीं कस्टडी में मौजूद युवती को मेडिकल के लिए भी भेज दिया।

बताते चलें कि देवा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बीती 14 अगस्त को पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी 23 वर्षीया बहन को गांव के ही शानू, गुफरान, जावेद और जब्बार अपने साथ पहले बलरामपुर छांगुर बाबा के अड्डे पर ले गए थे। यहां पर आरोपियों ने उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। जब वह नहीं मानी तो उसे शानू के साथ मुंबई भेज दिया गया, जहां उसे प्रताड़ित कर जबरन धर्म बदलवाने की कोशिश की जा रही थी। पीड़िता ने किसी तरह मोबाइल फोन से अपने भाई को कॉल कर इस बात की जानकारी दी। इस पर भाई के साथ गई पुलिस मुंबई जाकर युवती को अपने साथ ले आई लेकिन आरोपी नहीं मिले। पीड़िता ने अपने भाई को बताया कि आरोपी उसे बंधक बनाए रखते, विरोध करने पर मारपीट करते, धमकी देते थे कि यदि धर्म परिवर्तन नहीं किया तो खाड़ी देश भेज देंगे। इस मामले पर कोतवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आरोप गलत हैं, आरोपी युवती के घर में रहता और घर का खर्च चलाता था। धर्मांतरण जैसी बात फर्जी है। उधर रात भर में पुलिस बैकफुट पर आ गई, शुक्रवार को नजारा बदला था। कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि युवती के भाई की तहरीर पर धर्मांतरण व एससी-एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल कराने के साथ ही जांच की जा रही है।

# हत्या के मामले में दम्पति समेत तीन को उम्रकैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आठ साल पहले हुई हत्या के मामले में न्यायालय ने दम्पति समेत तीन को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इन सभी को 27-27 हजार रुपया अर्थदण्ड भी अदा करना होगा।

थाना बदोसरांय पर हत्या के सम्बन्ध में अमरेश सोनकर, कल्पा सोनकर पत्नी अमरेश सोनकर निवासी ग्राम रसूलपुर व खरगू उर्फ मोहम्मद अहमद निवासी बदोसरांय के विरुद्ध पंजीकृत मुकदमे की विभिन्न धाराओं में न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससीएसटी कोर्ट ने प्रत्येक को आजीवन सश्रम कारावास व 27-27 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। संक्षिप्त विवरण के अनुसार, 5 अप्रैल 2017 को वादिनी गीता सोनकर पत्नी मिठाईलाल निवासिनी रसूलपुर थाना बदोसरांय द्वारा अपने पति मिठाई लाल की हत्या के सम्बन्ध में सूचना दी गई। न्यायालय ने सभी को एससीएसटी एक्ट व एक अन्य धारा में दोषमुक्त कर दिया।


**सूचना**

सूचित हो मैं मो0 अंजुम परवेज पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी–204 बी0सी0एन0 टावर, जे0टी0 चौकी सआदतगंज, लकड़मंडी, चौक, लखनऊ का हूं। मेरी पुत्री फरहीन अंजुम का चाल–चलन व क्रियाकलाप ठीक न होने के कारण मैं अपनी पुत्री फरहीन अंजुम को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं व अब मेरा इनसे कोई वास्ता व सरोकार न होगा ये अपने वैधानिक/अवैधानिक कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगी।

–शपथी

**गौतम बुद्ध डिग्री कॉलेज**
**गौरी रोड, बिजनौर, लखनऊ**
(अल्पसंख्यक संस्थान)
(लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

**बी0एड0 व एम0एड0 2025–27 में प्रवेश हेतु**

आवेदन फार्म महाविद्यालय के कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है।

प्रवेश अर्हता एन0सी0टी0ई0 एवं लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के मानकानुसार

**मो.– 9565828888**

**सूचना**

मैं सुमन देवी, पत्नी श्री संतराम गुप्ता, निवासी 17 रामपुर नहर का किनारा पुराना किला लखनऊ का हूं। मेरे पुत्र अरुण गुप्ता की जन्म तिथि स्कूल अभिलेखों में 24.10.2004 त्रुटिवश दर्ज हो गई है जो कि गलत है। मेरे पुत्र की सही जन्मतिथि 03.01.2011 है। भविष्य में इसी को सही माना जाए।

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)–बअदालत न्यायालय श्रीमान् सिविल जज (जू0डि0) एफ0टी0सी0, लखनऊ–आर0एस0 वाद सं0–2936/2024 पेशी–03.09.2025–1. Smt. Anjalee Yadav, aged about 37 years, wife of Sri Jitendra Nath Singh Yadav.-2. Km. Harshvi @ Jiya, aged about 05 years (minor), D/o Jitendra Nath Singh Yadav through natural guardian her mother Anjalee Yadav. Both above named plaintiffs are permanent resident of: Village-Piprahi, Post-Naisara, Police Station-Nandganj, Pargana and Tehsil-Saidpur, District-Gazipur. Plaintiff No.1 presently posted on the post of Police Inspector at Police Station Unit Anti Corruption Cell Reserve Police Line, Prayagraj, presently residing at: H.No.-14 (631/14), Adarsh Enclave, Saraswati Vihar, Mulayam Nagar, Ward: Ismailganj-II, Lucknow-Plaintiffs-**Versus**-1. Smt. Reeta Yadav, aged about 44 years, wife of: Sri Dhananjay Singh, R/o H.No.-12, Adarsh Enclave, Saraswati Vihar, Mulayam Nagar, Ismailganj-II, Lucknow.-DEFENDANTS-हरगाह–PLAINTIFF ने आपके नाम से एक नालिस बावत SUIT FOR DECLARATION AND PERMANENT INJUNCTION हेतु के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 03.09.2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा हालात से वाकई वाकिफकार किया गया हो और कुल अहम उमूरात मुताबिक का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश कर जिन पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों बयान तहरीरी दिनांक 03.09.2025 को दाखिल करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख 29.07.2025 ई0 को जारी किया जाये। दस्तखत हाकिम–मोहर अदालत


# कार्यालय : जिलाधिकारी, लखनऊ

संख्या : 1626/(भू0अ0)/न0म0पा0–प्रथम/लखनऊ  दिनांक: 14 अगस्त 2025

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारर्दिशता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 19 की अधिसूचना

लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ के माध्यम से सार्वजनिक प्रयोजन मेसर्स ओमेक्स गर्व बिल्डटेक प्रा0 लि0 की हाईटेक टाउनशिप परियोजना के अन्तर्गत अपूर्ण सडको/महायोजना मार्गो को पूर्ण कराये जाने हेतु जनपद लखनऊ परगना बिजनौर तहसील सरोजनीनगर ग्राम कल्ली पश्चिम में कुल 26.9647 हेक्टे. भूमि के सम्बन्ध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के अन्तर्गत जो प्रारम्भिक अधिसूचना सं0 220/(भू0अ0)/न0म0पा0–प्रथम/लखनऊ, दिनांक .01–07–2024 को निर्गत की गयी थी तथा अन्तिम रूप से दिनांक 25–07–2024 को प्रकाशित की गयी थी।

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 19 (7) के तृतीय प्रस्तर एवं भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार (उत्तर प्रदेश )नियमावली 2016 के प्रस्तर 23(6) में दी गयी व्यवस्थानुक्रम में अधिसूचना सं0 1489/8–अ0जि0अ0(भू0अ0)/न0म0पा0–1, दि0 2–7–2025 द्वारा प्रस्तावित भूमि के अर्जन हेतु भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 19 की अधिसूचना निर्गत करने हेतु समय–सीमा 12 माह को 50 दिन और विस्तारित किया गया है।

उप जिलाधिकारी, सरोजनीनगर, लखनऊ को परियोजना प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के उद्देश्य से प्रशासक नियुक्त किया गया था।

अधिनियम की धारा 15 की उपधारा (2) के प्राविधानों के अनुपालन में कलेक्टर भूमि अर्जन प्रयोजनार्थ, लखनऊ द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट दिनांक 13–08–2025, जो जिला कलेक्टर लखनऊ द्वारा दि0 14–8–2025 को अनुमोदित है, पर विचारोपरान्त धारा 19 (1) के अन्तर्गत राज्यपाल घोषणा करने का निर्देश देते है कि उन्हे यह समाधान हो गया है कि अनुसूची ''क'' में वर्णित भूमि का क्षेत्रफल सार्वजनिक प्रयोजन हेतु आवश्यक है। तथा अनुसूची ''ख'' में उल्लिखित जिला लखनऊ तहसील सरोजनीनगर परगना लखनऊ ग्राम कल्ली पश्चिम के सम्बन्धित ग्राम की शून्य हेक्टे. भूमि को विस्थापित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन हेतु पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है।

राज्यपाल अग्रेतर निर्देश देते है कि अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (2) के अधीन इस प्रभाव की घोषणा के प्रकाशन के साथ पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन योजना के सारांश के प्रकाशन की आवश्यकता नही है। उप जिलाकिारी, सरोजनीनगर, लखनऊ की आख्या के अनुसार लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा संचालित सार्वजनिक प्रयोजन यथा मेसर्स ओमेक्स गर्व बिल्डटेक प्रा0 लि0 की हाईटेक टाउनशिप परियोजना के अन्तर्गत अपूर्ण सडको/महायोजना मार्गो को पूर्ण कराये जाने हेतु जनपद लखनऊ परगना बिजनौर तहसील सरोजनीनगर ग्राम कल्ली पश्चिम के लिए अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि से कोई व्यक्ति विस्थापित नही हो रहा है।

## (प्रस्तावित अर्जन के अन्तर्गत भूमि)

| क्र0 | जनपद | तहसील | परगना | ग्राम | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखनऊ | सरोजनीनगर | लखनऊ | कल्ली पश्चिम | 2001 पी. | 0.0183 |
| 2 | | | | | 2004 पी. | 0.0243 |
| 3 | | | | | 2006 पी. | 0.0831 |
| 4 | | | | | 2015 पी. | 0.0426 |
| 5 | | | | | 2026 पी. | 0.0140 |
| 6 | | | | | 2027 पी. | 0.0100 |
| 7 | | | | | 2028 पी. | 0.0200 |
| 8 | | | | | 2030 पी. | 0.0277 |
| 9 | | | | | 2034 पी. | 0.0200 |
| 10 | | | | | 2080 पी. | 0.0839 |
| 11 | | | | | 2100 पी. | 0.1827 |
| 12 | | | | | 2104 | 0.0160 |
| 13 | | | | | 2106 पी. | 0.1200 |
| 14 | | | | | 2114 पी. | 0.0015 |
| 15 | | | | | 2130 पी. | 0.1540 |
| 16 | | | | | 2135 पी. | 0.0456 |
| 17 | | | | | 2136 पी. | 0.0337 |
| 18 | | | | | 2137 पी. | 0.0390 |
| 19 | | | | | 2138 पी. | 0.0050 |
| 20 | | | | | 2156 पी. | 0.1675 |
| 21 | | | | | 2161 पी. | 0.6100 |
| 22 | | | | | 2167 पी. | 0.0750 |
| 23 | | | | | 2177 पी. | 0.0980 |
| 24 | | | | | 2178 पी. | 0.0439 |
| 25 | | | | | 2179 पी. | 0.3022 |
| 26 | | | | | 2183 पी. | 0.0942 |
| 27 | | | | | 2184 पी. | 0.0744 |
| 28 | | | | | 2188 पी. | 0.2585 |
| 29 | | | | | 2189 पी. | 0.0234 |
| 30 | | | | | 2190 पी. | 0.1256 |
| 31 | | | | | 2205 पी. | 0.0496 |
| 32 | | | | | 2206 पी. | 0.1600 |
| 33 | | | | | 2210 पी. | 0.0322 |
| 34 | | | | | 2218 पी. | 0.1044 |
| 35 | | | | | 2220 पी. | 0.2859 |
| 36 | | | | | 2222 पी. | 0.2272 |
| 37 | | | | | 2225 पी. | 0.1417 |
| 38 | | | | | 2241 पी. | 0.0483 |
| 39 | | | | | 2244 पी. | 0.2253 |
| 40 | | | | | 2245 पी. | 0.1340 |
| 41 | | | | | 2246 पी. | 0.0344 |
| 42 | | | | | 2247 पी. | 0.0080 |
| 43 | | | | | 2346 | 0.2124 |
| 44 | | | | | 2354ड़ पी. | 0.0808 |
| 45 | | | | | 2364 पी. | 0.0422 |
| 46 | | | | | 2380 पी. | 0.0626 |
| 47 | | | | | 2381 पी. | 0.0384 |
| 48 | | | | | 2383 पी. | 0.1031 |
| 49 | | | | | 2385 पी. | 0.0068 |
| 50 | | | | | 2387 पी. | 0.0029 |
| 51 | | | | | 2388 पी. | 0.4152 |
| 52 | | | | | 2389 पी. | 0.0160 |
| 53 | | | | | 2391 पी. | 0.0103 |
| 54 | | | | | 2396 पी. | 0.0325 |
| 55 | | | | | 2397 पी. | 0.1098 |
| 56 | | | | | 2398 पी. | 0.0328 |
| 57 | | | | | 2399 पी. | 0.0133 |
| 58 | | | | | 2400 पी. | 0.0175 |
| 59 | | | | | 2401 पी. | 0.0078 |
| 60 | | | | | 2402 पी. | 0.0072 |
| 61 | | | | | 2409 पी. | 0.1153 |
| 62 | | | | | 2411 पी. | 0.0379 |
| 63 | | | | | 2426 पी. | 0.0527 |
| 64 | | | | | 2439 पी. | 0.6516 |
| 65 | | | | | 2440 पी. | 0.0200 |
| 66 | | | | | 2441 पी. | 0.0736 |
| 67 | | | | | 2847 क पी. | 0.9194 |
| 68 | | | | | 2912 पी. | 0.0087 |
| 69 | | | | | 2914 पी. | 0.0419 |
| 70 | | | | | 2918 पी. | 0.0059 |
| 71 | | | | | 2919 पी. | 0.0039 |
| 72 | | | | | 2920 पी. | 0.0008 |
| 73 | | | | | 2923 पी. | 0.0125 |
| 74 | | | | | 2929 पी. | 0.0249 |
| 75 | | | | | 2930 पी. | 0.0067 |
| 76 | | | | | 2933 पी. | 0.0088 |
| 77 | | | | | 2940 पी. | 0.0084 |
| 78 | | | | | 2941 पी. | 0.0104 |
| 79 | | | | | 2950 पी. | 0.0056 |
| 80 | | | | | 2955 पी. | 0.0176 |
| 81 | | | | | 2972 | 0.0172 |
| 82 | | | | | 2974 पी. | 1.0742 |
| 83 | | | | | 2977 पी. | 0.0125 |
| 84 | | | | | 2978 पी. | 0.0836 |
| 85 | | | | | 2979 पी. | 0.0296 |
| 86 | | | | | 3000 पी. | 0.0408 |
| 87 | | | | | 3001 पी. | 0.0909 |
| 88 | | | | | 3002 पी. | 0.0046 |
| 89 | | | | | 3003 पी. | 0.2854 |
| 90 | | | | | 3004 पी. | 0.0188 |
| 90 | | | | | 3005 पी. | 0.0515 |
| 91 | | | | | 3006 पी. | 0.0197 |
| 92 | | | | | 3007क पी. | 0.7275 |
| 93 | | | | | 3010 पी. | 0.0534 |
| 94 | | | | | 3011 पी. | 0.1229 |
| 95 | | | | | 3012 पी. | 0.0504 |
| 96 | | | | | 3013 पी. | 0.1084 |
| 97 | | | | | 3014 पी. | 0.1259 |
| 98 | | | | | 3015 पी. | 0.0902 |
| 99 | | | | | 3016 पी. | 0.0373 |
| 100 | | | | | 3017 पी. | 0.0914 |
| 101 | | | | | 3019 पी. | 0.0171 |
| 102 | | | | | 3023 पी. | 0.0076 |
| 103 | | | | | 3026 पी. | 0.0081 |
| 104 | | | | | 3029 पी. | 0.0011 |
| 105 | | | | | 3031 पी. | 0.0016 |
| 106 | | | | | 3033 पी. | 0.0314 |
| 107 | | | | | 3035 पी. | 0.0404 |
| 108 | | | | | 3036 पी. | 0.0044 |
| 109 | | | | | 3037 पी. | 0.0027 |
| 110 | | | | | 3040 पी. | 0.2612 |
| 111 | | | | | 3042 पी. | 0.0036 |
| 112 | | | | | 3050 ड पी. | 0.1012 |
| 113 | | | | | 3070 पी. | 0.1994 |
| 114 | | | | | 3078 पी. | 0.0138 |
| 115 | | | | | 3079 क पी. | 0.0040 |
| 116 | | | | | 3080 पी. | 0.5054 |
| 117 | | | | | 3089 पी. | 0.2018 |
| 118 | | | | | 3091 पी. | 0.1575 |
| 119 | | | | | 3093 पी. | 0.0291 |
| 120 | | | | | 3104 पी. | 0.0547 |
| 121 | | | | | 3108 पी. | 0.0560 |
| 122 | | | | | 3119 | 0.0160 |
| 123 | | | | | 3220 पी. | 0.2628 |
| 124 | | | | | 3234 पी. | 0.1675 |
| 125 | | | | | 3236 पी. | 0.1524 |
| 126 | | | | | 3262 पी. | 0.3612 |
| 127 | | | | | 3266 पी. | 0.0654 |
| 128 | | | | | 3270 पी. | 0.1036 |
| 129 | | | | | 3273 पी. | 0.2710 |
| 130 | | | | | 3287 पी. | 0.0468 |
| 131 | | | | | 3306 पी. | 0.0246 |
| 132 | | | | | 3307 पी. | 0.0806 |
| 133 | | | | | 3310 पी. | 0.2247 |
| 134 | | | | | 3318 पी. | 0.3833 |
| 135 | | | | | 3319 पी. | 0.1152 |
| 136 | | | | | 3320 पी. | 0.3384 |
| 137 | | | | | 3328 पी. | 0.1504 |
| 138 | | | | | 3330 पी. | 0.0188 |
| 139 | | | | | 3344 पी. | 0.1356 |
| 140 | | | | | 3347 पी. | 0.0261 |
| 141 | | | | | 3366 पी. | 0.0700 |
| 142 | | | | | 3384 पी. | 0.0475 |
| 143 | | | | | 3385 पी. | 0.0250 |
| 144 | | | | | 3388 पी. | 0.0315 |
| 145 | | | | | 3396 पी. | 0.0135 |
| 146 | | | | | 3397 पी. | 0.0050 |
| 147 | | | | | 3453 पी. | 0.4130 |
| 148 | | | | | 3454 पी. | 0.2456 |
| 149 | | | | | 3459 पी. | 0.0713 |
| 150 | | | | | 3474 पी. | 0.1248 |
| 151 | | | | | 3477 पी. | 0.0527 |
| 152 | | | | | 3480 पी. | 0.0585 |
| 153 | | | | | 3481 पी. | 0.3607 |
| 154 | | | | | 3485 पी. | 0.0810 |
| 155 | | | | | 3486 पी. | 0.1488 |
| 156 | | | | | 3487 पी. | 0.1362 |
| | | | | | योग | 17.1711 |

## अनुसूची–ख
(विस्थापित परिवारों के लिए व्यवस्थापन क्षेत्र के रूप मे चिन्हित भूमि)

| जनपद | तहसील | परगना | ग्राम | गाटा सं0 | अर्जित कये जाने वाला क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| लखनऊ | लखनऊ | लखनऊ | शून्य | शून्य | शून्य |

टिप्पणीः– उक्त भूमि का स्थलीय नक्शा कलेक्टर, लखनऊ/ कार्यालय अपर जिलाधिकारी (भूमि अर्जन), नगर महापालिका–प्रथम, 6, जगदीश चन्द्र बोस मार्ग, लालबाग, लखनऊ स्थित कार्यालय में देखा जा सकता है।

कलेक्टर,
(भूमि अर्जन प्रयोजनार्थ)
लखनऊ।

**UP-237049 दिनांक 21.08.2025**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**



तुरंत जीना शुरू करो और हर दिन को एक अलग जीवन मानो।
–सेनेका द यंगर, रोमन दार्शनिक

## दूरदर्शितापूर्ण कर सुधार

जीएसटी दरों के रेशनलाइजेशन पर गठित मंत्री समूह ने केंद्र सरकार के उस प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है, जिसके तहत वर्तमान चार दरों को घटाकर दो कर दिया जाएगा। उम्मीद है कि इसके प्रति प्रतिबद्ध सरकार इसे अगले वर्ष तक लागू करवा लेगी। प्रधानमंत्री ने लाल किले से घोषणा की थी कि वे जीएसटी में बदलावों के माध्यम से इस दीवाली आमजन को बड़ा तोहफा देंगे, जो टैक्स को कम करेगा और दैनिक उपभोग की वस्तुओं को सस्ता बनाएगा। स्पष्ट है कि वे अपने वादे से पीछे नहीं हटेंगे। यदि केवल 5 और 18 प्रतिशत के दो स्लैब रह जाएं, तो कर प्रणाली सरल होगी, अनुपालन बढ़ेगा और कर चोरी में कमी आएगी। इन सुधारों से जीएसटी अधिक पारदर्शी और विकासोन्मुख बनेगा। 12 प्रतिशत जीएसटी वाले लगभग 99 प्रतिशत उत्पादों को 5 प्रतिशत स्लैब में लाने से आम उपभोक्ता वस्तुओं के दाम घटेंगे। वहीं, 28 प्रतिशत वाले 90 प्रतिशत सामान और सेवाओं को 18 प्रतिशत स्लैब में लाने से वे मध्यम वर्ग की पहुंच में आ सकेंगी। इससे महंगाई में कमी आएगी और सभी वर्गों को राहत मिलेगी।

अब देखना यह है कि सरकार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों के दबाव के बावजूद हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी को पूरी तरह माफ करवा पाती है या नहीं। बीमा कंपनियों को छोड़कर अधिकांश हितधारक इस सुधार के पक्ष में हैं। आमजन और राज्य सरकारें भी इसका समर्थन कर रही हैं, हालांकि सरकार पेट्रोल पर जीएसटी नहीं लगा सकती, पर यह सुधार तो संभव है। यह सही है कि इस छूट से सरकार को सालाना लगभग 9,700 करोड़ रुपये की राजस्व हानि होगी। प्रस्तावित सुधारों के चलते चालू वित्त वर्ष में ही 45,000 करोड़ का घाटा हो सकता है और आगे चलकर यह आंकड़ा 85,000 करोड़ प्रतिवर्ष तक पहुंच सकता है, जो निश्चित रूप से बड़ा है। वर्तमान में 18 प्रतिशत स्लैब से जीएसटी राजस्व का 65 प्रतिशत आता है, जबकि 28 प्रतिशत स्लैब से केवल 11 प्रतिशत। यह तय है कि स्लैब कम करने से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई में लगभग 0.5 प्रतिशत की कमी आ सकती है। एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, उपभोग और टैक्स कटौती के कारण खरीदारी बढ़ेगी, जिससे अर्थव्यवस्था में लगभग दो लाख करोड़ रुपये का इजाफा होगा और राजस्व की भरपाई संभव हो सकेगी। फिलहाल राज्यों की आपत्तियों का समाधान शेष है, चूंकि जीएसटी राज्य और केंद्र का साझा विषय है, केंद्र सरकार को राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ व्यापक सहमति बनानी होगी, तभी काउंसिल इस प्रस्ताव को 75 प्रतिशत बहुमत से पारित कर सकेगी। सहमति के बाद जीएसटी कानून में संशोधन आवश्यक होगा और राज्य सरकारों को इसे लागू करने से पहले आवश्यक कानूनी, प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी होंगी। टैक्स कोड और सॉफ्टवेयर अपडेशन जैसे तकनीकी कदम उठाने के लिए समय देना होगा। दरों के लागू होने की तिथि तय करने के बाद कारोबारियों और उपभोक्ताओं को पूर्व सूचना भी देनी होगी। बेशक, सफर थोड़ा लंबा है, पर दिशा सही है।

### प्रसंगवश

## शिव और भस्मासुर की कहानी कहता 'गवरी'

अरावली की घाटियों में बसे राजस्थान के 'भील' वनवासियों का अतीत अत्यंत गौरवशाली रहा है। एकलव्य की संतान माने जाने वाले ये भील महाराणा प्रताप की गोरिल्ला फौज के बहादुर सैनिक थे। मेवाड़ राजवंश के राज-चिन्ह में भील को 'भीलू राणा' के रूप में तीर-कमान लिए रक्षक के रूप में दिखाया गया है। अपने अंगूठे के रक्त से नये महाराजाओं के राजतिलक का विशेषाधिकार तक मिला हुआ था उन्हें। राजस्थान के इन्हीं भीलों का परंपरागत लोकनाट्य है- 'गवरी'। गवरी को लोक-मानस में 'राई' के नाम से भी जाना-पहचाना जाता है। शिव और भस्मासुर की कहानी गवरी की मूल कथा मानी जाती है। गवरी में जो दृश्य अभिनीत किए जाते हैं, वे खेल, भाव अथवा सांग के नाम से पुकारे जाते हैं। गवरी के मूल में नृत्य की प्रधानता रही है, जो आज भी देखी जा सकती है। प्रत्येक भील परिवार का सदस्य इसमें भाग लेना अपना नैतिक और धार्मिक कर्तव्य समझता है। फलतः गवरी में कलाकारों की संख्या चालीस-पचास से लगाकर सौ से भी ज्यादा तक हो जाती है।





राजकुमार जैन राजन
लेखक


मुहूर्त के अनुसार प्रायः रक्षाबंधन के बाद आने वाली ठंडी राखी के दिन से ही गवरी प्रारंभ हो जाती है, जो लगभग 40 दिनों तक अनवरत चलती है। प्रत्येक भीली गांव में इस समय गवरी नाचना अनिवार्य सा है। जिस गांव में गवरी नहीं ली जाती वहां वर्षा कम ज्यादा होने, अकाल पड़ने, भयंकर भूकंप आने, आग लग जाने, चोरी-डाका पड़ने एवं हरी-भरी खेती नष्ट हो जाने की आशंका रहती है, ऐसी भील समुदाय की मान्यता है। भारत में कहीं भी ऐसा लोकनाट्य नहीं मिलेगा, जो इतनी लंबी अवधि तक पात्रों के इतने बड़े समूह के साथ विविध गांवों में इतने सुव्यवस्थित ढंग से सूर्योदय से सूर्यास्त तक प्रदर्शित किया जाता है। इस नृत्य नाटिका में प्रमुख नायक बूड़िया है, जिसे शिव का प्रतीक माना जाता है। इसके बदन पर भगवा साफा बंधा होता है। कमर में बड़े-बड़े घुंघरू बंधे रहते हैं। बूड़िया अपने मुंह पर भयानक मुखौटा बांधे रहता है। इसके हाथ में लकड़ी की बनी तलवार होती है।

यह प्रत्येक स्वांग के पहले और अंत में दूसरे कलाकारों के विपरीत दिशा में नृत्य करता है। बूड़िये के साथ दो 'रायां' होती है, जिनमें अलौकिक शक्तियों का प्रवेश रहता है। वे मुंह को इस प्रकार बांधे रहती है कि केवल आंखें ही दिखाई पड़ती हैं। दो भोपे होते हैं, जिनके गले में देवताओं के प्रतीक चिन्ह बंधे रहते हैं। ये हाथ में मोर-पंख, लोह-जंजीर आदि रखकर देवताओं से नृत्य परिसर में उपस्थित रहने के लिए प्रार्थना करते हैं।

गांव का कोई मैदान, चौराया अथवा खुला आंगन ही गवरी का रंगमंच होता है। जहां-जहां गवरी वाले गांव की बहिन-बेटियां ब्याही हुई होती हैं, वहां-वहां इसके प्रदर्शन आयोजित किए जाते हैं। गवरी में चार प्रकार के पात्र होते हैं, जिनमें देवपात्र, मानव पात्र, दानव पात्र एवं पशु पात्र होते हैं। देवपात्र सभी प्रकार के विकारों से रहित आदर्श के प्रतीक एवं कालजयी होते हैं। कालका, शिव-पार्वती देव पात्र के रूप में उपस्थित होते हैं। गवरी में मानव पात्रों की बहुलता होती है, जिनमें कंजर, नट, भोपा, संकरिया, बूड़िया, खेतूड़ी, देवर, भोजाई, बादशाह, बणियां, कानुगुजरी, कृष्ण आदि होते हैं। डाकण, भंवरा, हठिया, भियांवड़ तथा खड़ल्या भूत गवरी के दानव-पात्र हैं। इनका रूप भयानक होता है। सूअर, रीछ तथा शेर पशु पात्र होते हैं। गवरी में कभी पुरुष पात्र अपना शौर्य दिखाते हैं, तो कभी अशुद्ध एवं असत् वृत्तियों के दानव पात्र सृष्टि को अपने मनोनुकूल संचालित करने का प्रयत्न करने हैं एवं सृष्टि पर कब्जा करना चाहते हैं। गवरी में ये पात्र धाड़-फाड़ करते हुए दिखाई देते हैं, लेकिन अंत में कालचक्र ऐसा आता है कि सभी नष्ट हो जाते हैं और देवसत्ता स्थापित हो जाती है।

## संविधान संशोधन बिल: बदलाव की उम्मीदें और शंकाएं







सुनील कुमार महला
स्वतंत्र पत्रकार


हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में नया विधेयक पेश किया। पेश किए गए विधेयक- संविधान संशोधन, संघ राज्य क्षेत्र शासन संशोधन और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। गंभीर आपराधिक मुकदमा दर्ज होने की स्थिति में एक सामान्य व्यक्ति को हमारे देश में कोई नौकरी तक नहीं दी जाती है, तो देश के नेताओं के साथ भी ऐसा कुछ प्रावधान क्यों नहीं किया जाना चाहिए? आज हमारे देश में अनेक दागी नेता आसानी से कैबिनेट मंत्री और मुख्यमंत्री तक बन जाते हैं, लेकिन अब इस बिल के लाए जाने के बाद इस परंपरा पर कहीं न कहीं रोक लग सकेगी।

इस बिल का विपक्ष विरोध कर रहा है। विपक्षी सांसदों ने विधेयक की प्रतियां तक फाड़ दीं और कागज गृह मंत्री शाह की ओर उछाले। दरअसल, इस संबंध में विपक्ष का आरोप है कि विधेयक का दुरुपयोग किया जाएगा। संसद में हंगामा इतना बढ़ गया कि मार्शलों को शाह की तरफ आना पड़ा और उनके लिए सुरक्षा घेरा बना लिया।

बिल की कॉपी फाड़े जाने पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला काफी नाराज हुए और सांसदों से ऐसा नहीं करने के लिए कहा। इस दौरान शाह और कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल के बीच तीखी बहस भी हुई। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि गिरफ्तारी के दौरान शाह ने पद नहीं छोड़ा था। जवाब में शाह ने कहा कि उन्होंने अरेस्ट होने से पहले ही नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे दिया था। शाह ने कहा कि संशोधन का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री जेल से सरकार न चला सकें। उन्होंने कहा, 'जनता को तय करना होगा कि जेल से सरकार चलाना उचित है या नहीं।' बाद में एक्स पर पोस्ट करते हुए अमित शाह ने कहा, 'एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आपको कानून के दायरे में लाने का संविधान संशोधन पेश किया और दूसरी ओर कानून के दायरे से बाहर रहने, जेल से सरकारें चलाने और कुर्सी का मोह न छोड़ने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व में पूरे विपक्ष ने इसका विरोध किया।' अमित शाह ने इंदिरा गांधी के कार्यकाल में 39वां संविधान संशोधन विधेयक लाकर प्रधानमंत्री के विरूद्ध किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं करने का प्रावधान करने का हवाला देते हुए कांग्रेस को आड़े हाथों लिया।

> गृह मंत्री ने लोकसभा में 130वां संविधान संशोधन बिल पेश किया है। इसे लेकर विपक्ष भारी विरोध में है। उसका कहना है कि केंद्र सरकार ईडी-सीबीआई के जरिए इस कानून का दुरुपयोग करेगी।

ये बिल प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और मंत्रियों पर लागू होता है, लेकिन इसमें विधायकों और सांसदों का कोई जिक्र नहीं है। इसका मतलब ये हुआ कि विधायकों और सांसदों पर अब भी वही नियम लागू होगा, जिसमें उनकी सदस्यता तब तक वैध होती है, जब तक अदालत से उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाता और उन्हें दो साल या उससे ज्यादा की सजा नहीं होती। इस संबंध में सरकार का यह कहना है कि ये बिल संवैधानिक पदों पर बैठे नेताओं के चरित्र और आचरण को संदेह से परे रखेगा, जो नेता गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार हुए हैं, उनके इस्तीफे से जनता का विश्वास लोकतंत्र में मजबूत होगा। सरकार ये भी कह रही है कि जब जेल जाकर भी कोई नेता पद को नहीं छोड़ता तो इससे समाज में गलत संदेश जाता है, जैसा कि अरविंद केजरीवाल के मामले में हुआ था।

यहां यह उल्लेखनीय है कि साल 2013 में यूपीए की सरकार दागी नेताओं को बचाने के लिए एक अध्यादेश (आर्डिनेंस) लाई थी, जिसके अनुसार यदि किसी सांसद को अदालत से सजा हो जाती है और ये सजा दो साल से ज्यादा है, तो तब भी वो नेता ऊपरी अदालत में अपील दायर करके सांसद बना रह सकता है। ये अध्यादेश दागी सांसद खुद को बचाने के लिए लाए थे, जिसका स्वयं राहुल गांधी ने भी विरोध किया था और कहा था कि ऐसे अध्यादेश को तो फाड़कर फेंक देना चाहिए, लेकिन अब सरकार यह कह रही है कि मुख्यमंत्री और मंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री भी दागी हो जाएं, तो उन्हें अपने पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मौजूदा लोकसभा में 543 में से 251 यानी 46 फीसदी सांसद दागी हैं। इनमें भी 27 सांसद ऐसे हैं, जिनके खिलाफ निचली अदालतों में आरोप साबित भी हो चुके हैं। बड़ी पार्टियों में सबसे ज्यादा कांग्रेस के 49 प्रतिशत सांसद दागी हैं और बीजेपी के 39 प्रतिशत सांसद दागी हैं। इतना ही नहीं, लोकसभा के 170 यानी 31 फीसदी सांसदों पर रेप, हत्या, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ गंभीर अपराध के मुकदमे दर्ज हैं। इनमें बीजेपी के कुल 26 प्रतिशत यानी 63 सांसदों पर संगीन अपराध के आरोप हैं। कांग्रेस के 32 प्रतिशत यानी 32 सांसदों पर आरोप हैं और समाजवादी पार्टी के 17 और टीएमसी के भी सात सांसदों पर हत्या, रेप और लूट के मामलों में आरोप हैं।

इन आपराधिक मुकदमों के बाद भी ये नेता भारत की संसद का हिस्सा हैं, यह विडंबना ही है। विपक्षी नेताओं ने इस बिल को लोकतंत्र विरोधी और न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए खतरा बताया है, वहीं दूसरी ओर सरकार का कहना है कि जनता तय करे, पीएम-सीएम या मंत्री को जेल से सरकार चलानी चाहिए या नहीं। हाल-फिलहाल, देखना यह होगा कि संयुक्त संसदीय समिति इस मुद्दे पर अपनी सिफारिशें संसद को कब और क्या सौंपती है?

### आमने



गया पिंडदान की धरती है। प्रधानमंत्री मोदी जी आज गया में नीतीश कुमार की राजनीति और उनकी पार्टी का पिंडदान करने आ रहे हैं।

**–लालू प्रसाद यादव**
अध्यक्ष, राष्ट्रीय जनता दल

### सामने

यह गलत है। यह कैसी भाषा है? आप नीतियों पर सवाल उठा रहे हैं। आप 'एसआईआर' को मुद्दा बना रहे हैं, जो ठीक है। लेकिन 'पिंडदान' कहना और मुख्यमंत्री के खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना, मैं इसकी निंदा करता हूं।

**–चिराग पासवान**
अध्यक्ष, लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास)



## अभी जीतने को आसमां और भी हैं...




योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार


प्राचीन भारत के ऋषि आकाशगंगा और ग्रहों-नक्षत्रों के रहस्यों को अपने ज्ञान से परिभाषित कर रहे थे, तब पश्चिमी सभ्यता उनके अस्तित्व तक से अपरिचित थी। आर्यभट्ट जैसे खगोलशास्त्री ने न केवल शून्य और दशमलव जैसी गणितीय अवधारणाओं से विश्व का मार्गदर्शन किया, बल्कि यह भी सिद्ध कर दिया कि पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है और सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करती है। यही वैज्ञानिक परंपरा आज भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अदम्य साहस और अथक परिश्रम के रूप में नई ऊंचाईयों को छू रही है। आज भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम केवल देश की तकनीकी क्षमता का ही प्रतीक नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत की निरंतरता का दर्पण भी है।

23 अगस्त 2023 का दिन तो भारत के लिए एक ऐसा गौरवपूर्ण अवसर लेकर आया, जिसने पूरे विश्व को हतप्रभ कर दिया। इसी दिन इसरो ने अपने महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-3 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतारकर इतिहास रचा था। भारत की यह केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं थी बल्कि राष्ट्र की सामूहिक इच्छाशक्ति, वैज्ञानिकों की प्रतिभा और प्राचीन ज्ञान से उपजे उस आत्मविश्वास का परिणाम था, जिसने भारत को अंतरिक्ष विज्ञान में शीर्ष पंक्ति में खड़ा कर दिया। यह संयोग ही है कि चंद्रयान-3 की सफलता को अमर बनाने और देश की नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए 23 अगस्त को प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष यह दिवस 'आर्यभट्ट से गगनयानः प्राचीन ज्ञान से अनंत संभावनाओं तक' की थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो अतीत की उपलब्धियों और भविष्य की अनंत संभावनाओं का संगम है।

> भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में जाने का फैसला 1962 में 'इंडियन नेशनल कमेटी फॉर स्पेस रिसर्च' की स्थापना के साथ की थी। चंद्रयान मिशन के बाद आज भारत दुनिया में चौथे मकाम पर माना जाता है।

भारत की अंतरिक्ष यात्रा उतनी ही कठिन है, जितनी रोमांचक। 1947 में देश आजाद हुआ, तब हमारे पास न तो आधुनिक तकनीक थी, न संसाधन और न ही वैज्ञानिक आधारभूत संरचना। इसी धरती ने डॉ. विक्रम साराभाई, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और सैंकड़ों वैज्ञानिकों को जन्म दिया, जिन्होंने सीमित साधनों में भी असीम सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। इसरो की स्थापना के साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान की नई सुबह हुई और भारत ने उस राह पर चलना शुरू किया, जिस पर कभी केवल अमेरिका और सोवियत संघ जैसे महाशक्तिशाली राष्ट्र चलते थे। भारत का चंद्र मिशन इस यात्रा की सबसे चमकदार कड़ी है। 2008 में चंद्रयान-1 ने यह साबित कर दिया कि भारत केवल पृथ्वी की कक्षा तक सीमित रहने वाला देश नहीं बल्कि चंद्रमा के रहस्यों को सुलझाने वाला अग्रणी राष्ट्र है। यही वह मिशन था, जिसने पहली बार चंद्रमा पर पानी के अणुओं की उपस्थिति की पुष्टि कर वैश्विक वैज्ञानिक जगत को चौंका दिया।

उसके बाद 2019 में भारत ने चंद्रयान-2 के साथ साहसिक कदम उठाया और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की ओर प्रस्थान किया। भले ही चंद्रयान-2 का लैंडर विक्रम सुरक्षित उतरने में असफल रहा हो, लेकिन उसका ऑर्बिटर आज भी अमूल्य वैज्ञानिक जानकारी लगातार भेज रहा है। यही असफलता भविष्य की सफलता की नींव बनी और चंद्रयान-3 ने 23 अगस्त 2023 को वह कर दिखाया, जो किसी भी देश के लिए संभव नहीं हो सका था।

भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला राष्ट्र बना। चंद्रयान-3 की सफलता केवल तकनीकी दृष्टि से ही अद्वितीय नहीं थी, बल्कि वह इसरो की लागत-प्रभावी रणनीति का भी उदाहरण बनी, जहां अन्य देशों को अरबों डॉलर खर्च करने पड़ते हैं, वहीं भारत ने यह इतिहास मात्र 615 करोड़ रुपये में रचा। यह उस वैज्ञानिक सोच का परिणाम है, जो सरलतम साधनों में भी श्रेष्ठतम परिणाम प्राप्त करने में विश्वास रखती है। इस मिशन का विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर आज भी चंद्रमा की सतह पर भारत की विजयगाथा सुनाते हैं।

भारत की यह यात्रा केवल चंद्रमा तक ही सीमित नहीं है। मंगलयान (मंगल ऑर्बिटर मिशन) ने 2014 में पूरे विश्व को चकित किया, जब भारत पहले ही प्रयास में मंगल की कक्षा में पहुंचने वाला पहला देश बन गया। अब गगनयान मिशन मानव को अंतरिक्ष में ले जाने की तैयारी कर रहा है, जो भारत को अंतरिक्ष विज्ञान में और भी ऊंचाई पर पहुंचा देगा। यह सब कुछ हमें बार-बार यह स्मरण कराता है कि हमारे पूर्वजों का खगोल और गणित का ज्ञान आज भी हमारी राह रोशन कर रहा है।


'आर्यभट्ट से गगनयान' की यात्रा केवल एक वैज्ञानिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना की यात्रा भी है। जब प्राचीन ऋषि यज्ञशाला में ग्रह-नक्षत्रों की गति का अध्ययन कर रहे थे, तब वे आधुनिक विज्ञान की नींव रख रहे थे। आर्यभट्ट ने सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण की वैज्ञानिक व्याख्या दी। भास्कराचार्य ने समय, गति और ग्रहों के स्थान की अद्भुत गणना की। यही धारा आधुनिक भारत में इसरो की प्रयोगशालाओं और प्रक्षेपण स्थलों पर दिखाई देती है, जहां वैज्ञानिक गणितीय समीकरणों और तकनीकी उपकरणों से अंतरिक्ष के रहस्यों को सुलझा रहे हैं। गगनयान से लेकर आदित्य-एल-1, मंगलयान-2 से लेकर भविष्य के चंद्र मिशनों तक भारत की यह यात्रा अब थमने वाली नहीं। इसरो का हर कदम न केवल भारत को नई ऊंचाईयों तक ले जाएगा बल्कि पूरी मानवता के लिए नए आयाम खोलेगा। आर्यभट्ट से शुरू हुई यह यात्रा 'गगनयान' तक पहुंची है और आगे यह हमें अनंत संभावनाओं तक ले जाएगी।



### सामयिकी

## महिला अपराधः अराजकता और मीडिया रिपोर्टिंग

कई दिनों से एक युवा महिला अध्यापक की मृत्यु को लेकर हरियाणा के जिला भिवानी के गांव सिंघानी को लेकर मीडिया रिपोर्टर्स ने हंगामा मचा रखा है। मुद्दे की हकीकत, साइंटिफिक फैक्ट्स, तरह-तरह के अनाधिकारिक वक्तव्य, कयास, ऊंची-नीची बातें, जिनमें से झूठी कितनी हैं और सच्ची कितनी, इसकी एनालिसिस, पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई में विलंब और मीडिया एक्सपोजर के कारण मृतक के परिजनों की व्यथा में बढ़ोतरी जैसे विवरणों से मीडिया में बाढ़ आई हुई है। इन रिपोर्ट्स को देखकर, खासतौर से यू-ट्यूबर्स के पल, प्रतिपल के वाहियात अपडेट्स, मन में इनके प्रति घिन उत्पन्न होती है। 11 अगस्त को स्कूल से कहीं और जाते समय रास्ते से गायब हुई 19 साल की युवती जब घर नहीं पहुंची और ढूंढा गया तो 13 अगस्त को उसका आंशिक रूप से क्षत-विक्षत शरीर खेतों में पड़ा मिला। दस दिन तक चले जनाक्रोश और मीडिया हाइप के बाद 21 अगस्त को मनीषा का संस्कार कर दिया गया। परिजनों ने कहा कि उन्हें फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स और डॉक्टर्स की रिपोर्ट पर कोई आपत्ति नहीं है।




रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार



घटना के बारे में गांव-गुहांड को पता चल गया। गांव में बहुत लोग इकट्ठा हुए। आला अधिकारियों और बड़े नेताओं तक मामला पहुंचा। पुलिस कार्रवाई में विलंब से लोग भड़के। कुछ सवाल उठे। इस बीच शव की तीन बार फॉरेंसिक जांच की गई। मृत्यु का जो कारण पहली और दूसरी बार बताया गया है, उसे जनता ने रिजेक्ट कर दिया। तीसरी बार फिर से फॉरेंसिक जांच की गई। प्रांतीय सरकार के होम डिपार्टमेंट के अंतर्गत काम करने वाली फॉरेंसिक लैब्स बहुत उन्नत नहीं हैं। न ही इनमें काम करने वाले तकनीकी अधिकारी साइंटिस्ट्स हैं। यहां की बैलिस्टिक लैब्स भी उन्नत नहीं है। फॉरेंसिक लैब्स में काम करने वाले स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स का इस्तेमाल करते हैं और इसके लिए मैनुअल्स को नियमित रूप से कंसल्ट करना जरूरी होता है। मनीषा के मामले में तीनों फॉरेंसिक रिपोर्ट्स कनफ्लिक्टिंग हैं। अब चौथी ऑटोप्सी के लिए विसरा सैंपल्स को क्या हैदराबाद में सेंटर फॉर सेलुलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी (सीसीएमबी) भेजने की तैयारी करनी होगी? आमजन को फॉरेंसिक साइंस की बारीकियों के बारे में खास जानकारी नहीं होती। दूसरा यह कि मीडिया के लोग भी इसके बारे में कुछ खास नुक्ते न तो जानते हैं और न ही रिसर्च करके जानने की कोशिश करते हैं।

फॉरेंसिक साइंस और मर्डर इन्वेस्टिगेशन में हमारी पुलिस के लोअर रैंक के अधिकारी जो ज्यादातर असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर या सब-इंस्पेक्टर रैंक के होते हैं, कितने सक्षम और साइंटिफिकली जागरूक होते हैं, अभी कह नहीं सकता, क्योंकि इनकी कैपबिलिटीज को एसेस करने का न तो मेरे पास कोई जरिया है और न ही पुलिस विभाग कभी ऐसे अध्ययन करवाता है, इसलिए इन्वेस्टिगेशन में कमजोरी हमेशा बनी रहती है, जो अकसर मर्डर केस की हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सामने आती है।

ऑटोप्सी रिपोर्ट में ऐसा कुछ नहीं होता जो मीडिया से शेयर न किया जा सकता हो, लेकिन ऑटोप्सी रिपोर्ट मिली या नहीं मिली, यह किसी भी मीडिया रिपोर्ट से मालूम नहीं हो रहा। रिपोर्टर अंग्रेजी भाषा के मीडिया से हैं या हिंदी भाषा से, इन्हें साइंटिफिक फैक्ट्स को लेकर रिपोर्ट लिखनी नहीं आती। ज्यादातर रिपोर्टर्स नॉन-साइंस विषयों से आते हैं और यह अहसास कराते हैं कि इनमें से अनेकों ऐसे हैं जिन्हें जर्नलिस्टिक एथिक्स की जरा भी समझ नहीं, खासतौर से फ्री-लांस यू-ट्यूबर्स को। इनके कंटेंट को कंट्रोल करना असंभव है। प्रदेश के नेताओं और अन्य समाज स्तर पर यह अवधारणा कि हरियाणा में पाप नहीं होते, बर्बरता नहीं है और महिलाओं का बड़ा सम्मान है, सिर्फ एक दिखावा मात्र है। महिला सुरक्षा को लेकर कुछ नाकाफी उपाय किए गए हैं, लेकिन जरूरत है इसे पुख्ता किए जाने की, ताकि घर से निकली महिला सुरक्षित वापस घर आ सके।

### सोशल फोरम

## लोहार और व्यापारी



एक बढ़ई किसी गांव में काम करने गया, लेकिन वह अपना हथौड़ा साथ ले जाना भूल गया। उसने गांव के लोहार के पास जाकर कहा, "मेरे लिए एक अच्छा सा हथौड़ा बना दो। मेरा हथौड़ा घर पर ही छूट गया है।" लोहार ने कहा, "बना दूंगा पर तुम्हें दो दिन इंतजार करना पड़ेगा। हथौड़े के लिए मुझे अच्छा लोहा चाहिए। वह कल मिलेगा।"

दो दिनों में लोहार ने बढ़ई को हथौड़ा बना कर दे दिया। हथौड़ा सचमुच अच्छा था। बढ़ई को उससे काम करने में काफी सहूलत महसूस हुई। बढ़ई की सिफारिश पर एक दिन एक ठेकेदार लोहार के पास पहुंचा। उसने हथौड़ों का बड़ा ऑर्डर देते हुए यह भी कहा कि पहले बनाए हथौड़ों से अच्छा बनाना। लोहार बोला, "उनसे अच्छा नहीं बन सकता। जब मैं कोई चीज बनाता हूं तो उसमें अपनी तरफ से कोई कमी नहीं रखता, चाहे कोई भी बनवाए।"



हमारे आपके एहसास
फेसबुक

धीरे-धीरे लोहार की शोहरत चारों तरफ फैल गई। एक दिन शहर से एक बड़ा व्यापारी आया और लोहार से बोला, "मैं तुम्हें डेढ़ गुना दाम दूंगा, शर्त यह होगी कि भविष्य में तुम सारे हथौड़े केवल मेरे लिए ही बनाओगे। हथौड़ा बनाकर दूसरों को नहीं बेचोगे।"

लोहार ने इनकार कर दिया और कहा, "मुझे अपने इसी दाम में पूर्ण संतुष्टि है। अपनी मेहनत का मूल्य मैं खुद निर्धारित करना चाहता हूं। अपने फायदे के लिए मैं किसी दूसरे के शोषण का माध्यम नहीं बन सकता। आप मुझे जितने अधिक पैसे देंगे, उसका दोगुना गरीब खरीदारों से वसूलेंगे। मेरे लालच का बोझ गरीबों पर पड़ेगा, जबकि मैं चाहता हूं कि उन्हें मेरे कौशल का लाभ मिले। मैं आपका प्रस्ताव स्वीकार नहीं कर सकता।"

सेठ समझ गया कि सच्चाई और ईमानदारी महान शक्तियां हैं, जिस व्यक्ति में ये दोनों शक्तियां मौजूद हैं, उसे किसी प्रकार का प्रलोभन अपने सिद्धांतों से नहीं डिगा सकता।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



# वेदों का सिंहासन, सनातन की दिव्यता का ध्वजवाहक


बेंगलुरू एयरपोर्ट से पूर्वाह्न 11 बजे टैक्सी द्वारा हमने श्रृंगेरी की यात्रा आरंभ की। रास्ते में बेलूर में रुककर प्राचीन चेन्नाकेशव मंदिर में दर्शन के बाद हमारा अगला पड़ाव हिरेमगलूर था। यह जगह कोडंडाराम मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। इस मंदिर में श्रीराम, सीता, लक्ष्मण को विवाह जुलूस के रूप में दर्शाया गया है। आखिरकार 320 किमी की दूरी करीब आठ घंटे में तय करके शाम सात बजे हम श्रृंगेरी में थे। यह कर्नाटक के चिकमंगलूर जिला का एक तालुका है। श्रृंगेरी का इतिहास रामायण काल से भी पुराना है। महर्षि ऋष्यश्रृंग के निवास और कठोर तपस्या के कारण यह स्थान उनके नाम से जाना गया। ऋषि ऋष्यश्रृंग ने राजा दशरथ के लिए पुत्रकामेष्टि संस्कार संपन्न कराया था, जिसके बाद प्रभु श्रीराम और उनके भाइयों का जन्म हुआ। श्रृंगेरी की पवित्रता ने जगद्गुरु आदि शंकराचार्य को अपनी अद्भुत अंतर्दृष्टि से आकर्षित किया था। यहां उन्होंने सनातन धर्म की पवित्र परंपरा को बढ़ावा देने के लिए 12 शताब्दी से भी पहले चार आम्नाय पीठों में से प्रथम पीठ की स्थापना की थी। अद्वैत वेदांत के प्रसार हेतु संस्था की स्थापना के लिए पवित्र स्थान की खोज में श्रृंगेरी पहुंचने पर आदि शंकराचार्य ने पवित्र तुंगा नदी के तट पर एक अद्भुत दृश्य देखा, एक नाग प्रसव पीड़ा से कराह रहे एक मेढक को छाया प्रदान करने के लिए अपना फन फैलाकर उसे दोपहर की तपती धूप से बचा रहा था। प्राकृतिक प्रतिकूलताओं के बीच सामंजस्य स्थापित करने वाली यह घटना देखकर उन्हें लगा कि यह स्थान अवश्य ही पवित्र है। इसी के बाद पहले मठ की स्थापना के लिए उन्होंने श्रृंगेरी को चुना।

## शारदम्बा मंदिर व पीठम के बीच से बहती तुंग नदी

- श्रृंगेरी नगर का अस्तित्व शारदम्बा मंदिर एवं श्रृंगेरी शारदा पीठम से है जिनकी स्थापना आदि शंकराचार्य ने आठवीं शताब्दी में की थी। इन दोनों के मध्य से तुंग नदी बहती है। छोटे से श्रृंगेरी नगर में 40 से अधिक मंदिर हैं। लेकिन सबसे प्रसिद्ध शारदा शक्तिपीठम और विद्याशंकर मंदिर हैं। यहां हमने एक ऊंचे राज गोपुरम अथवा गोपुर से शारदम्बा मंदिर के भीतर प्रवेश किया। 2014 में निर्मित यह राज गोपुरम इस प्राचीन मंदिर के इतिहास में एक नवीन कड़ी है। शारदा देवी श्रृंगेरी की प्रमुख पीठासीन देवी हैं। कहा जाता है कि जब आदिशंकर कश्मीर में कुछ समय व्यतीत कर वापस आये थे, तब वे शारदा देवी को वहां से श्रृंगेरी लाये थे। मंदिर के भीतर शारदा देवी एक माला हाथ में लिए एक चक्र पर आरूढ़ हैं। शारदा देवी की मूल प्रतिमा चन्दन काष्ठ में बनी है। स्वर्ण में निर्मित वर्तमान प्रतिमा संत विद्यारण्य द्वारा 14वीं सदी में स्थापित की गयी थी।
- संत विद्यारण्य श्रृंगेरी मठ के बारहवें शंकराचार्य थे। विजयनगर साम्राज्य की स्थापना में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। शारदम्बा यहां देवी सरस्वती का प्रतिनिधित्व करती है। यहां देवी को मंडन मिश्र की पत्नी उभय भारती का अवतार भी मानते हैं। ये वही देवी भारती हैं जिनका आदि शंकराचार्य के साथ शास्त्रार्थ प्रसिद्ध है। लगभग 100 वर्ष पूर्व तक सम्पूर्ण मंदिर चंदन की लकड़ी का बना था। किन्तु एक अग्निकांड में जल गया था। अब जो मंदिर यहां है वह अग्निकांड के पश्चात द्रविड़ पद्धति से पुनर्निर्मित है।




श्रृंगेरी शारदा पीठम



## 12 राशियों के लिए 12 स्तंभ सूर्य की पड़ती पहली किरण

**मंडप के मध्य स्थित गोलाकार आकार की ग्रेनाइट शिला पर तिरछी रेखाएं उत्कीर्णित हैं। मंदिर का निर्माण करते समय इन रेखाओं का प्रयोग कर स्तंभों के सटीक स्थान की गणना की गयी होगी।**

पुरातत्व की दृष्टि से विद्याशंकर मंदिर श्रृंगेरी का सर्वाधिक आकर्षक मंदिर है। यहां कुल 12 स्तंभ हैं जो 12 राशियों के प्रतीक हैं। जब सूर्य एक राशि से दूसरी में प्रवेश करता है तब उसकी प्रथम किरणें उस राशि के प्रतीकात्मक स्तंभ पर गिरती हैं। मंडप के मध्य स्थित गोलाकार आकार की ग्रेनाइट शिला पर तिरछी रेखाएं उत्कीर्णित हैं। मंदिर का निर्माण करते समय इन रेखाओं का प्रयोग कर स्तंभों के सटीक स्थान की गणना की गयी होगी। गर्भगृह के भीतर काली शिला में एक बड़ा शिवलिंग है। इसे विद्याशंकर लिंग कहा जाता है। शिवलिंग के बाईं ओर विद्या गणपति की काले पत्थर की प्रतिमा है। दायीं ओर दुर्गा के रूप में देवी की प्रतिमा है। सूर्योदय की किरणें सीधे विद्याशंकर लिंग पर पड़ती हैं।



## विद्याशंकर मंदिर में 6 पंथों के भगवान की प्रतिमाएं

14वीं शताब्दी में जब हम्पी में विजयनगर साम्राज्य था, उस समय गुरु विद्याशंकर के लिए विद्याशंकर मंदिर बनवाया गया था। एक ऊंचे मंच पर स्थापित यह आयताकार मंदिर है। मंदिर की बाह्य भित्तियों पर उत्कीर्णित प्रतिमाएं आदि शंकराचार्य द्वारा परिभाषित 6 पंथों के भगवान की हैं। ये 6 पंथ हैं, शिव, विष्णु, षन्मुख, देवी, गणेश एवं सूर्य। आदि शंकराचार्य मंदिर, शारदम्बा मन्दिर के पीछे छोटा किन्तु सुन्दर मंदिर है। यह आदि शंकराचार्य को समर्पित है। मंदिर की बाहरी भित्तियों पर उनकी जीवनी पर आधारित मनमोहक चित्र हैं।

## चारों दिशाओं में स्थापित हैं मंदिर

आदि शंकराचार्य ने श्रृंगेरी की चार दिशाओं में चार छोटे मंदिरों की स्थापना की थी। पश्चिम में केरे आंजनेय मंदिर, पूर्व में काल भैरव, दक्षिण में दुर्गाम्बा तथा उत्तर में कालिकाम्बा मंदिर है। यहां शारदा पीठम के वर्तमान शंकराचार्य वंशावली में 36 वें क्रमांक पर आते हैं। श्रृंगेरी शारदा पीठम में अधिकतर पूर्व शंकराचार्यों की समाधियां हैं। गुरु निवास विशाल कक्ष है, जहां शंकराचार्य भक्तों को दर्शन देते हैं।

## कैसे पहुंचे

विमान से जाने पर मंगलुरू इंटरनेशनल एयरपोर्ट करीब 105 किमी दूर है। निकटतम रेलवे स्टेशन लगभग 80 किमी दूरी पर उडुपी है। चिकमंगलूर से सड़क मार्ग से दूरी 100 किमी है। बेंगलुरू, मैसूर और उडुपी से नियमित बस सेवाएं उपलब्ध हैं।



लेखक – अजय त्रिवेदी
उपनिदेशक, युवा कल्याण विभाग

# अंधेरों को मिल रही रोशनी यहां से

**कानपुर का कृष्णा नगर बना नेत्रदानियों की नगरी, मरणोपरांत 219 नेत्रदान से 438 लोगों की जिंदगी में हुआ उजाला**

देश के बंटवारे के बाद पाकिस्तान के डेरावल से आए पंजाबी बिरादरी के लोगों ने वर्ष 1948 में कानपुर में जीटी रोड के किनारे कृष्णा नगर नामक मोहल्ला बसाया था। आज इस इलाके की पहचान रक्तदान के बाद नेत्रदान नगरी के रूप में होती है। यहां के 219 लोगों द्वारा मरणोपरांत किए गए नेत्रदान से अंधता के शिकार 438 लोगों का जीवन रोशन हो चुका है। इस काम के सूत्रधार और प्रेरक पूर्व पार्षद मदन लाल भाटिया के अनुसार पूरे मोहल्ले में जीते-जीते रक्तदान, जाते-जाते नेत्रदान अब ध्येय वाक्य बन चुका है।

मदन लाल बताते हैं कि उत्साही और ऊर्जावान युवाओं को जोड़कर श्री नागर जी सेवादल संगठन बनाया। गरीब परिवारों की बेटियों की शादी कराने का बीड़ा उठाया। इसी दौरान एक ऐसी घटना हुई जिसने उद्देश्य ही बदल दिया। क्षेत्र के एक परिवार को सड़क हादसे के बाद बड़ी मात्रा में रक्त की आवश्यकता पड़ी। लेकिन कुछ परिवारों ने रक्त देने से इनकार कर दिया। तभी फैसला लिया कि रक्त की कमी से किसी जीवन की क्षति नहीं होने देनी है। मेडिकल कॉलेज एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की टीम बुलाकर इलाके के युवाओं एवं बेटियों के रक्त ग्रुप की जांच कराकर उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कुछ ही समय में रक्तदानियों की बड़ी टोली तैयार हो गई। इसके बाद नेत्रदान की प्रेरणा मिली। जब भी इलाके में किसी का देहांत होता तो उसके परिवार को मृतक का नेत्रदान कराने के लिए प्रेरित करना शुरू किया। कृष्णा नगर में पहला नेत्रदान वर्ष 2006 में बलदेव राज भाटिया की पत्नी सीता देवी का हुआ। उनके कॉर्निया से दो लोगों को रोशनी मिली। परिवार की सराहना हुई, फिर क्या था नेत्रदान संकल्प पत्र भरने के लिए लोग तेजी से आने लगे। पंजाबियों की परंपरा के अनुसार मरणोपरांत चौथे एवं उठाले की बैठक में नेत्रदाता परिवार को सम्मानित किया जाने लगा। अब तो नेत्रदान की सूचना मिलते ही मेडिकल कॉलेज की टीम आकर मृतक के दोनों कॉर्निया सुरक्षित करती है।



लेखक – मदन लाल भाटिया पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी



# 81 साल में भी कैनवास के कुशल चितेरे

कला जीवंत है। बचपन में मां से ऐसी प्रेरणा मिली कि जीवन को कला के लिए समर्पित कर दिया और आज भी बच्चों और बड़ों के जीवन में रंग भर रहे हैं, 1995-96 में राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत चित्रकार डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना। उनके शब्दों में बचपन में कला के प्रति सजगता देख मां बसंती देवी मुझसे जन्माष्टमी, करवाचौथ, भइया दूज, अहोई अष्टमी के चित्र दीवारों पर बनवाकर पूजा करती थीं। यहीं से कला में रुचि बढ़ी और पहली शिक्षिका मां बनीं। इसके बाद बड़े भाई चित्रकार सुरेन्द्र कुमार सक्सेना से कला की बारीकियां सीखीं। दीपिका चित्रकला केंद्र से कला की शिक्षा ग्रहण करने के बाद बरेली से लेकर नैनीताल, देहरादून तक कला के रंग बिखेरे। पेशेवर कला की शुरुआत गुरु जगदीश आर्य के साथ नैनीताल के माल रोड पर लोगों के स्केच बनाकर हुई। लीलावती पंत राजकीय इंटर कॉलेज, भीमताल में कला अध्यापक के बाद राजकीय इंटर कॉलेज गंगोलीहाट, (पिथौरागढ़) पहुंचा। ज्वालामुखी, हरिद्वार में राजकीय दीक्षा विद्यालय में शिक्षण कार्य के बाद बरेली के मनोहर भूषण इंटर कॉलेज आया तो प्रबंध समिति के लोगों ने मुझसे कहा, अपनी पेंटिंग दिखाओ। इस पर मैंने जवाब दिया, पेंटिंग तो किसी से बनवाकर ला सकता हूं। यहीं पर कुछ बनवा लीजिए। दो मिनट में स्केच बना दिया। कला अध्यापक के रूप में नियुक्ति होने पर ड्राइंग एवं पेंटिंग में एमए की डिग्री ली। इसके बाद अपने गुरु प्रो. रणवीर सक्सेना एवं डॉ. सरला रमण अध्यक्ष, चित्रकला विभाग डीएवी कॉलेज देहरादून के सानिध्य में हेमवती नंदा बहुगुणा विश्व विद्यालय से डाक्टरेट की उपाधि ली। 1974 में उप्र कला परिषद का गठन हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं को होनहार कलाकार बनाने के लिए बड़े स्तर पर प्रतियोगिता कराने पर तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी से सराहना मिली।



लेखक – डॉ महेंद्र कुमार सक्सेना

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 34 पोट्रेट की प्रदर्शनी :** वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनके जीवन के बाल्यकाल से लेकर अभी तक के पोट्रेट की सीरीज में 34 चित्र बनाए हैं, जिनकी प्रदर्शनी लगाने की तैयारी है।
- **स्केच बनाकर हर नेता से ऑटोग्राफ लिए :** इंदिरा गांधी, एचडी देवगौड़ा, राजनाथ सिंह, हेमवती नंदन बहुगुणा, कमलापति त्रिपाठी, केसी पंत, सुचेता कृपलानी, मोरार जी देसाई, वीरेंद्र सिंह, लक्ष्मी शंकर यादव, जगदीश शरण अग्रवाल, जग जीवन राम के स्केच बनाए और उनके ऑटोग्राफ भी लिए।
- **275 मीटर लंबी पेंटिंग पर मिला राष्ट्रपति पुरस्कार :** वर्ष 1994-95 में 14 दिन-रात परिश्रम करके 275 मीटर लंबी पेंटिंग बनाई। विषय था 'आजादी के बाद से अब तक शिक्षकों का इतिहास'। इस पेंटिंग पर 1995-96 में राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया।

# ... मेरी मां से मिला दो मुझे

**12 साल के बच्चे की पीड़ा भरी ममता की पुकार ने शीर्ष अदालत को अपना फैसला बदलने के लिए किया बाध्य**

**मां... मेरी मां... मुझे तुमको देखना है। मैं तुम्हारे पास आना चाहता हूं। तुम्हारे बिना मैं बहुत अकेला हूं, कभी-कभी डर जाता हूं। ...मां मुझे अपने पास बुला लो, मेरे आंसू पोंछ दो। मैं तुम्हारी गोद में सर रखकर सोना चाहता हूं, तुमसे लिपटना चाहता हूं। तुम नहीं हो तो, मैंने ड्राइंग की कॉपी में रंग भरना छोड़ दिया है। अक्सर गुस्सा हो जाता हूं। खाना भी नहीं खाता हूं। मेरा घर तो तेरी बाहें है...मां... दोनों हाथ फैलाकर बुला लो मां...**



12 साल के बच्चे की इस पीड़ा भरी ममता की पुकार ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को अपना फैसला बदलने के लिए बाध्य कर दिया। खुली अदालत में सुनवाई के बाद न्यायालय ने बच्चे को फिर से उसकी मां को सौंप दिया। मामला यह था कि केरल के एक दंपति ने साल 2011 में शादी की थी। वर्ष 2012 में उनको बेटा हुआ। लेकिन पति-पत्नी में अलगाव हो गया। कोर्ट ने बच्चे की कस्टडी मां को दे दी। बच्चे की मां ने साल 2016 में दूसरी शादी कर ली। उसके दूसरे पति के पहले से ही दो बच्चे थे। इसके बावजूद बच्चा अपनी मां के साथ खुश था। लेकिन बात तब बिगड़ी जब बच्चे के पहले पिता ने अदालत में उसकी कस्टडी की गुहार लगाई। बच्चे के पिता का कहना था कि उसे साल 2019 तक अपने बेटे के बारे में कुछ पता नहीं था। अचानक बच्चे की मां ने कुछ कागजातों के लिए उन्हें फोन किया। वह अपने दूसरे पति और बच्चों के साथ मलेशिया जाने वाली थी। लेकिन पिता को फैमिली कोर्ट से कोई मदद नहीं मिली। इस पर उसने हाई कोर्ट में अपील की। हाईकोर्ट ने बच्चे की कस्टडी पिता को सौंप दी। बच्चा अपने पिता के पास आ गया। मां ने इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई, लेकिन 11 माह पहले सुप्रीम कोर्ट ने केरल उच्च न्यायालय के बच्चे की कस्टडी मां से जैविक पिता को सौंपने का फैसला बरकरार रखा। इसके पीछे कोर्ट का मानना था कि विदेश जाने से बच्चे का स्थिर जीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा। उधर बच्चा अपने जैविक पिता के पास असहज और असमान्य परिस्थितियों का सामना कर रहा था। इसे देखते हुए मां ने सुप्रीम कोर्ट से फैसले की समीक्षा की मांग करते हुए कहा कि बच्चा अपने पिता को बहुत कम जानता है। वह कभी-कभार ही उससे मिले हैं। बच्चे पर न्यायालय के फैसले का गहरा असर पड़ा है। वह चिंता और भय में जी रहा है। मां ने क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर की मूल्यांकन रिपोर्टें भी सामने रखीं, जिनमें कहा गया था कि बच्चे को अपनी मां से दूर होने का डर है, इस कारण वह उदास और अनमना रहता है।

लेखक – प्रदीप तिवारी, एडवोकेट

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,306.85 | 24,870.10 |
| गिरावट | 693.86 | 213.65 |
| प्रतिशत में | 0.85 | 0.85 |

सोना 1,00,370 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,15,000 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, शनिवार, 23 अगस्त 2025
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2675, राज श्री 1840, फ़ॉर्चून कि. 2210, रविन्द्रा 2600, फॉर्चुन 13 किग्रा 1940, जय जवान 1945, सचिन 2025, सूरज 1945, अवसर 1885, उजाला 1910, गृहणी 13 किग्रा 1865, क्लासिक (किग्रा) 2065, मोर 2135, चक्र टिन 2420, ब्लू 2095, आशीर्वाद मस्टर्ड 2520, स्वास्तिक 2615

**किराना (प्रतिकु.) :** हल्दी निजामाबाद 14500, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000-17000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 400-600, मखाना 900-1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1-5 किग्रा) 10300, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 10000, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 12800-13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली, 7250-7700 मलका दाल, 7600-7900, मलका छोटी 7800, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 9000-10900, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 10300, उड़द धोवा इंदौर 13000, उड़द धोवा 10000-11000, चना काला 6950, दाल चना 7600, दाल चना मोटी 7850, मलका विदेशी 7400, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 6900, डबरा 7200-9200, सच्चा हीरा 9300, मोटा हीरा 11300, अरहर गोला मोटा 8500, अरहर पटका मोटा 8900, अरहर कोरा मोटा 9400, अरहर पटका छोटा 9800-10300, अरहर कोरी छोटी 10300

**चीनी :** डालमियां 4360, पीलीभीत 4300, सितारगंज 4280, धामपुर 4360

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5600, मसूरी- 4700, बासमती- 9400, परमल- 3700

**दाल दलहन :** काला चना- 7900, साबुत चना दाल- 7400, मूंग साबुत- 9400, राजमा- 12200-14000, दाल उड़द- 9200, साबुत मसूर दाल- 7500, मसूर दाल- 7200, उड़द साबुत- 8100, काबुली चना- 10500, अरहर दाल- 11300, लोबिया/करमानी- 9200

# शेयर बाजार की तेजी पर लगी रोक

## भारी बिकवाली से सेंसेक्स में 694 और निफ्टी में 214 अंक की गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**

एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी बिकवाली से शेयर बाजार छह कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद शुक्रवार को बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 694 अंक और निफ्टी में 214 अंक की गिरावट दर्ज की गई।

विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों की सतर्कता से भी धारणा पर असर पड़ा। निवेशकों का ध्यान जैक्सन हॉल संगोष्ठी में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के आगामी बयानों पर बना रहा। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 693.86 अंक गिरकर 81,306.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 708.94 अंक गिरा था। एनएसई का निफ्टी 213.65 अंक यानी 0.85 प्रतिशत गिरकर 24,870.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, आईटीसी, एचसीएल टेक, कोटक महिंद्रा बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक और टेक महिंद्रा के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सन फार्मा के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।



एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बिकवाली से छह दिन बाद बड़ी गिरावट

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि बाजार में कारोबार की शुरुआत से ही धारणा कमजोर रही और आगे चलकर इसमें और गिरावट आई। जेरोम पावेल के संबोधन से मिलने वाले संकेतों और वैश्विक व्यापार की नई चिंताओं ने निवेशक धारणा पर असर डाला। इसके साथ ही दोनों शेयर बाजारों में लगातार छह दिन से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। बीते छह कारोबारी सत्र में सेंसेक्स में 1,765 अंक यानी 2.14 प्रतिशत और निफ्टी में 596 अंक यानी 2.4% की तेजी आई थी। हालांकि, साप्ताहिक स्तर पर सेंसेक्स में कुल 709.19 अंक यानी 0.87% और निफ्टी में 238.8 अंक यानी 0.96% की तेजी रही। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा कि छह दिन तक बाजार में तेजी रहने के बाद सतर्कता का रुख देखा गया। इसके अलावा मुनाफावसूली हावी होने से भी बाजार में गिरावट रही। भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क 27 अगस्त से लागू होने जा रहा है जिससे बाजार पर दबाव बना है।

### मिड व स्मॉलकैप के साथ क्षेत्रवार सूचकांक भी गिरे

बीएसई पर सूचीबद्ध 2,316 कंपनियां गिरावट के साथ बंद हुईं जबकि 1,765 शेयरों में तेजी रही और 159 अन्य अपरिवर्तित रहीं। छोटी कंपनियों का सूचकांक बीएसई स्मॉलकैप 0.35 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 0.23 प्रतिशत के नुकसान में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड में 1.27 प्रतिशत, जिंस खंड में 1.08 प्रतिशत, बैंकिंग खंड में 1.06 प्रतिशत और वित्तीय सेवा खंड में 0.84 प्रतिशत की गिरावट रही। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट रही थी। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 1,246.51 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध रूप से खरीदारी की। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.24 प्रतिशत गिरकर 67.52 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 142.87 अंक चढ़कर 82,000.71 अंक और एनएसई निफ्टी 33.20 अंक बढ़कर 25,083.75 अंक पर रहा था।

**ऑनलाइन गेमिंग विधेयक**

# 'निषेध' संबंधी प्रावधान पहले लागू करेगी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईटी सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी और अधिसूचित होने के बाद सरकार अन्य धाराओं से पहले 'निषेध धाराओं' को लागू कर सकती है। उन्होंने कहा कि इस बीच कानून के अन्य प्रावधानों के लिए नियमों का मसौदा तैयार करने का काम भी शुरू हो चुका है।

कृष्णन ने कहा कि प्रस्तावित नियम ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम के प्रचार एवं विनियमन के लिए रूपरेखा प्रदान करेंगे। साथ ही ऑनलाइन गेमिंग विधेयक, 2025 के प्रचार एवं विनियमन में परिकल्पित नियामक प्राधिकरण का गठन भी करेंगे। संसद ने पैसे से खेले जाने वाले सभी खेलों पर प्रतिबंध लगाने और ई-स्पोर्ट्स एवं ऑनलाइन सोशल गेमिंग को बढ़ाने वाले विधेयक को गुरुवार को राज्यसभा में बिना किसी बहस के पारित कर दिया।

सरकार ने कहा कि 'ऑनलाइन मनी गेमिंग' गंभीर सामाजिक और जन स्वास्थ्य समस्या बन गई है, जिसका समाज पर स्पष्ट रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही, केंद्र सरकार ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को बढ़ावा देने पर बल दे रही है और भारत को खेल विकास के एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहती है।



आईटी सचिव बोले- कानून के अन्य प्रावधानों के लिए नियमों का मसौदा हो रहा है तैयार

राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय तेजी से कानून के कार्यान्वयन के लिए तैयारी कर रहा है। कृष्णन ने कहा, यह ऐसा कानून नहीं है जिसे हम ऐसी ही लागू रहने दे सकें। हम इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या प्रतिबंधों को अन्य धाराओं से पहले लागू करना संभव है, क्योंकि विधेयक में इस धारा के लिए कोई विशिष्ट नियम नहीं बनाए गए हैं।

### विंजो, नजारा ने पैसे वाली ऑनलाइन गेमिंग पेशकश बंद कीं

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग मंच विंजो और नजारा टेक्नोलॉजीज समर्थित मूनशाइन टेक्नोलॉजीज (पोकरबाजी) ने शुक्रवार को कहा कि संसद में पारित ऑनलाइन गेमिंग विधेयक 2025 के मद्देनजर उसने पैसे से खेले जाने वाले अपने ऑनलाइन गेमिंग परिचालन को निलंबित कर दिया है। ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 सभी 'रियल मनी' वाले खेलों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है। साथ ही ई-स्पोर्ट्स और नि:शुल्क सामाजिक खेलों के विकास को प्रोत्साहित करता है। यह गुरुवार को उच्च सदन में पारित हुआ है। नजारा टेक्नोलॉजीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी मूनशाइन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड जो पोकरबाजी का स्वामित्व एवं संचालन करती है उसने नए कानून के अनुरूप अपनी 'रियल मनी' की पेशकश को निलंबित कर दिया है।

# टोल संचालकों को फास्टैग वार्षिक पास से नुकसान पर 3 माह तक मिलेगा मुआवजा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

15 अगस्त से निजी गैर-व्यावसायिक वाहनों के लिए फास्टैग वार्षिक पास शुरू होने से उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह में अंतर के लिए राजमार्ग टोल प्लाजा संचालकों को एनएचएआई से तीन महीने तक मुआवज़ा मिलेगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने कहा कि वार्षिक पास के कार्यान्वयन में, उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह एजेंसियों के लिए समान मुआवज़ा तंत्र अपनाने का निर्णय लिया गया है। एनएचएआई ने वित्त वर्ष 2024-25 में 72,931 करोड़ रुपये टोल से एकत्र किए।

इस सरकारी एजेंसी ने कहा कि यह व्यवस्था मौजूदा अनुबंधों के साथ-साथ अगले तीन महीनों में आमंत्रित बोलियों के लिए भी लागू होगी। तीन महीने बाद, यानी जब प्रत्येक टोल प्लाजा पर वार्षिक पास उपयोग की जानकारी उपलब्ध होगी, बोलीदाताओं को बोली दस्तावेज़ में इन वार्षिक पास के आंकड़ों के बारे में सूचित किया जाएगा और उन्हें वार्षिक पास के लिए उचित रूप से बोली लगाने के लिए कहा जाएगा और उसके बाद कोई मुआवजा नहीं दिया जाएगा।





राजमार्ग टोल प्लाजा संचालकों को होने वाले नुकसान की भरपाई करेगा एनएचएआई

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.4 अरब डॉलर बढ़कर 695.10 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 15 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 1.48 अरब डॉलर बढ़कर 695.10 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.74 अरब डॉलर बढ़कर 693.61 अरब डॉलर पर था।

शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 15 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.92 अरब डॉलर बढ़कर 585.90 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 49.3 करोड़ डॉलर घटकर 85.66 अरब डॉलर रहा। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.78 अरब डॉलर हो गया।

# आरबीआई के निदेशक मंडल ने वैश्विक घरेलू आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की

**लखनऊ, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को भू-राजनीतिक स्थिति और वित्तीय बाजार की चुनौतियों समेत वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की। आरबीआई ने कहा कि गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में केंद्रीय निदेशक मंडल की 618वीं बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आरबीआई के कुछ केंद्रीय कार्यालय विभागों, निदेशक मंडल की समितियों एवं लोकपाल योजना के कामकाज की समीक्षा की गई। निदेशक मंडल ने कार्यकारी निदेशक इंद्रनील भट्टाचार्य को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का पदेन सदस्य नामित करने को मंजूरी दी। बैठक में डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव, टी. रबी शंकर, स्वामीनाथन जे और पूनम गुप्ता ने शिरकत की। निदेशक मंडल में शामिल अन्य निदेशक एम नागराजू (सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग), अनुराधा ठाकुर (सचिव, आर्थिक मामलों का विभाग), सतीश के. मराठे, रेवती अय्यर, सचिन चतुर्वेदी, आनंद गोपाल महिंद्रा, पंकज रमणभाई पटेल और रविंद्र एच. ढोलकिया भी इस बैठक में मौजूद रहे।





## राष्ट्रीय

# किसानों के हितों से समझौता नहीं करेगा भारत

## कोच्चि में अमेरिका के भारतीय वस्तुओं पर नए शुल्क लगाने पर केंद्रीय गृह मंत्री शाह बोले

**कोच्चि, एजेंसी**

अमेरिका के भारतीय वस्तुओं पर नए शुल्क लगाए जाने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत, अमेरिका के साथ किसी भी व्यापार समझौते में अपने किसानों या व्यापक राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। शाह ने कोच्चि में एक कार्यक्रम में कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कर दिया कि कोई व्यापार समझौता देश हित से ऊपर नहीं होगा।

गृह मंत्री ने कहा, किसानों के हितों को खतरे में नहीं डाला जाएगा। हम जो कुछ भी करेंगे, उसमें राष्ट्र हित सर्वोपरि होगा। शाह का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका ने भारत पर रूसी तेल की खरीद जारी रखने पर भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने का ऐलान किया है। इससे वस्त्र, समुद्री उत्पाद और चमड़ा निर्यात जैसे क्षेत्रों पर असर पड़ने की आशंका है। शाह ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था एक दशक में 11वीं अर्थव्यवस्था से छलांग लगाकर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। उन्होंने इसकी तुलना पिछली कांग्रेस सरकार से की, जिस पर उन्होंने अर्थव्यवस्था को पटरी से उताने का आरोप लगाया। शाह ने कहा, जब तक हम शिखर तक नहीं पहुंचते और भारत का निर्माण नहीं करते, किसी को आराम करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने केरल की सत्तारूढ़ वामपंथी पार्टी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राज्य देश के बाकी हिस्सों के साथ तालमेल बिठाने में नाकाम रहा है। केरल में अपार अवसर हैं, लेकिन कम्युनिस्ट विचारधारा से आई स्थिरता ने इसके विकास को रोक दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मतदाता बदलाव लाएंगे। अमेरिका के साथ बढ़ते व्यापारिक तनाव के बावजूद, शाह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का ध्यान स्थिरता, शांति और विकास पर बना हुआ है।



केरल की सत्तारूढ़ वामपंथी पार्टी पर भी शाह ने निशाना साधा

### रेड्डी पर नक्सलवाद के समर्थन का लगाया आरोप

**कोच्चि।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नीत गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार न्यायमूर्ति बी. सुदर्शन रेड्डी पर नक्सलवाद का 'समर्थन' करने का आरोप लगाया और कहा कि अगर उन्होंने सलवा जुडूम पर फैसला नहीं सुनाया होता, तो माओवाद 2020 से पहले ही समाप्त हो गया होता। शाह ने कहा कि कांग्रेस द्वारा उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार चुने जाने से केरल में पार्टी की जीत की संभावना और कम हो गई है। शाह ने सलवा जुडूम पर 2011 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा, सुदर्शन रेड्डी वही व्यक्ति हैं जिन्होंने नक्सलवाद की मदद की। उन्होंने सलवा जुडूम पर फैसला सुनाया। अगर सलवा जुडूम पर फैसला नहीं सुनाया गया होता, तो नक्सली आतंकवाद 2020 तक खत्म हो गया होता। वह वही व्यक्ति हैं जो सलवा जुडूम पर फैसला देने वाली विचारधारा से प्रेरित थे। दिसंबर 2011 में, न्यायमूर्ति रेड्डी ने फैसला सुनाया था कि माओवादी विद्रोहियों के खिलाफ लड़ाई में आदिवासी युवाओं को विशेष पुलिस के रूप में इस्तेमाल करना - चाहे उन्हें 'कोया कमांडो' कहा जाए, सलवा जुडूम कहा जाए - गैरकानूनी और असंवैधानिक है। उन्होंने यह आदेश भी दिया था इनसे तुरंत हथियार लिए जाएं। शाह ने कहा कि केरल ने नक्सलवाद का दंश झेला है। गृह मंत्री ने कहा, केरल के लोग निश्चित रूप से देखेंगे कि कांग्रेस, वामपंथी दलों के दबाव में, एक ऐसे उम्मीदवार को मैदान में उतार रही है, जिसने नक्सलवाद का समर्थन किया और सुप्रीम कोर्ट जैसे पवित्र मंच का इस्तेमाल किया। सत्तारूढ़ राजग ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना है, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की पृष्ठभूमि वाले तमिलनाडु के एक वरिष्ठ भाजपा नेता हैं।

### स्टालिन को संविधान संशोधन विधेयक को 'काला विधेयक' कहने का कोई अधिकार नहीं : शाह

**तिरुनेलवेली (तमिलनाडु)।** अमित शाह ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर निशाना साधते हुए कहा कि स्टालिन को 130वें संविधान संशोधन विधेयक को काला विधेयक कहने का अधिकार नहीं है, क्योंकि उन्होंने स्वयं काले कारनामे किए हैं। द्रमुक सबसे भ्रष्ट सरकार का नेतृत्व कर रही है, जबकि प्रधानमंत्री तमिल ग्रंथ तिरुक्कुरल में आदर्श शासक के लिए वर्णित निर्देश अनुसार सरकार चला रहे हैं।

## नौकरी में अपनी श्रेणी बदल सकेंगी महिला ट्रैक मेंटेनर

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के छह मंडलों में कार्यरत महिला 'ट्रैक मेंटेनर' अब अपने संबंधित मंडल/यूनिट में अपनी नौकरी बदल सकती हैं, क्योंकि संबंधित प्राधिकारियों ने कुछ शर्तों के साथ इस एक बार के विकल्प को मंजूरी दे दी है। नौकरी परिवर्तन का आदेश जम्मू, फिरोजपुर, अंबाला, दिल्ली, मुरादाबाद और लखनऊ जैसे रेल मंडल में कार्यरत महिला 'ट्रैक मेंटेनर' (रेल पटरियों की दैनिक जांच, मरम्मत और रखरखाव कर्मी) पर लागू होगा।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा हाल ही में जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि यह निर्णय लिया गया है कि उत्तर रेलवे की सभी पात्र महिला 'ट्रैक मेंटेनर' को शर्तों के अधीन किसी अन्य श्रेणी को चुनने का एक बार विकल्प दिया जा सकता है। नॉर्दर्न रेलवेमेन्स यूनियन पिछले कई महीनों से रेल प्रशासन के साथ इस मुद्दे को उठा रहा था और उसके लगातार प्रयासों के बाद, उत्तर रेलवे ने इस एकमुश्त प्रस्ताव पर सहमति जताई।

# एमआरपी से अधिक वसूल रहे रेस्तरां, सेवा शुल्क क्यों ले रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को रेस्तरां एसोसिएशन से पूछा कि जब आप पहले ही अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक शुल्क वसूल रहे हैं, तो फिर आप सेवा शुल्क क्यों ले रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने होटल और रेस्तरां संघों के वकील से पूछा, जिन्होंने एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ याचिका दाखिल की थी।

मार्च में हाईकोर्ट के एकल न्यायाधीश ने कहा था कि रेस्तरां भोजन के बिल पर 'छिपे हुए और जबरन तरीके' से अनिवार्य रूप से सेवा शुल्क नहीं लगा सकते, क्योंकि यह जनहित के विरुद्ध है। खंडपीठ ने शुक्रवार को कहा कि रेस्तरां आगंतुकों से तीन घटकों के तहत शुल्क ले रहे हैं, जिसमें खाद्य वस्तुएं, वातावरण और खाना परोसना है। आप अपने रेस्तरां में आने वाले व्यक्ति को मिलने वाले अनुभव के लिए एमआरपी से अधिक शुल्क वसूल रहे हैं, और दी गई सेवा के लिए शुल्क ले रहे हैं... क्या किसी विशेष प्रकार के लिए माहौल प्रदान करने में आपकी सेवाएं शामिल नहीं होंगी? यह हमारी समझ से परे है। इस सेवा शुल्क में यह भी शामिल होना चाहिए। पीठ ने होटल और रेस्तरां संघों के वकील से एक उदाहरण के माध्यम से पूछा कि जब रेस्तरां 20 रुपये की पानी की बोतल के लिए 100 रुपये ले रहे हैं, तो ग्राहक को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए अतिरिक्त शुल्क क्यों देना होगा।



रेस्तरां एसोसिएशन से दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूछे सवाल

# वक्फ के अनिवार्य पंजीकरण पर तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने 'उम्मीद' पोर्टल के तहत 'वक्फ बाई यूजर' समेत सभी वक्फ संपत्तियों के अनिवार्य पंजीकरण को चुनौती देने वाली अंतरिम याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। केंद्र ने 6 जून को वक्फ संपत्तियों की जियो-टैगिंग के बाद एक डिजिटल सूची बनाने के लिए एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 (उम्मीद) केंद्रीय पोर्टल शुरू किया था।

इस पोर्टल पर सभी पंजीकृत वक्फ संपत्तियों का विवरण छह महीने में अपलोड किया जाना है। 22 मई को प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने वक्फ मामले में तीन प्रमुख मुद्दों पर अंतरिम आदेश सुरक्षित रखा था। इनमें से एक मुद्दा वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 में निर्धारित अदालतों द्वारा वक्फ, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति से संबंधित है।



उम्मीद पोर्टल के तहत वक्फ बाई यूजर समेत वक्फ संपत्तियों के पंजीयन की चुनौती पर सुनवाई

### उच्च न्यायालयों को अपने न्यायिक अधिकारियों के लिए माता-पिता की तरह कार्य करना चाहिए

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट को महिला न्यायिक अधिकारी को राहत देने का निर्देश देते हुए शुक्रवार को कहा कि उच्च न्यायालयों को अपने न्यायिक अधिकारियों के लिए 'माता-पिता' की तरह कार्य करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने झारखंड हाईकोर्ट से कहा कि वह एकल अभिभावक महिला न्यायिक अधिकारी को हजारीबाग में ही रहने दे या उनके बेटे की 12वीं कक्षा की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए बोकारो स्थानांतरित कर दे। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने अतिरिक्त जिला न्यायाधीश की याचिका पर संज्ञान लेते हुए यह टिप्पणी की।

### शिक्षकों को सम्मानजनक पारिश्रमिक न देने से ज्ञान का महत्व घट जाता है : उच्चतम न्यायालय

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि शिक्षकों को सम्मानजनक पारिश्रमिक नहीं देने से ज्ञान का महत्व घट जाता है और बौद्धिक पूंजी निर्माण का दायित्व जिनको सौंपा है, उनकी प्रेरणा कमतर हो जाती है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जे बागची की पीठ ने निर्देश दिया कि गुजरात में संविदा पर नियुक्त सहायक प्राध्यापक स्वीकार्य न्यूनतम वेतनमान के हकदार होंगे। पीठ ने गुजरात हाईकोर्ट के दो निर्णयों के खिलाफ अपना फैसला सुनाया।

## संसद भवन की दीवार फांदने की कोशिश, युवक को पकड़ा

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सुबह संसद भवन की दीवार फांद रहे 20 साल के एक युवक को सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के भदोही निवासी रामकुमार बिंद के रूप में हुई है जो गुजरात के सूरत में एक कारखाने में काम करता है और मानसिक रूप से ठीक नहीं लगता है। सीआईएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग 5: 50 बजे एक व्यक्ति संसद भवन के पास पहुंचा और दीवार फांदने की कोशिश की। पुलिस उपायुक्त देवेश महला ने कहा कि आईबी और दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा समेत कई केंद्रीय एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं।

# शिवकुमार ने विस में आरएसएस का गीत गाकर सबको चौंकाया

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने विधानसभा में चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ पर चर्चा के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की प्रार्थना की कुछ पंक्तियां गाकर सबको चौंका दिया। आरसीबी की जीत के बाद हुए कार्यक्रम के दौरान भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

शिवकुमार को उस समय आरएसएस की प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे की कुछ पंक्तियां गाते देखा गया, जब भाजपा विधायक उन पर भगदड़ के दौरान उकसाने का आरोप लगा रहे थे। इस पर शिवकुमार ने कहा, मैं कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) का सदस्य हूं और केएससीए सचिव समेत संस्था के लोग मेरे मित्र हैं। मैं बेंगलुरु का प्रभारी मंत्री हूं। मैं 4 जून को हवाई अड्डे और स्टेडियम गया था। ऐसी घटनाएं दूसरे राज्यों में भी हुई हैं। भाजपा के विरोध पर शिवकुमार ने 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे......' गाना शुरू कर दिया।



चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ को लेकर विस में हुई चर्चा

## ओडिशा : सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा करेंगे स्कूली छात्र

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के स्कूल एवं जन शिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड ने शुक्रवार को घोषणा की कि स्कूली छात्रों को सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा करने की अनुमति 'मुख्यमंत्री बस सेवा' योजना के तहत दी जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए छात्रों को यूनिफॉर्म पहननी और पहचान पत्र साथ रखना होगा।

मंत्री ने बताया कि कक्षा एक से दसवीं तक के छात्रों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकें दी जाएंगी। ओडिशा सरकार ने एनईपी-2020 के अनुरूप माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (बीएसई) और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीएचएसई) को विलय करने का फैसला किया है।

# फर्जी सीबीआई गिरोह का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार, 1.25 करोड़ बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली के विवेक विहार इलाके में व्यापारी से 2.5 करोड़ ठगे थे

दिल्ली के विवेक विहार इलाके में सीबीआई अधिकारी बनकर एक व्यापारी से 2.5 करोड़ रुपये से अधिक लूटने के आरोप में एक महिला और एक एनजीओ के निदेशक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने साकेत मेट्रो स्टेशन के पास सैदुलाजाब स्थित एनजीओ के कार्यालय पर छापा मारा और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

इनकी पहचान क्राइम ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन नामक एनजीओ के सचिव, असम निवासी पापोरी बरुआ (30) और तुगलकाबाद निवासी दीपक (32) के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि बाद में एनजीओ के निदेशक राम सिंह मीणा (62) को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) प्रशांत गौतम ने बताया कि गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी मनप्रीत सिंह से 20 अगस्त को एक शिकायत मिली थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि एक महिला सहित चार लोगों ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का अधिकारी बनकर विवेक विहार में उनके कार्यालय से नकदी ले ली।

शिकायतकर्ता वित्त व संपत्ति का कारोबार करता है। उसने पुलिस को बताया कि उसने अपने कार्यालय में 2.5 करोड़ नकद रखे थे। 19 अगस्त को उसने अपने सहयोगी रविशंकर को कार्यालय से 1.1 करोड़ रुपये लेकर अपने घर लाने को कहा। अधिकारी ने कहा, जब रवि नकदी लेकर कार्यालय से बाहर आए तो चार लोगों ने उन्हें रोका और दावा किया कि वे सीबीआई से हैं। उन्होंने वॉकी-टॉकी और नकली पहचान पत्र दिखाए। उन्होंने बैग छीन लिया, कार्यालय में घुस गए, कर्मचारी को धमकाया और बाकी नकदी लूट ली। आरोपियों ने दोनों व्यक्तियों को जबरन अपनी कार में बिठा लिया, उन्हें अलग-अलग स्थानों पर ले गए और धमकी देने के बाद उन्हें छोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि 1.25 करोड़ की नकदी बरामद की गई है, जिसमें बरुआ से 1.08 करोड़ रुपये और दीपक से 17.5 लाख रुपये शामिल हैं।

## उठा-पटक के बीच ऐसे निर्धारित होती हैं कच्चे तेल की कीमतें

कच्चा तेल एक महत्वपूर्ण ऊर्जा स्रोत है, जिसका उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाता है। इसकी कीमतें वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीति पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती हैं। यह तेल एक प्रकार का तरल जीवाश्म ईंधन है, जो पृथ्वी के भीतर जमा हुआ होता है। यह प्राकृतिक रूप से मिलने वाला एक महत्वपूर्ण ऊर्जा स्रोत है, जिसका उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाता है। हल्का कच्चा तेल अधिक मूल्यवान होता है, क्योंकि इसमें अधिक मात्रा में पेट्रोल और अन्य हल्के उत्पाद होते हैं। वहीं, भारी कच्चा तेल कम मूल्यवान होता है, क्योंकि इसमें अधिक मात्रा में भारी उत्पाद होते हैं जिन्हें प्रसंस्करण की आवश्यकता होती है। कच्चे तेल से पेट्रोल, डीजल, और अन्य ईंधन उत्पाद बनाए जाते हैं। इसका उपयोग बिजली उत्पादन में भी होता है।




### भारत के लिए महत्व

- **आयात पर निर्भरता :** भारत अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव का देश की अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ता है।
- **रूस से आयात :** भारत ने रूस से कच्चा तेल आयात बढ़ाया है, जिससे देश को सस्ते दाम पर तेल मिल रहा है। रूस ने भारत को 5% डिस्काउंट पर कच्चा तेल देने का फैसला किया है।

### भारत पर आर्थिक प्रभाव

- कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से महंगाई बढ़ सकती है, जिससे आम आदमी की जेब पर असर पड़ सकता है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ने से परिवहन लागत बढ़ जाती है, जिससे सब्जियों, अनाज और फलों की कीमतें भी बढ़ जाती हैं।
- कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से भारत का चालू खाता घाटा बढ़ सकता है, जो देश की आर्थिक स्थिरता के लिए खतरनाक हो सकता है। एक अनुमान के अनुसार, कच्चे तेल की औसत कीमतों में 25% की वृद्धि से भारत के चालू खाते के घाटे में सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में 30 आधार अंकों की वृद्धि हो सकती है।

### वैश्विक स्तर पर मूल्य निर्धारण

- **वैश्विक मांग और आपूर्ति :** कच्चे तेल की मांग और आपूर्ति के बीच का संतुलन कीमतों को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि मांग अधिक है और आपूर्ति कम है, तो कीमतें बढ़ जाती हैं।
- **ओपेक (पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन) :** ओपेक के सदस्य देशों द्वारा उत्पादन स्तर को नियंत्रित करने से कीमतों पर प्रभाव पड़ता है। यदि ओपेक उत्पादन कम करता है, तो कीमतें बढ़ सकती हैं।
- **वैश्विक आर्थिक स्थिति :** वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति भी कच्चे तेल की कीमतों को प्रभावित करती है। यदि अर्थव्यवस्था मजबूत है, तो मांग बढ़ सकती है और कीमतें बढ़ सकती हैं।
- **जियो पॉलिटिकल टेंशन :** मध्य पूर्व जैसे क्षेत्रों में तनाव या संघर्ष से आपूर्ति बाधित हो सकती है और कीमतें बढ़ सकती हैं।
- **अमेरिकी डॉलर की कीमत :** कच्चे तेल की कीमतें आमतौर पर अमेरिकी डॉलर में निर्धारित की जाती हैं। यदि डॉलर की कीमत कम होती है, तो कच्चे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं।
- **मौसमी बदलाव :** मौसम की स्थिति भी कच्चे तेल की मांग को प्रभावित कर सकती है, जैसे कि गर्मियों में अधिक मांग और सर्दियों में कम मांग।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका ने बंद किया ट्रक चालकों के लिए श्रमिक वीजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि उनका देश वाणिज्यिक ट्रक चालकों के लिए श्रमिक वीजा जारी करना बंद कर रहा है। रुबियो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस कदम की घोषणा करते हुए कहा कि यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। उन्होंने कहा, अमेरिकी सड़कों पर बड़े ट्रैक्टर-ट्रेलर चलाने वाले विदेशी चालकों की बढ़ती संख्या अमेरिकी नागरिकों की जान को खतरे में डाल रही है और अमेरिकी ट्रक चालकों की आजीविका को नुकसान पहुंचा रही है।

### बोको हराम के वरिष्ठ नेता मार गिराया

**डाकार (सेनेगल)।** नाइजर की सेना ने कहा है कि पश्चिम अफ्रीका में हजारों लोगों की हत्या करने वाले बोको हराम जेहादी समूह के एक वरिष्ठ नेता को लक्षित हवाई हमले में मार गिराया गया है। सेना ने सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित अपने बयान में दावा किया कि इब्राहिम बाकौरा 15 अगस्त को लेक चाड क्षेत्र में हुए हमले में मारा गया। इसने कहा कि हमले में दर्जनों आतंकवादी और बोको हराम के वरिष्ठ नेता मारे गए।

### इमरान के दो भांजे दंगों के मामले में गिरफ्तार

**लाहौर।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के दो भांजों को पाकिस्तान की पंजाब पुलिस ने नौ मई, 2023 को हुए दंगों में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया है। शाहरेज खान और शेरशाह खान दंगों में संलिप्तत थे। शाहरेज को लाहौर स्थित उनके घर पर और शेरशाह को घर जाते समय गिरफ्तार किया गया।

# यूएसएड ने भारत में मतदान के लिए नहीं दिए 2.1 करोड़ डॉलर

## अमेरिकी दूतावास ने ट्रंप की खोली पोल, विदेश मंत्रालय ने संसद में दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने अपने लिखित जवाब में दी जानकारी
- 2014 से 2024 तक न तो वित्तपोषण लिया, न ही प्रदान किया

विदेश मंत्रालय ने संसद में कहा कि अमेरिकी दूतावास ने जानकारी दी है कि यूएसएड/भारत ने वित्त वर्ष 2014 से 2024 तक भारत में मतदान प्रतिशत के लिए 2.1 करोड़ डॉलर का न तो वित्तपोषण लिया, न ही प्रदान किया, न ही इसने भारत में मतदान प्रतिशत से संबंधित कोई कार्य संपन्न किया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को माकपा के राज्यसभा सदस्य जॉन ब्रिटास के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह बात कही।

ब्रिटास ने भारतीय चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएड) के धन के उपयोग का दावा करने वाली रिपोर्ट पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई की स्थिति के बारे में सवाल किया था। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने अपने लिखित जवाब में कहा, 28 फरवरी को विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास से अनुरोध किया कि वह पिछले दस साल में भारत में यूएसएड द्वारा सहायता प्राप्त/वित्त पोषित सभी परियोजनाओं (भारत सरकार के साथ सात साझेदारी करारों के तहत क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं को छोड़कर) पर किए गए व्यय का विवरण तत्काल प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा, दो जुलाई को, अमेरिकी दूतावास द्वारा आंकड़े साझा किए गए, जिसमें उनके अनुसार 2014 से 2024 तक भारत में यूएसएड द्वारा किए गए वित्तपोषण में कार्यान्वयन भागीदारों, उद्देश्यों और प्रत्येक गतिविधि की प्रमुख उपलब्धियों का विवरण शामिल है।

सिंह के अनुसार दूतावास ने उल्लेख किया कि यूएसएड/भारत ने वित्तीय वर्ष 2014 से 2024 तक भारत में मतदान प्रतिशत के लिए 2.1 करोड़ डॉलर का वित्तपोषण प्राप्त अथवा प्रदान नहीं किया, न ही इसने भारत में मतदान प्रतिशत से संबंधित कोई कार्य संपन्न किया है। उन्होंने कहा कि 29 जुलाई को अमेरिकी दूतावास ने विदेश मंत्रालय को सूचित किया कि वह 15 अगस्त 2025 तक यूएसएड के सभी कार्यों को बंद करने की योजना बना रहा है। 11 अगस्त 2025 को, नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने आर्थिक मामलों के विभाग को प्रेषित पत्र में अवगत कराया कि भारत सरकार के साथ हस्ताक्षरित सभी सात साझेदारी करार 15 अगस्त 2025 से समाप्त हो जाएंगे।



### भारतीय राजदूत ने अमेरिकी सांसदों से व्यापारपर की चर्चा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका और भारत के बीच टैरिफ (शुल्क) को लेकर तनाव के बीच भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने शुक्रवार को अमेरिकी सांसदों के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंध और ऊर्जा सुरक्षा पर चर्चा की। भारतीय राजदूत ने सीनेटर बिल हेगर्टी से मुलाकात की और उन्हें भारत-अमेरिका साझेदारी के लिए निरंतर और मजबूत समर्थन को लेकर धन्यवाद दिया। क्वात्रा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंधों के लिए जारी द्विपक्षीय चर्चाओं के बारे में उन्हें जानकारी दी। इससे पहले, क्वात्रा ने राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी और साइबर उपसमिति, हाउस इंटेलिजेंस कमेटी के सदस्य जोश गोटैमर से मुलाकात की और तेल और गैस में दोतरफा व्यापार तथा पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंधों पर चर्चा की। तेल और गैस के दोतरफा व्यापार और संतुलित, निष्पक्ष और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापारिक संबंधों सहित द्विपक्षीय ऊर्जा सहयोग में नवीनतम प्रगति से जुड़ी जानकारी साझा की।

### धर्म और आस्था से जुड़ी मान्यताओं पर पक्ष नहीं लेता भारत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि उसने दलाई लामा की संस्था के बारे में 14वें दलाई लामा द्वारा जुलाई में जारी बयान को देखा है। इसके साथ ही उसने रेखांकित किया कि भारत सरकार आस्था एवं धार्मिक मान्यताओं से जुड़े मामलों पर कोई पक्ष नहीं रखती है। विदेश राज्य मंत्री कीर्तवर्धन सिंह ने एक सवाल के लिखित जवाब में गुरुवार को राज्यसभा को यह जानकारी दी। उनसे सवाल किया गया था, क्या यह सच है कि सरकार ने दलाई लामा के अपने उत्तराधिकार पर स्वयं निर्णय लेने के अधिकार का सार्वजनिक रूप से समर्थन किया है? इसके जवाब में विदेश राज्य मंत्री सिंह ने कहा, सरकार ने दलाई लामा की संस्था के संबंध में 14वें दलाई लामा द्वारा दो जुलाई 2025 को जारी वक्तव्य देखा है। भारत सरकार आस्था एवं धार्मिक मान्यताओं और परिपाटियों से जुड़े मामलों पर कोई पक्ष नहीं रखती है।

# फिर भारत से गिड़गिड़ाया पाकिस्तान लंबित मुद्दों पर बातचीत के लिए तैयार

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

- उपप्रधानमंत्री इशाक डार ने कहा- कश्मीर सहित सभी लंबित मुद्दों पर बातचीत चाहता है पाकिस्तान

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश कश्मीर और अन्य सभी लंबित मुद्दों पर भारत के साथ व्यापक बातचीत के लिए तैयार है। डार ने इस्लामाबाद में संसद के बाहर पत्रकारों से कहा, बातचीत, जब भी होगी, सिर्फ कश्मीर पर ही नहीं, बल्कि सभी मुद्दों पर होगी। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही पाकिस्तान के साथ बातचीत करेगा। डार उप-प्रधानमंत्री भी हैं।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने शुरू से ही स्पष्ट कर दिया था कि भारत के साथ बातचीत किसी एक-सूत्री एजेंडा पर नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने किसी मध्यस्थता का अनुरोध नहीं किया था, बल्कि एक तटस्थ स्थान पर बैठक की पेशकश की गई थी। उन्होंने दावा किया, हमें किसी तटस्थ स्थान पर साथ बैठने के लिए कहा गया था और मैंने कहा कि अगर ऐसा है, तो हम मिलने को तैयार हैं। डार ने कहा कि उन्हें भारत के साथ संघर्षविराम के लिए अमेरिका से एक फोन आया था। उन्होंने कहा, मुझे अमेरिका से संघर्षविराम के लिए एक फोन कॉल आया था। मैंने स्पष्ट कर दिया था कि पाकिस्तान युद्ध नहीं चाहता। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में सात मई की सुबह 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकवादी ढांचों पर हमले किए। भारतीय कार्रवाई के बाद, पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। भारतीय सेना ने कई पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों पर भीषण जवाबी हमला किया। चार दिन के बाद भारत और पाकिस्तान 10 मई को संघर्ष समाप्त करने के लिए एक समझौते पर पहुंचे।

डार ने कहा कि भारत के साथ संघर्षविराम समझौता कायम है। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री की पाकिस्तान यात्रा अभी तक निर्धारित नहीं हुई है।



## थाईलैंड के पूर्व पीएम मानहानि मामले में बरी

**बैंकॉक।** थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा को शुक्रवार को एक अदालत ने राजशाही की मानहानि के मामले में बरी कर दिया। दोषी पाए जाने पर उन्हें 15 साल तक की कैद की सजा हो सकती थी। थाकसिन (76) मुस्कुराते हुए अदालत कक्ष से बाहर निकले। पत्रकारों के पूछने पर उन्होंने बस इतना कहा, (मामला) खारिज। उनके वकील विन्यात चैटमोंट्री ने भी फैसले की पुष्टि की।

# कोलंबिया में कार बम विस्फोट व हेलीकॉप्टर हमले में 17 की मौत



बम विस्फोट के बाद बचाव कार्य में जुटे पुलिसकर्मी।

**बोगोटा, एजेंसी**

- राष्ट्रपति पेट्रो ने दोनों घटनाओं के लिए रेवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज के बागियों को जिम्मेदार ठहराया
- कोका पत्ती की फसलों को नष्ट करने के लिए कर्मियों को लेकर जा रहा था हेलीकॉटर

कोलंबिया में एक कार में बम विस्फोट होने और एक पुलिस हेलीकॉप्टर पर हमले में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई है। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने बृहस्पतिवार को हुई दोनों घटनाओं के लिए कोलंबिया के रेवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज के बागियों को जिम्मेदार ठहराया है, जिन्हें आमतौर पर एफएआरसी के नाम से जाना जाता है।

प्राधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर हमले में कम से कम 12 पुलिस अधिकारी मारे गए। उन्होंने बताया कि विमान उत्तरी कोलंबिया के एंटिओक्विया क्षेत्र में कोका पत्ती की फसलों को नष्ट करने के लिए कर्मियों को लेकर जा रहा था। कोका पत्ती कोकीन के लिए कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल होती है। एंटिओक्विया के गवर्नर ने कहा कि कोका पत्ती की फसलों के ऊपर से उड़ते समय एक ड्रोन ने हेलीकॉप्टर पर हमला किया। कोलंबिया के रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी से संकेत मिलता है कि हमले से विमान में आग लग गई। इस बीच, दक्षिण-पश्चिमी शहर कैली के अधिकारियों ने बताया कि विस्फोटकों से भरे एक वाहन में एक सैन्य विमानन स्कूल के पास विस्फोट हो गया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए।

# श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे गिरफ्तार

**कोलंबो, एजेंसी**



- 2023 में लंदन की निजी यात्रा का खर्च सरकारी कोष पर डालने का आरोप

श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि 76 वर्षीय विक्रमसिंघे को सीआईडी मुख्यालय से गिरफ्तार किया गया, जहां उन्हें सरकारी धन के कथित दुरुपयोग की जांच के संबंध में बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था।

उन पर सितंबर 2023 में अपनी पत्नी मैत्री के एक दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए इंग्लैंड की यात्रा करने के वास्ते सार्वजनिक धन का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। ऐसा आरोप है कि विक्रमसिंघे एक आधिकारिक कार्यक्रम के बाद अमेरिका से लौट रहे थे और अपनी पत्नी के एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सरकारी खर्च पर ब्रिटेन गए थे। सीआईडी ने यात्रा पर खर्चे के बारे में पहले उनके कर्मचारियों से भी पूछताछ की थी।

## पीएम मोदी 29 से 1 सितंबर तक जापान व चीन की यात्रा पर रहेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 अगस्त को जापान और चीन की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह घोषणा की। अपनी यात्रा के पहले चरण में मोदी जापान की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे।

जापान से, प्रधानमंत्री चीन की यात्रा करेंगे जहां वह मुख्यतः शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री की दोनों एशियाई देशों की यात्रा की घोषणा चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा के कुछ ही दिनों बाद हुई है।

# पूर्व अमेरिकी एनएसए के घर एफबीआई की रेड भारत पर टैरिफ को लेकर ट्रंप पर की थी टिप्पणी

**वाशिंगटन, एजेंसी**



- ट्रंप के पिछले कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे जॉन बोल्टन

अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने गोपनीय दस्तावेज रखने संबंधी जांच के तहत पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जॉन बोल्टन के मैरीलैंड स्थित आवास की तलाशी ली है। बोल्टन ने राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल में एनएसए के रूप में कार्य किया था, लेकिन बाद में वह ट्रंप के आलोचक बन गए। उन्होंने भारत पर टैरिफ को लेकर टिप्पणी की थी।

बोल्टन को हिरासत में नहीं लिया गया है और उन पर किसी भी अपराध का आरोप नहीं लगाया गया है। बोल्टन और व्हाइट हाउस के प्रवक्ता से मामले में कोई जवाब नहीं मिला। बोल्टन का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने भी फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की। न्याय विभाग ने भी कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन नेताओं ने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में बोल्टन के आवास की तलाशी का उल्लेख किया। एफबीआई निदेशक काश पटेल ने कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है, एजेंट मिशन पर हैं। पटेल ने 2023 में लिखी अपनी एक किताब में बोल्टन को डीप स्टेट की कार्यकारी शाखा के सदस्यों की सूची में शामिल किया था। अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने पटेल का पोस्ट साझा करते हुए लिखा, अमेरिका की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। न्याय की रक्षा की जाएगी, हमेशा। बोल्टन के आवास की तलाशी ऐसे समय में ली गई है जब ट्रंप प्रशासन ने राष्ट्रपति के अन्य कथित आलोचकों की गतिविधियों की जांच करने के लिए कदम उठाए हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 अगस्त, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अमवस्या तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष** — आज परिवार के साथ कहीं घूमने का विचार बना सकते हैं। सूझबूझ के माध्यम से आप अपने कार्य पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। प्रेम संबंधों को विवाह के लिए पारिवारिक सहमति मिल सकती है। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा।

**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। नकारात्मक विचार आपके काम की गुणवत्ता को प्रभावित करेंगे। मार्केटिंग संबंधी कार्यों में सफलता मिलने में कठिनाई होगी। घर में मित्रगण और रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा।

**मिथुन** — आज आपका आत्मविश्वास आपको सभी कार्यों में सफलता प्रदान करेगा। अधिकारी वर्ग के साथ मित्रता बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का साथ मिलेगा। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। व्यवसाय को लेकर बड़ी डील करने के लिए दिन शुभ है।

**कर्क** — आज मानसिक रूप से आप मजबूत रहेंगे। विवाहेतर संबंधों से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सर्दी के कारण आपको गले में दर्द की समस्या हो सकती है। स्वार्थी व्यवहार के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए अत्यंत शुभ है। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी। घर की जरूरतों के लिए खरीदारी कर सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाही न बरतें।

**कन्या** — आज आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। अपने खानपान को संयमित रखें। राजनीतिक विषयों पर आपको अनावश्यक टिप्पणी करने से बचना चाहिए। मन में अनैतिक कार्यों के प्रति रुचि जागृत होगी। वरिष्ठ लोगों की सलाह आपके लिए लाभकारी रहने वाली है।

**तुला** — आज नई नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी। मन में आत्मसन्तुष्टि का भाव रहेगा। यात्रा से आपको लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक जीवन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी की सफलता मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक** — आज अटके हुए कार्यों को आप शुरू करने का प्रयास कर सकते हैं। राजनीति और सामाजिक गतिविधियों में आप भाग लेंगे। मैन्यूफैक्चरिंग सम्बन्धी व्यवसाय में धन लाभ मिलेगा। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**धनु** — आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। पिता की सलाह लेने से आपको अत्यधिक लाभ मिलेगा। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। धैर्य के साथ आप अपने काम को लेकर उत्साहित भी रहेंगे। पति-पत्नी के बीच संबंध मधुर होंगे। विदेश यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**मकर** — आज अपने व्यवहार को संयमित रखें। छोटी सी बात को लेकर परेशानी होगी। छात्रों का मन पढ़ाई से विचलित हो सकता है। तला-भुना भोजन करने से आपको बचना चाहिए। मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कुंभ** — आज व्यवसाय में बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। कानूनी मामलों में विजय मिलेगी। अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे। कला जगत से जुड़े लोगों के लिए दिन जबरदस्त है। समाज में उच्च पद प्राप्त होगा। जॉब में इच्छितं परिणाम मिलेंगे।

**मीन** — आज उच्च अधिकारियों की मदद मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। भावनात्मक रूप से आप मजबूत रहेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। दोस्तों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मघा 24 अगस्त 12.54, तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

## सुडोकू -77

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | | | 1 | | |
| | 5 | | 9 | 4 | | | 6 | 8 |
| 6 | | | | | 3 | 9 | | |
| 3 | 2 | | 7 | | | 6 | | 4 |
| | | 4 | | 2 | | | 5 | |
| 1 | | 9 | | | 6 | 8 | | 3 |
| | 1 | | 8 | | 4 | | | |
| | 9 | 6 | | | | 5 | | 7 |
| | | | 5 | | | 4 | | |

### सुडोकू - 76 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 |
| 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 1 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |



> एशिया कप के लिए भारत की टी20 अंतर्राष्ट्रीय टीम में श्रेयस अय्यर को जगह नहीं मिलना दिखाता है कि इस देश में प्रतिभावान खिलाड़ियों के विकल्प में कोई कमी नहीं है। आपको अपनी टीम में विकल्पों को लेकर काफी सहज होना पड़ेगा। -रॉस टेलर


# स्टेडियम

लखनऊ, शनिवार, 23 अगस्त 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### हसन की बांग्लादेश टीम में वापसी

**ढाका** : बांग्लादेश के चयनकर्ताओं ने शुक्रवार को विकेटकीपर-बल्लेबाज नुरुल हसन को आगामी एशिया कप के लिए अपनी 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया है जिसमें लिटन दास टीम की कमान संभालेंगे। इकतीस वर्षीय हसन ने आखिरी बार तीन साल पहले ऑस्ट्रेलिया में 2022 में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था। टीम इस प्रकार है : लिटन दास (कप्तान), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदय, जेकर अली अनिक, शमीम हुसैन, काजी नुरुल हसन सोहन, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, शैफ उद्दीन।

### विकल्प की अधिकता के कारण अय्यर बाहर

**नई दिल्ली** : न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर ने शुक्रवार को यहां कहा कि एशिया कप के लिए भारत की टी20 अंतर्राष्ट्रीय टीम में श्रेयस अय्यर को जगह नहीं मिलना दिखाता है कि इस देश में प्रतिभावान खिलाड़ियों के विकल्प में कोई कमी नहीं है। अय्यर ने घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। टेलर कहा मैंने अभी तक टीम नहीं देखी है, इसलिए कुछ कह नहीं सकता। जब आप इस तरह के बेहतरीन खिलाड़ी को बाहर रख सकते हैं, तो आपको अपनी टीम में विकल्पों को लेकर काफी सहज होना पड़ेगा।

### एशिया कप में भारत नहीं आएंगे सोहेल

**नई दिल्ली** : पाकिस्तान के हॉकी खिलाड़ी व मलेशियाई पुरुष हॉकी टीम के ड्रैग फ्लिक कोच सोहेल अब्बास अगले सप्ताह बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप में टीम के साथ नहीं आएंगे। हालांकि उन्होंने कहा कि इसका पाकिस्तानी टीम के भारत में नहीं खेलने से कोई सरोकार नहीं है। एशिया कप पुरुष हॉकी टूर्नामेंट राजगीर में 29 अगस्त से सात सितंबर तक खेला जाएगा जो अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका भी होगा।

### प्रो कबड्डी लीग के प्रारूप में बदलाव

**मुंबई** : प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) ने 29 अगस्त से शुरू होने वाले 12वें सत्र के लिए शुक्रवार को प्रारूप में बदलाव की घोषणा की ताकि कड़ी प्रतिस्पर्धा के साथ खेल प्रेमियों को और अधिक रोमांच देखने को मिले। आगामी सत्र विशाखापत्तनम, जयपुर, चेन्नई और दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इसमें 108 मैच का रोमांचक लीग चरण होगा जिसमें प्रत्येक टीम 18 मैच खेलेगी। इस प्रारूप से पूरे लीग चरण में टीमों को कड़ी चुनौतियों का सामना करना होगा जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी जबकि प्रशंसकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

### भारत ने सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप जीती

**थिम्पू** : भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने शुक्रवार को यहां प्रत्येक हाफ में एक-एक गोल कर बांग्लादेश को 2-0 से हराकर सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा जिसमें पर्ल फर्नांडिस (14वें मिनट) और बोनिफिलिया शुलाई (76वें मिनट) ने गोल किए। इससे भारतीय टीम ने दो जीत से छह अंक से ग्रुप में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया।

### सृष्टि और प्रिया ने जीते रजत पदक

**समोकोव (बुल्गारिया)** : भारतीय महिला पहलवान सृष्टि और प्रिया ने अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपने-अपने भार वर्ग में रजत पदक जीते हैं। आज यहां सृष्टि को 68 किलोग्राम भार वर्ग में खिताबी मुकाबले में जापान की कोशिनो रे से 0-7 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जबकि 76 किलोग्राम भार वर्ग में प्रिया को यूक्रेन की सोपोलोवस्का नादिया 0-4 से हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा भारत की काजल 72 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में जापान की यूकी लियो से भिड़ेगी। एक दिन पहले तपस्या ने महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग के फाइनल में नॉर्वे की फेलिसिटास डोमजेवा को 5-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

# बेंगलुरु से छिन गई महिला विश्व कप मैचों की मेजबानी

## नवी मुंबई के डीवाई पाटिल में खेले जाएंगे बेंगलुरु वाले मुकाबले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अगले महीने शुरू होने वाले महिला एक दिवसीय विश्व कप के बेंगलुरु में होने वाले मैच अब नवी मुंबई में खेले जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अप्रत्याशित परिस्थितियों का हवाला देते हुए शुक्रवार को यह घोषणा की। यह निर्णय बेंगलुरु स्थित एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के आवश्यक प्रशासनिक और सुरक्षा मंजूरी प्राप्त करने में विफल रहने के बाद लिया गया। इस कारण चिन्नास्वामी स्टेडियम 30 सितंबर से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के मैचों की मेजबानी के लिए अयोग्य हो गया है।



बेंगलुरु स्थित एम चिन्नास्वामी स्टेडियम। एजेंसी

नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्टेडियम अब टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच, सेमीफाइनल और संभवतः दो नवंबर को होने वाले फाइनल सहित पांच मैचों की मेजबानी करेगा। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने बयान में कहा हालांकि अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण हमें कार्यक्रम में बदलाव करते एक स्थान बदलना पड़ा, लेकिन अब हमें खुशी है कि हमारे पास पांच विश्वस्तरीय स्थान हैं, जहां महिला क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ मैच देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा मंच तैयार है और मुझे विश्वास है कि यह टूर्नामेंट कल्पनाओं को नए पंख लगाएगा और प्रशंसकों की नई पीढ़ी को प्रेरित करेगा। बेंगलुरु को महिला वनडे विश्व कप के आयोजन स्थलों से बाहर करने का निर्णय चार जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आईपीएल जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के बाद लिया गया है, जिसमें 11 प्रशंसकों की जान चली गई थी। इस घटना के बाद से स्टेडियम में कोई मैच नहीं हुआ है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) को विश्व कप के लिए आवश्यक सुरक्षा मंजूरी प्राप्त करने का निर्देश दिया। लेकिन वह मंजूरी हासिल नहीं कर पाया जिसके कारण उसे विश्व कप के मैचों की मेजबानी से हाथ धोना पड़ा। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट के अन्य स्थानों में गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो शामिल हैं। कोलंबो भारत-पाकिस्तान मुकाबले के लिए तटस्थ स्थल है, क्योंकि दोनों देशों ने बहुपक्षीय प्रतियोगिताओं के लिए भी एक-दूसरे का दौरा न करने का निर्णय लिया है।

इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बनी सहमति के अनुसार, 2027 तक आईसीसी प्रतियोगिताओं में भारत-पाकिस्तान के सभी मैच तटस्थ स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे।




### इंदौर पहुंची महिला विश्व कप ट्रॉफी

**इंदौर (मध्यप्रदेश)** : भारत का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर आगामी महिला विश्व कप स्पर्धा के पांच मुकाबलों की मेजबानी करेगा और इसके लिए शहर के होलकर स्टेडियम में बुनियादी ढांचे को करीब 15 करोड़ रुपये के खर्च से मजबूत किया जा रहा है। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के एक पदाधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक दिवसीय मुकाबलों के प्रारूप वाला महिला विश्व कप 30 सितंबर से शुरू होने वाला है। इस स्पर्धा की उल्टी गिनती शुरू होने के बीच विश्व कप ट्रॉफी को होलकर स्टेडियम लाकर प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर एमपीसीए के पदाधिकारियों के साथ ही महिला क्रिकेट की पूर्व और वर्तमान खिलाड़ी मौजूद थीं। एमपीसीए के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सीएओ) रोहित पंडित ने संवाददाताओं को बताया कि होलकर स्टेडियम में अक्टूबर के दौरान महिला विश्व कप के पांच मुकाबले खेले जाएंगे जिनमें 19 अक्टूबर को मेजबान भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली भिड़ंत शामिल है।

# गौहर ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- स्पिनर गौहर सुल्ताना ने इंस्टाग्राम पर की घोषणा

भारतीय महिला टीम की बाएं हाथ की स्पिनर गौहर सुल्ताना ने गुरुवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया और कहा कि खेल के शीर्ष स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 2008 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।

सुल्ताना ने भारत की तरफ से 50 एकदिवसीय और 37 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार अप्रैल 2014 में देश का प्रतिनिधित्व किया था। वह इस बीच हालांकि घरेलू क्रिकेट में खेलती रही तथा उन्होंने 2024 और 2025 में महिला प्रीमियर लीग में यूपी वारियर्स का प्रतिनिधित्व किया था। सुल्ताना ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर संन्यास की घोषणा की। उन्होंने कहा हर विकेट, मैदान में हर डाइव, टीम के साथियों के साथ हडल (मैदान पर घेरा बनाना) ने मुझे एक क्रिकेटर और एक व्यक्ति के रूप में निखारने में मदद की। सुल्ताना ने एकदिवसीय मैचों में 19.39 की औसत से 66 विकेट और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 26.27 की औसत से 29 विकेट लिए। उन्होंने 2009 और 2013 में दो एकदिवसीय विश्व कप खेले और 11 मैचों में 12 विकेट लिए। सुल्ताना ने 2009 से 2014 तक तीन टी-20 विश्व कप में भी हिस्सा लिया और सात विकेट हासिल किए। सुल्ताना वर्तमान में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की लेवल दो कोच हैं।



गौहर सुल्ताना। एजेंसी

> विश्व कप और विभिन्न दौरों में शीर्ष स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। इनमें मेरे कौशल व जज्बे की भी परीक्षा हुई। -गौहर सुल्ताना

# नायडू की जगह जूनियर चयन समिति के अध्यक्ष बनेंगे शरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- बीसीसीआई ने चयनकर्ताओं के लिए आवेदन मंगाए

तमिलनाडु के पूर्व बल्लेबाज एस शरत भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सीनियर से जूनियर चयन समिति में जाने के लिए तैयार हैं, जिसमें वह अध्यक्ष तिलक नायडू की जगह लेंगे। बोर्ड ने विभिन्न समितियों में खाली होने वाले पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। मौजूदा पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजीत अगरकर हैं और इसमें एसएस दास, सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा और शरत शामिल हैं। चयन समिति ने हाल में अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए टीम चुनी है।

कर्नाटक के पूर्व विकेटकीपर नायडू तीन साल से भी कम समय से इस पद पर थे। उनके अपना पद छोड़ने की उम्मीद है क्योंकि बीसीसीआई जूनियर चयन समिति में एक पद की तलाश कर रहा है। समिति के अन्य सदस्य कृष्ण मोहन, रणदेव बोस, पथिक पटेल और एचएस सोढ़ी हैं।

बीसीसीआई ने शुक्रवार को पांच सदस्यीय सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चयन समिति में दो पदों के साथ-साथ महिला पैनल में चार पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। चयनकर्ता पद के लिए पात्रता मानदंडों में पिछले कुछ वर्षों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

आवेदकों को कम से कम सात टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेलने चाहिए। इसके अलावा कम से कम 10 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले उम्मीदवारों के नाम पर भी विचार किया जा सकता है। यह बदलाव एक व्यापक फेरबदल का हिस्सा है जिसमें कम से कम एक और चयनकर्ता (बनर्जी या दास) को बदले जाने की संभावना है।

बनर्जी और दास दोनों ने अपना तीन साल का कार्यकाल भी पूरा नहीं किया है। क्रिकेट जगत में उनके संभावित इस्तीफे की अटकलें लगाई जा रही हैं। जूनियर चयन समिति में कार्यकाल पूरा होने से पहले ही बदलाव क्यों किए जा रहे, यह अभी स्पष्ट नहीं है। बीसीसीआई के गलियारों से जुड़े लोगों के अनुसार यह समझा जाता है कि अध्यक्ष के रूप में नायडू का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

शरत पहले जूनियर चयन समिति में काम कर चुके हैं। उन्होंने युवा प्रतिभाओं की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और अब वह वापसी के लिए तैयार हैं।

## एशिया कप जीत सकता है भारत

**नई दिल्ली** : भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि सूर्यकुमार यादव के निर्भिक नेतृत्व में मौजूदा टी20 अंतर्राष्ट्रीय टीम आगामी एशिया कप जीत सकती है। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाएगा।

सहवाग ने आगामी टूर्नामेंट के प्रसारणकर्ता सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के रग रग में भारत अभियान के मौके पर कहा इस भारतीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का सही मिश्रण है। और सूर्यकुमार के निर्भिक नेतृत्व में टीम एक बार फिर एशिया में अपना दबदबा बना सकती है। उनकी आक्रामक मानसिकता टी20 प्रारूप के लिए बिल्कुल उपयुक्त है।




भारत ए टीम की बल्लेबाज राघवी बिष्ट शॉट लगाती हुईं। एजेंसी

# वलारिवान ने जीता स्वर्ण पदक

**एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप**

**शिमकेंट (कजाकिस्तान), एजेंसी**

भारतीय निशानेबाज एलावेनिल वलारिवान ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां 16वीं एशियाई चैंपियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

तमिलनाडु की इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में 253.6 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने विश्व कप में कई स्वर्ण पदक जीते हैं और इसके अलावा विश्व चैंपियनशिप में भी शीर्ष स्थान हासिल किया है। यह उनका एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले उन्होंने 2019 में ताइवान में स्वर्ण पदक जीता था। चीन की शिनलू पेंग ने 253 अंक के साथ रजत पदक जबकि कोरिया की यूंजी क्वोन (231.2) ने कांस्य पदक जीता। अभय सिंह (65) और गनेमत शेखों (73) ने स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में क्वालीफिकेशन में 138 अंक हासिल किए। कांस्य पदक मुकाबले में कुवैत के अब्दुल्ला अलराशिदी और अफराह अलमोहम्मद से भिड़े। भारतीय टीम 48 शॉट की टीम स्पर्धा में 39-37 से विजयी रही और भारत को एक और सीनियर पदक मिला। वलारिवान का मौजूदा प्रतियोगिता में पहला व्यक्तिगत पदक है। इससे पहले टीम स्पर्धाओं में रजत व कांस्य पदक जीता था।



### भारत के लिए है दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण

- एलावेनिल वलारिवान का पदक वर्तमान प्रतियोगिता में भारत के लिए दूसरा सीनियर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है, जहां देश अपने जूनियर निशानेबाजों के मजबूत प्रदर्शन की बदौलत तालिका में शीर्ष पर है। अनंतजीत सिंह नरुका ने पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में भारत को पहला सीनियर स्वर्ण पदक दिलाया था। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। इस बीच भारत के जूनियर निशानेबाजों ने अपना दबदबा बनाए रखा। चीन ने रजत पदक हासिल किया।

## बिष्ट ने कराई भारत ए की मजबूत वापसी

**ब्रिस्बेन, एजेंसी**

- ऑस्ट्रेलिया ए ने 158 रन पर गंवाए पांच विकेट

मध्यक्रम की बल्लेबाज राघवी बिष्ट ने 93 रन की जुझारू पारी खेली जबकि निचले क्रम की बल्लेबाज वीजे जोशीथा (51) ने अंत में शानदार अर्धशतक जड़ा जिससे भारत ए ने शुक्रवार को यहां एकमात्र महिला अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहली पारी में 299 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। इसके बाद भारत ए ने दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ए के 158 रन तक पांच विकेट झटक लिए थे।

भारत ए की टीम बारिश से प्रभावित पहले दिन पांच विकेट पर 93 रन बनाकर मुश्किल में थी। लेकिन बिष्ट ने बीती रात के 26 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए राधा यादव (33 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 64 रन की भागीदारी निभाई। इसके बाद उन्होंने मीनू मणि (28 रन) के साथ 75 रन की साझेदारी कर भारत को मुश्किल से निकाला। पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ शानदार बल्लेबाजी करने वाली बिष्ट ने 153 गेंद की अपनी पारी में 16 चौके लगाए, लेकिन शतक से महज सात रन से चूक गईं। मध्यम गति की गेंदबाज मैटलन ब्राउन ने 63वें ओवर में उन्हें बोल्ड कर दिया। मणि को भी जल्द ही ब्राउन ने बोल्ड कर दिया। लेकिन जोशीथा और टिटास साधु (23) ने हार नहीं मानी और नौवें विकेट के लिए 75 रन की अहम साझेदारी करके भारत ए को 300 रन के करीब पहुंचा दिया। ऑफ स्पिनर लिली मिल्स ने जोशीथा को बोल्ड किया। उन्होंने 72 गेंद की पारी में सात बार गेंद सीमारेखा के पार कराई।

# नॉर्थईस्ट के खिलाफ डायमंड हार्बर की नजरें इतिहास रचने पर

**कोलकाता, एजेंसी**

- डूरंड कप का आज शाम होगा खिताबी मुकाबला

जाइंट किलर डायमंड हार्बर एफसी की नजरें पदार्पण वर्ष में डूरंड कप खिताब जीतने वाली पहली टीम बनने पर लगी होंगी, लेकिन इसके लिए उसे शनिवार को फाइनल में नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी जैसे धुरंधर को हराना होगा।



इस साल का खिताबी मुकाबला इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि दोनों टीमों के पास इतिहास रचने का मौका है। नॉर्थईस्ट युनाइटेड अगर जीतती है तो यह उसका लगातार दूसरा डूरंड कप खिताब होगा और पिछले 34 साल में कोई टीम ऐसा करने में कामयाब नहीं हुई हो। पिछली बार ईस्ट बंगाल ने 1989, 1990 और 1991 में जीत की हैट्रिक लगाई थी। वहीं पहली बार डूरंड कप खेल रही डायमंड हार्बर अगर जीतती है तो आधुनिक दौर में पदार्पण के साथ एशिया की सबसे पुरानी फुटबॉल ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन जायेगी। नॉर्थईस्ट के मुख्य कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने कहा डायमंड हार्बर ने खिताब की प्रबल दावेदार ईस्ट बंगाल को हराया है। मुझे नहीं लगता कि हमारा पलड़ा भारी है। यह फाइनल है और इसमें कोई फेवरिट नहीं होता।

### चैंपियन को मिलेंगे रिकॉर्ड 1.21 करोड़

- **कोलकाता** : डूरंड कप के मौजूदा 134 वें सत्र के चैंपियन को 1.21 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी जो एशिया के इस सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट के 137 साल के इतिहास में विजेता टीम के लिए सबसे बड़ी राशि है। डूरंड कप आयोजन समिति ने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल की पूर्व संध्या पर इसकी घोषणा की। डीसीओसी ने इस साल की शुरुआत में पुरस्कार राशि में 250 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी। पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 1.2 करोड़ रुपये थी।

**नई चुनौती** | विश्व बैडमिंटन महासंघ ने कहा-निर्माता आपूर्ति पर ध्यान दे

# शटलकॉक की कमी से संकट जैसी स्थिति नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के महासचिव थॉमस लुंड ने कहा कि शटलकॉक की मौजूदा कमी अभी संकट के स्तर तक नहीं पहुंची है, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि निर्माताओं को आपूर्ति श्रृंखला की समस्याओं को हल करने के साथ दुनिया भर के खिलाड़ियों के लिए उन्नत सिंथेटिक विकल्पों की शुरुआत में तेजी लानी चाहिए। चीन में कच्चे माल की भारी कमी के कारण पिछले एक साल में पंख वाले शटलकॉक की कीमत दोगुनी से भी अधिक हो गई हैं।



फ्रांस की समाचार पत्र एल'इक्विप में हाल ही में प्रकाशित एक लेख में इस संकट के लिए चीन में खान-पान की बदलती आदतों को जिम्मेदार ठहराया गया है। जहां बत्तख और हंस के मांस की अपेक्षा सूअर के मांस को प्राथमिकता दिए जाने के कारण इन पक्षियों का पालन कम कर दिया है। बैडमिंटन की विश्व भर में बढ़ती लोकप्रियता भी इसका एक और कारण माना जा रहा है। लुंड ने ई-मेल के जरिए पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा हमें वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों और पंख वाले शटलकॉक की कीमतों में वृद्धि के बारे में पता है जिसका असर दुनिया भर के बैडमिंटन समुदायों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा हम स्वाभाविक रूप से इस स्थिति से चिंतित हैं, लेकिन बड़े निर्माताओं के साथ हमारी बातचीत और स्थिति के उनके आकलन के आधार पर हमें नहीं लगता कि यह अभी संकट के स्तर पर है।

इस दबाव ने भारत के शीर्ष हितधारकों को यह स्वीकार करने के लिए मजबूर कर दिया है कि खेल अब केवल हंस और बत्तख के पंखों पर निर्भर नहीं रह सकता। मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद की इस स्थिति से चिंतित है। बीडब्ल्यूएफ ने सिंथेटिक शटलकॉक के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए आपूर्ति श्रृंखला की समस्या को सुलझाने की जिम्मेदारी निर्माताओं की है।

### सिंथेटिक शटलकॉक पर चल रहा काम

- बीडब्ल्यूएफ के महासचिव थॉमस लुंड ने कहा बीडब्ल्यूएफ भविष्य की स्थिरता और खिलाड़ियों की आने वाली पीढ़ियों के लिए दीर्घकालीन हल सुनिश्चित करने के लिए सिंथेटिक शटलकॉक में निवेश और विकास के लिए शत प्रतिशत प्रतिबद्ध है। हम पिछले 10 वर्षों से इस परियोजना के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा शटलकॉक उत्पादकों पर इन आपूर्ति श्रृंखला चुनौतियों का समाधान करने और अधिक उन्नत सिंथेटिक विकल्पों को तेजी से विकसित करने की जिम्मेदारी होनी चाहिए।